RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16
मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net
वर्ष 33 ■ अंक 293 ■ मुंबई, गुरुवार 15 मई 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00
संरक्षक : आरएन सिंह


मोदी ने दुनिया को दिया भारत का संदेश
पेज-4


भारत ने पाक के हौसले किए पस्त : योगी
पेज-6


पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल
पेज-9



'जय हनुमान' प्रस्तुत करेंगे भूषण कुमार
पेज-10

Short News एक नजर

### पंजाब में जहरीली शराब से अब तक 23 की मौत

**अमृतसर।** पंजाब में जहरीली शराब से 23 लोगों की मौत के बाद पंजाब पुलिस ने दिल्ली से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अमृतसर के मजीठा सब डिवीजन के तीन गांवों में जहरीली शराब ने कहर बरपा दिया। अमृतसर ग्रामीण पुलिस अब जहरीली शराब की आपूर्ति करने वाले लोगों की गिरफ्तारी में जुटी है। रविंद्र जैन और ऋषभ जैन को दिल्ली के मॉडल टाउन से पकड़ा गया है।



### पाकिस्तान ने मानी ऑपरेशन सिंदूर में तबाही की बात

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमलों के जवाब में भारत ने जो ताबड़तोड़ एयरस्ट्राइक्स की थीं, उससे हुए भारी नुकसान को पाकिस्तान भी दबी जुबान स्वीकार कर रहा है। अब पाकिस्तान की सरकार ने अपने सभी प्रांतों को आदेश दिया है कि वे भारत के हवाई हमलों में हुए नुकसान का आकलन करें। इस संबंध में पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, सिंध और बलूचिस्तान को रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। इसके अलावा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान से भी रिपोर्ट मांगी गई है। इस रिपोर्ट से पाकिस्तान सरकार यह नतीजा निकालेगी कि आखिर कितना नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री सचिवालय की तरफ से सभी राज्यों को ऐसा आदेश मिला है।

### भारतवंशी अनीता आनंद कनाडा की विदेश मंत्री बनीं

**ओटावा।** भारतीय मूल की अनीता आनंद को कनाडा का नया विदेश मंत्री बनाया गया है। उन्होंने मंगलवार को पद की शपथ ली। कनाडा में 28 अप्रैल को आम चुनाव के लिए वोटिंग हुई थी। इसमें लिबरल पार्टी और प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने जीत हासिल की। इस चुनाव में भारतीय मूल के 22 उम्मीदवार ने जीत दर्ज की। अनीता के अलावा भी मार्क कार्नी की कैबिनेट में 3 भारतवंशी शामिल हैं। इनमें शामिल मनिंदर सिंधू को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री बनाया गया है। सिंधू इससे पहले विदेश मंत्री रह चुके हैं। वे 2019 से लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं।



### अग्निवीर योजना लाने वाले अजय कुमार बने UPSC चेयरमैन

**नई दिल्ली।** UPSC यानी यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन ने पूर्व रक्षा सचिव अजय कुमार को नया चेयरमैन नियुक्त किया है। वो अक्टूबर 2027 तक इस पद पर बने रहेंगे। मंगलवार 14 मई को इसका नोटिफिकेशन जारी किया गया। इनसे पहले प्रीति सूदन UPSC की चेयरमैन थीं, जिनका कार्यकाल 29 अप्रैल को खत्म हुआ है।

# चीन-तुर्किये के हथियार फेल

## पाकिस्तान पस्त : ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत का ऑपरेशन सिंदूर बेहद कामयाब रहा। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये जहां पाकिस्तान में पनाह पाए आतंकियों को सबक सिखाया गया, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को भी करारा जवाब दिया गया। भारत की सैन्य कार्रवाई का जवाब देने के लिए जब पाकिस्तान ने अपने मित्र चीन और तुर्किये के हथियारों का सहारा लिया तो भारत के सामने सारे हथियार नाकाम हो गए। पीआईबी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। इसके मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर में भारत की वायु रक्षा प्रणालियों ने शानदार प्रदर्शन किया। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सैन्य अभियानों में तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर बन गया। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह कार्रवाई सटीक और रणनीतिक रूप से की थी।




### चीन के एयर डिफेंस सिस्टम को कर दिया जाम

पीआईबी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान को चीन से मिले एयर डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त कर दिया। महज 23 मिनट में मिशन पूरा करके भारत ने तकनीकी बढ़त भी हासिल की। इस मिशन के दौरान भारत ने चीन की पीएल-15 मिसाइल, तुर्किये के ड्रोन, जिनको यिहा या यीहाव कहा जाता है और लंबी दूरी के रॉकेट, क्वाडकॉप्टर और वाणिज्यिक ड्रोन को तबाह कर दिया। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इन हथियारों का मलबा भी बरामद किया। जांच में पता चला कि पाकिस्तान ने विदेश में मिले हथियारों का प्रयोग किया, लेकिन इसके आगे भारत की स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध नेटवर्क बेहतर साबित हुआ।

### 10 सैटेलाइट ने 24 घंटे रखी नजर

पीआईबी की ओर से जारी किए गए नोट में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भी योगदान दिया। 11 मई को एक कार्यक्रम में इसरो के प्रमुख वी नारायणन ने कहा कि देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कम से कम 10 सैटेलाइट लगातार चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। सैटेलाइट ने सात हजार किमी लंबे समुद्री तट और पूरे उत्तरी हिस्से पर लगातार नजर रखी।



## भारत के 52वें CJI बने जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जस्टिस गवई को CJI पद की शपथ दिलाई। मौजूदा CJI संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। CJI खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। CJI गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री और नेता प्रतिपक्ष भी मौजूद रहे।

# JNU ने रद्द किए तुर्की से समझौते

- तुर्किये-अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे भारतीय टूरिस्ट
- मेकमाइट्रिप पर 1 हफ्ते में 250% कैंसिलेशन बढ़े



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

पाकिस्तान का समर्थन करने वाले तुर्की देश का भारत में खुलकर विरोध हो रहा है। भारत के साथ हालिया तनाव के बीच तुर्की द्वारा पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के बाद जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि- 'राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से, जेएनयू और इनोनू विश्वविद्यालय, तुर्की के बीच समझौता ज्ञापन को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।'

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मेकमाइट्रिप के अनुसार पिछले एक हफ्ते में तुर्किये-अजरबैजान जाने वाले यात्रिओं के कैंसिलेशन 250% बढ़े हैं। इसी के साथ बुकिंग्स में 60% गिरावट आई है। वहीं जरबैजान के लिए 30%, तुर्किये के लिए 22% कैंसलेशन बढ़े हैं। दरअसल, भारत के ऑपरेशन सिंदूर की तुर्किये और अजरबैजान ने खुलकर आलोचना की थी। इसके बाद पिछले दिनों सोशल मीडिया पर बॉयकॉट टर्की और बॉयकॉट अजरबैजान ट्रेंड पर रहे।

हर्ष गोयनका ने तुर्किये और अजरबैजान जाने वाले भारतीय पर्यटकों से ना जाने की गुजारिश की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर लिखा 'भारतीयों ने इन देशों को पिछले साल 4,000 करोड़ रुपए दिए। हमने इनकी इकोनॉमी को सपोर्ट किया, लेकिन आज ये हमारे दुश्मन के साथ खड़े हैं। भारत और दुनिया में ढेरों खूबसूरत जगहें हैं... इन दोनों को स्किप करें। जय हिंद

कर्नल सोफिया पर विवादित बयान

## मंत्री विजय पर FIR का आदेश



महानगर नेटवर्क
भोपाल

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री विजय शाह के खिलाफ FIR करने के आदेश दिए हैं। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भाजपा सरकार में मंत्री कुंवर विजय शाह की कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लिया। सोफिया कुरैशी भारतीय सेना की वो अधिकारी हैं, जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में मीडिया को जानकारी दी थी। जस्टिस अतुल श्रीधरन की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को उक्त आदेश दिए। अदालत ने कहा कि विजय शाह के खिलाफ तुरंत FIR दर्ज की जानी चाहिए। साथ ही अदालत की ओर से राज्य के महाधिवक्ता प्रशांत सिंह को भी सख्त निर्देश जारी किए गए। अदालत ने कहा कि हर हाल में FIR हो जानी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि वह गुरुवार सुबह सबसे पहले इसी मामले पर अगली सुनवाई करेगी।

## पाक ने BSF के अगवा जवान को छोड़ा

**अमृतसर।** पाकिस्तान ने भारत के BSF जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। कॉन्स्टेबल पूर्णम बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत लौट आए। DGMO लेवल पर बातचीत के बाद उन्हें 20 दिनों के बाद छोड़ा गया है। उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया। पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने दिया जाएगा। BSF ने प्रेस रिलीज के जरिए कॉन्स्टेबल पूर्णम के भारत लौटने की जानकारी दी है। इसमें बताया कि पूर्णम शॉ 23 अप्रैल को फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान गलती से पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था।

# 'सुन ले बेटा पाकिस्तान, बाप है तेरा हिंदुस्तान'

## मुंबई में भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली



महानगर संवाददाता
मुंबई

भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर मुंबई में भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान सीएम देवेंद्र फडणवीस ने नारे लगाए। उन्होंने 'सुन ले बेटा पाकिस्तान, बाप है तेरा हिंदुस्तान' के नारे लगाकर तिरंगा यात्रा में शामिल होने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाया। सीएम फडणवीस के साथ बीजेपी की तिरंगा यात्रा में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी शामिल हुए।

### तुम कहीं पर भी छुपोगे, हम घुसकर मारेंगे : सीएम फडणवीस

सीएम फडणवीस ने कहा, 'जिन इरादों ने भारत में इस प्रकार का काम किया है, हमारे लोगों को मरने पर मजबूर किया, उन इरादों को और उन इरादों के इंफ्रास्ट्रक्चर को चकनाचूर कर दिया जाएगा। तुम कहीं पर भी छुपोगे, हम घुसकर मारेंगे। हम तुमको छोड़ने वाले नहीं हैं।' सीएम ने कहा कि नौ आतंकी ठिकानों को वहां तबाह कर दिया गया। उसे भी तबाह कर दिया गया जहां 'हरामखोर' कसाब की ट्रेनिंग हुई थी।

### गोली चलेगी तो यहां से तोप-गोले चलेंगे : डिप्टी सीएम शिंदे

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, गोली चलेगी तो यहां से तोप गोले चलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद किया कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जैसी हिम्मत दिखाई वैसी हिम्मत आज तक किसी ने नहीं दिखाई। हमें प्रधानमंत्री मोदी पर गर्व है। ये नया भारत है। देश प्रधानमंत्री और हमारी सेना के साथ खड़ा है।

### विपक्ष को डिप्टी सीएम शिंदे ने दी नसीहत

इससे पहले मीडिया से बातचीत में डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि विपक्ष को ऐसे समय में हमारे भारतीय जवानों का साथ देना चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान में आतंकवादी अड्डों को खत्म करने और पाकिस्तानी एयरबेस को तहस नहस करने की हिम्मत दिखाई है। विपक्ष को हमारी तीनों सेनाओं का अभिनंदन करना चाहिए।

भाजपा की तिरंगा रैली के जवाब में कांग्रेस जय हिंद सभा करने का एलान किया है।

# आतंकी मसूद को 14 करोड़ का मुआवजा

## 'भीख' के पैसों से फिर पाक में बसाए जाएंगे आतंकी ठिकाने



महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में स्थित कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। अब पाकिस्तान की सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए आतंकियों के परिवार को प्रति व्यक्ति 1 करोड़ रुपये देने का एलान किया है। माना जा रहा है कि इस कारण पाकिस्तान में पल रहे आतंकी मसूद अजहर को भी 14 करोड़ रुपये मिल सकते हैं। भारत की स्ट्राइक में आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 सदस्यों की भी मौत हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार प्रति व्यक्ति की मौत पर परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देगी, तो मसूद अजहर को भी 14 करोड़ रुपये मिलेंगे।

इससे पहले लश्कर के आतंकियों ने पाकिस्तान के समर्थन में रैली निकालकर पाकिस्तान की फौज का समर्थन किया था। यह रैली सेना के इशारे पर निकाली गई थी।

### पाकिस्तान को फिर मिला कर्ज

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) ने पाकिस्तान को 1.02 अरब डॉलर (करीब 8400 करोड़ रुपये) की दूसरी किश्त बुधवार को जारी कर दी है। IMF ने इससे पहले 9 मई को पाकिस्तान को 1 बिलियन डॉलर का कर्ज दिया था।

पाकिस्तान को यह फंड एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (EFF) प्रोग्राम के तहत दिया गया है। पाकिस्तान को सितंबर 2024 में 7 बिलियन डॉलर का 37-महीने का EFF मंजूर हुआ था, जिसमें 1 बिलियन डॉलर तुरंत जारी किया गया था। आज की रकम जोड़ दें तो IMF से पाकिस्तान को EFF प्रोग्राम के तहत 3.1 बिलियन डॉलर की रकम मिल चुकी है।

# जम्मू-कश्मीर के शोपियां में हथियारों का जखीरा बरामद

- इसमें AK-47 और हैंड ग्रेनेड शामिल
- सोमवार को सेना ने 3 आतंकियों को ढेर किया था



महानगर नेटवर्क
श्रीनगर

भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में बुधवार को भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें AK-47 गन समेत कई तरह की बंदूकें, हैंड ग्रेनेड, हजारों की संख्या में गोलियां शामिल है। केलर में ही 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के तीन आतंकवादी मारे गए थे। शोपियां जिले के केलर स्थित शुकरू फॉरेस्ट एरिया में मंगलवार को शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई थी। इसे ऑपरेशन को केलर नाम दिया गया था। मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर शाहिद अहमद कुट्टी भी शामिल था।

**पोस्ट में लिखा-**

'भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स (RR) विंग को खुफिया सोर्सेज से शोपियां के शोकल केलर इलाके में आतंकियों के होने की जानकारी मिली । इसके बाद भारतीय सेना ने 'सर्च एंड डिस्ट्रॉय' यानी आतंकियों को ढूंढ़कर मारने का ऑपरेशन लॉन्च किया।'

# मोदी से पानी मांगने लगा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सिंधु नदी का पानी रोका तो पाकिस्तान घुटने पर आ गया। भारत के फैसले से हताश पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से मोदी सरकार से अपील की है कि इस फैसले पर पुनर्विचार करे। पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव सैय्यद अली मुर्तुजा ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय के सचिव को चिट्ठी लिखकर बातचीत की पेशकश की है और अनुरोध किया है कि इस संवेदनशील फैसले पर दोबारा विचार किया जाए। पाकिस्तान पर यह मार नूर खान और रफीकी एयरबेस की तबाही से ज्यादा बड़ी है। क्योंकि इससे पंजाब के पूरे इलाके में सूखा पड़ जाएगा। पाकिस्तान का कहना है कि अगर भारत तीन नदियों के जल पर अपने अधिकार का पूर्ण उपयोग करने लगा, तो पाकिस्तान के कई राज्यों में गंभीर जल संकट पैदा हो जाएगा। इस खतरे को भांपते हुए पाकिस्तान ने भारत से तुरंत बात करने की अपील की है। लेकिन भारत इस बार नरमी के मूड में नहीं दिखता। पीएम मोदी ने एक दिन पहले ही कहा था कि पाकिस्तान को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जाएगी।

# 210 बंकर ध्वस्त... 31 नक्सली ढेर



महानगर नेटवर्क
बीजापुर

छत्तीसगढ़ के बीजापुर से सटी तेलंगाना सीमा पर 21 दिनों तक चले अब तक के सबसे बड़े नक्सल विरोधी अभियान सफल रहा। इस बात की जानकारी छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक जीपी सिंह ने दी। नक्सल विरोधी ऑपरेशन के बारे में उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलवाद खत्म करने के लिए प्रतिज्ञा करते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि इस अभूतपूर्व ऑपरेशन में अब तक 31 हार्डकोर नक्सली मारे गए हैं, जिन पर कुल 1.72 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच 21 बार मुठभेड़ हुईं। इस दौरान 18 जवान घायल हुए, हालांकि सभी जवान खतरे से बाहर हैं। ऑपरेशन के तहत करेंगुट्टा की पहाड़ियों से 35 राइफल और 450 आईईडी बरामद किए गए हैं। नक्सलियों द्वारा दो वर्षों के लिए जमा किया गया 12 हजार किलो राशन भी बरामद कर उसे नष्ट किया गया है।

**210 बंकरों को नष्ट किया**

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इस इलाके में नक्सलियों के 210 बंकरों को ध्वस्त कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। मुठभेड़ों के दौरान जवानों ने बीजीएल सेल, इंसास राइफल, एसएलआर, माउजर लोडिंग राइफल, 315 बोर, सिंगल शॉट और 303 बोर की राइफलें, डेटोनेटर, वायर और बड़ी मात्रा में गोलियां भी बरामद की गई हैं।

# थोक-महंगाई ने तोड़ा दम

## खाने-पीने के सामान की कीमतों में गिरावट का असर



**नई दिल्ली।** अप्रैल महीने में थोक महंगाई 2.05% से घटकर 0.85 % पर आ गई है। ये महंगाई का 13 महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2024 में महंगाई 0.53% पर थी। वहीं फरवरी 2025 की महंगाई दर को सरकार ने संशोधित किया है। इसे 2.38% से बढ़ाकर 2.45% कर दिया गया है। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से महंगाई घटी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने 14 मई को ये आंकड़े जारी किए।

**रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें सस्ती हुईं**

रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 0.76% से घटकर -1.44% हो गई।

खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 4.66% से घटकर 2.55% हो गई।

फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर 0.20% से घटकर -2.18% रही।

मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 3.07% से घटकर 2.62% रही।

# ड्रोन के झुंड का मुकाबला करेगा हमारा 'भार्गवास्त्र'

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

ड्रोन के झुंड का मुकाबला करने के लिए अब भारत ने भार्गवास्त्र विकसित कर लिया है। इसे सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड ने तैयार किया है। हार्ड किल मोड में तैयार हुआ कम लागत वाला यह काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन का मुकाबला करेगा। काउंटर-ड्रोन सिस्टम में इस्तेमाल किए गए माइक्रो रॉकेटों का गोपालपुर के सीवर्ड फायरिंग रेंज में कठोर परीक्षण किया गया। यह परीक्षण पूरी तरह सफल रहा।

भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में 13 मई 2025 को गोपालपुर में रॉकेट के तीन परीक्षण किए गए। एक-एक रॉकेट दागकर दो परीक्षण किए गए। इसके बाद एक परीक्षण दो सेकंड के भीतर साल्वो मोड में दो रॉकेट दागकर किया गया। सभी चार रॉकेटों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया और बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों को कम करने में तकनीक की बड़ी भूमिका निभाते हुए आवश्यक लॉन्च मापदंडों को हासिल किया।




### भार्गवास्त्र की खासियत

भार्गवास्त्र 2.5 किमी तक की दूरी तक आने वाले छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम है। इसमें लगा माइक्रो रॉकेट 20 मीटर तक की घातक त्रिज्या वाले ड्रोन के झुंड को बेअसर कर सकता है। जबकि इसकी दूसरी परत में लगी माइक्रो मिसाइल प्वाइंट सटीकता के लिए है। एसडीएएल ने इसमें मॉड्यूलर प्रणाली का उपयोग किया है। इसके चलते उपयोगकर्ता इसके सेंसर और शूट को नियंत्रित कर सकते हैं। नई C4I तकनीकी से बने इस हथियार का रडार छह से 10 किमी दूर से छोटे हवाई खतरों का पता लगा सकता है। यह ड्रोन मेक इन इंडिया मिशन के लिए एक और उपलब्धि है।

# वसई-विरार में अवैध निर्माण मामले में ईडी की एंट्री

## सीताराम गुप्ता और इनके सहयोगी के ठिकाने पर छापेमारी

**महानगर संवाददाता**
**वसई**

मुंबई ईडी वसई-विरार में अवैध निर्माण मामले में कूद पड़ी है। ईडी ने वसई-विरार इलाके में अवैध आवासीय और व्यावसायिक इमारतों के निर्माण के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। यह छापेमारी पूर्व नगरसेवक सीताराम गुप्ता और इनके सहयोगी के खिलाफ की गई है। ईडी ने मीरा-भायंदर पुलिस आयुक्तालय द्वारा दर्ज विभिन्न अपराधों के आधार पर इस मामले में मामला दर्ज किया है। इस मामले में पाया गया है कि करीब 60 एकड़ क्षेत्र में 41 आवासीय और व्यावसायिक इमारतों का अवैध रूप से निर्माण किया गया



था। वास्तव में,उस स्थान पर एक सीवेज उपचार संयंत्र और एक कचरा डिपो आरक्षित था,लेकिन आरोपियों ने षडयंत्र रचकर इस स्थान पर अनाधिकृत निर्माण कार्य करा लिया। इसके लिए आरोपी बिल्डरों और स्थानीय दलालों ने फर्जी मंजूरी दस्तावेज तैयार किए थे। इसके जरिए आम नागरिकों का विश्वास जीतकर उन्हें बड़ी संख्या में फ्लैट बेचे गए। अधिकारी ने कहा कि इसके परिणामस्वरूप कई गरीब और निर्दोष नागरिकों के साथ धोखाधड़ी हुई।

### 2,500 परिवार सड़क पर आ गये

ईडी की जांच के अनुसार, यह पाया गया है कि वसई-विरार इलाके में वर्ष 2009 से बड़े पैमाने पर अनधिकृत निर्माण कार्य चल रहा है। इसलिए ईडी ने इन मामलों में गहन कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इसके तहत ईडी ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इन 41 अवैध इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया है। वसई-विरार महानगरपालिका ने उच्च न्यायालय के आदेश (उच्च न्यायालय में जनहित याचिका क्रमांक 15853/2022) के तहत कार्रवाई की थी। इस कठोर कार्रवाई से लगभग 2,500 परिवार बेघर हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि फिलहाल वसई-विरार नगर निगम सीमा के भीतर 13 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

ईडी ने इस मामले में और सबूत जुटाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित कर जालसाजों के बारे में जानकारी एकत्र करने का कार्य चल रहा है। कुछ मामलों में संपत्ति पर जबरन कब्ज़ा करने की भी शिकायतें हैं। ईडी भी उनकी जांच करेगी। नवंबर 2024 में नगर निगम ने नालासोपारा क्षेत्र में 41 अनधिकृत संरचनाओं को ध्वस्त कर दिया। प्रारंभिक जांच के दौरान निवासियों को इस बात की कोई जानकारी नहीं थी कि इमारत अनधिकृत थी। परिणामस्वरूप, 2,500 परिवार सड़कों पर आ गये। ईडी इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# उद्धव ठाकरे से मिली तेजस्वी घोसालकर

**मुंबई।** पूर्व शिवसेना (उद्धव ठाकरे) नगरसेवक और महिला दहिसर विधानसभा प्रमुख तेजस्वी घोसालकर ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। उनके इस्तीफे के बाद उद्धव ठाकरे ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। तदनुसार,उन्होंने बुधवार को उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात की। इस बैठक के दौरान उनके इस्तीफे पर चर्चा हुई। इसके बाद उन्होंने मीडिया को जवाब दिया। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल वह किसी पार्टी में शामिल होने के मूड में नहीं हैं। तेजस्वी घोषालकर ने कहा, "मैंने उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। उन्होंने मुझे आज मिलने के लिए बुलाया था। हमारी चर्चा हुई। मैंने अपनी समस्याएं उनके सामने रखी हैं। इन समस्याओं का जवाब मिलते ही मैं जल्द से जल्द अगला फैसला लूंगा।" चर्चा है कि शिवसेना (उद्धव ठाकरे) पार्टी में विभिन्न पदों से इस्तीफा देने के बाद तेजस्वी घोषालकर भाजपा में शामिल होने की राह पर हैं।

## घोडबंदर रोड का ट्रैफिक होगा कम

# भाईंदरपाड़ा फ्लाईओवर का उपमुख्यमंत्री शिंदे के हाथों उद्घाटन

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

घोड़बंदर रोड पर यातायात की भीड़ को कम करने और सफर को सुगम बनाने के लिए तैयार किया गया बहुप्रतीक्षित भाईंदरपाड़ा फ्लाईओवर बुधवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों जनता को समर्पित किया गया। उद्घाटन के तुरंत बाद मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने इसे आम वाहनों के लिए खोल दिया। इस फ्लाईओवर के शुरू होते ही घोड़बंदर रोड पर जाम की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। फ्लाईओवर के नीचे बनाए गए दो अंडरपास स्थानीय नागरिकों के लिए वरदान साबित होंगे, जिससे अब उन्हें सड़क पार करने के लिए ट्रैफिक रोकने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



### बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ा है

इससे पहले इसी वजह से जाम की स्थिति बार-बार बनती थी। घोड़बंदर रोड मुंबई, ठाणे, भिवंडी और नवी मुंबई को बोरीवली, वसई, विरार और गुजरात से जोड़ता है। साथ ही जेएनपीटी बंदरगाह से गुजरात की ओर जाने वाला भारी मालवाहक ट्रैफिक भी इसी मार्ग से गुजरता है। आनंद नगर, कासारवडवली, भाईंदरपाडा और गायमुख जैसे इलाकों में बीते कुछ वर्षों में जनसंख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जिससे यहां बुनियादी ढांचे पर दबाव बढ़ा है। घोड़बंदर रोड पर पहले ही कपूरबावडी, मानपाडा, पातलीपाडा और वाघबिल में फ्लाईओवर बनाए जा चुके हैं, लेकिन वाघबिल के आगे के इलाकों के लिए यह पहला बड़ा प्रकल्प है। इस मौके पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक, स्थानीय विधायक तथा एमएमआरडीए के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# हाईकोर्ट ने मां से पांच साल की बेटी को छीनना नासमझी बताया

**मुंबई।** मुंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक पिता द्वारा अपनी पांच वर्षीय बेटी को अपनी अलग रह रही पत्नी की देखभाल से जबरन छीनने का कृत्य अनुचित था। अदालत ने याचिकाकर्ता पत्नी और प्रतिवादी पति को अपनी बेटी को वैवाहिक विवाद से दूर रखने का भी निर्देश दिया। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दावा किया था कि अलग रह रहे उसके पति ने हमारी पांच साल की बेटी को जबरन छीन लिया है तथा उसे उसकी अभिरक्षा में वापस करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने यह भी मांग की कि पति को बेटी को अदालत में पेश करने का आदेश दिया जाए। अदालत ने उसकी याचिका पर संज्ञान लिया और प्रतिवादी पति




को अपनी बेटी के साथ अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया। इस पृष्ठभूमि में, बुधवार को यह मामला न्यायमूर्ति कमल खता और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की अवकाश पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया। उस समय प्रतिवादी का पति अपनी पांच वर्षीय बेटी के साथ अदालत में मौजूद था। उस समय, अलग होने के बाद हमारी पांच साल की बेटी की कस्टडी हमें मिल गई।

# संन्यास के बाद सीएम फडणवीस से मिले रोहित शर्मा

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास लेकर अपने फैंस को निराश कर दिया। सभी को लग रहा था कि वह इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे, लेकिन उससे पहले उनके संन्यास के ऐलान ने सभी को चौंका दे दिया। इसी बीच अब रोहित के राजनीति में आने की खबरें भी तेज हो गई हैं, क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास 'वर्षा' में मुलाकात की है।

रोहित शर्मा और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मुलाकात ने लोगों को बातें करने का मौका दे दिया है। इस मुलाकात के बाद अटकलों का बाजार गर्म



हो गया है। लोग कयास लगा रहे हैं कि रोहित शर्मा क्रिकेट के बाद राजनीति में एंट्री कर सकते हैं।

**रोहित शर्मा की होगी राजनीति में एंट्री!**

ये अक्सर देखने मिला है कि रिटायरमेंट के बाद क्रिकेटर्स राजनीति में आ जाते हैं। भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन से लेकर विनोद कांबली और नवजोत सिंह सिद्धू तक ऐसे कई खिलाड़ी हैं,जिन्होंने क्रिकेट के बाद राजनीति में कदम रखा है। ऐसे में रोहित भी ऐसा कर सकते हैं, हालांकि अब तक ऐसी कोई खबर नहीं आई है।

**नए चैप्टर के लिए दी बधाई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मुलाकात की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- 'भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा का मेरे आधिकारिक आवास पर स्वागत है। उनसे मिलकर और बात करके बहुत खुशी हुई। मैं उन्हें टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट पर शुभकामनाएं देता हूं और उनके करियर के अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं देता हूं!'

# जेसीबी का नुकीला हिस्सा लगने से टूटी गैस पाइपलाइन

**डोंबिवली।** डोंबिवली पूर्व के गोग्रासवाड़ी क्षेत्र में कल्याण जनता बैंक के सामने बुधवार को दोपहर 1:30 बजे जेसीबी से सीमेंट कंक्रीट सड़क को तोड़कर सर्विस चैनल बिछाने का काम शुरू हुआ। जब जेसीबी चालक खुदाई कर रहा था, तो जेसीबी का नुकीला सिरा भूमिगत महानगर गैस पाइपलाइन से टकराया, जिससे पाइपलाइन टूट गई और गैस तेजी से बाहर निकलने लगी।


यह देख जेसीबी चालक कैब से कूदकर भाग गया। इस घटना से सड़क पर चल रहे पैदल यात्री भयभीत हो गए। चैनल से गैस बहुत अधिक दबाव और गति से बाहर निकल रही थी। जैसे ही गैस की गंध पूरे इलाके में फैली, नागरिकों में दहशत फैल गई। नागरिकों को यह पता नहीं था कि गैस कैसे बंद की जाए। और चूंकि किसी के पास महानगर गैस के आपातकालीन विभाग का संपर्क नंबर नहीं था, इसलिए हर कोई निकलती गैस को देख रहा था।

मनसे के पूर्व शहर प्रमुख मनोज घरत और डोंबिवली ड्रग डीलर्स एसोसिएशन के नीलेश वाणी इस सड़क से गुजर रहे थे। जैसे ही उन्होंने यह देखा,उन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग और महानगर गैस के आपातकालीन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी वाहन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे।

महानगर गैस आपातकालीन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और भूमिगत पाइप से निकल रही गैस को तुरंत बंद कर दिया।

# विलय की अफवाह कभी आकार नहीं ले सकी है : पाटिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इन दिनों पूर्व मुख्यमंत्री शरद पवार और डिप्टी सीएम अजित पवार की पार्टी के साथ आने की अटकलें लगाई जा रही है। इसकी एक बड़ी वजह हाल के दिनों में चाचा-भतीजे का कई मंचों पर साथ दिखना है। इस बीच भाजपा महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत पाटिल ने बुधवार को दोनों गुटों के संभावित विलय की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा, "ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। विलय



की अफवाह कभी आकार नहीं ले सका है. यह हमेशा से अटकलों का विषय रहा है. यह केवल बातचीत का विषय है, अभी तक कुछ नहीं हुआ है।"

### चंद्रकांत पाटिल ने कसा तंज

चंद्रकांत पाटिल ने तंज कसते हुए कहा कि जब एनसीपी एकजुट था तो शरद पवार, उनकी बेटी सुप्रिया सुले और भतीजे अजित पवार के प्रभुत्व वाली पार्टी थी। एनसीपी (एसपी) के महाराष्ट्र के अध्यक्ष जयंत पाटिल और पार्टी विधायक रोहित पवार (शरद पवार के पोते) को भी दूर रखा गया। वे केवल घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं, जबकि ये तीन व्यक्ति फैसले ले रहे हैं। बता दें कि शरद पवार ने 1999 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की स्थापना की थी। इसमें 2023 में बड़ी फूट पड़ी और कई विधायकों के साथ शरद पवार के भतीजे अजित पवार तत्कालीन एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अजित पवार ने पार्टी का आधिकारिक नाम हासिल कर लिया,जबकि शरद पवार को अपने गुट को नए चुनाव चिह्न के साथ एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के रूप में पंजीकृत कराना पड़ा।

# बिजली चोरी के मामले में केस दर्ज

**भिवंडी।** शहर के एक लाख कंपाउड क्षेत्र में बिजली विभाग की टीम ने बिजली चोरी के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कराया है। आरोपी ने आर्थिक लाभ के लिए अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी फिरोज मोहम्मद फारूक अंसारी ने अपने घर में गैरकानूनी तरीके से बिजली की आपूर्ति की व्यवस्था की थी। उसने बिजली मीटर से छेड़छाड़ कर मिनी सेक्शन पिलर से केबल जोड़कर



बायपास किया और बिना किसी मंजूरी के 2,26,777.28 रुपये मूल्य की 8492 यूनिट बिजली का उपयोग कर डाला। इस मामले में टोरेंट पॉवर की ओर से सहा. व्यवस्थापक अनिश सतीश कुलकर्णी ने शांतिनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

## ठाणे मनपा स्कूलों का जलवा

# 91.98% छात्र हुए सफल

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

मार्च 2025 में आयोजित एसएससी परीक्षा में ठाणे महानगरपालिका की 23 माध्यमिक शालाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 91.98 प्रतिशत का उत्तीर्ण परिणाम दर्ज किया है। पिछले वर्ष यह आंकड़ा 83.94 प्रतिशत था, जिससे इस वर्ष के नतीजों में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। इस वर्ष कुल 1323 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 1217 छात्र सफल घोषित किए गए। चार स्कूलों—



शाला क्रमांक 15 (किसननगर), 16 और 19 (सावरकर नगर), तथा 18 (ज्ञानसाधना)—ने 100 प्रतिशत परिणाम दर्ज कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। शिक्षा विभाग के उपायुक्त सचिन सांगळे ने बताया कि मनपा की चार अन्य शालाओं का भी परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा है। माध्यमवार परिणाम की बात करें तो मराठी माध्यम का परिणाम 80.67 प्रतिशत, मराठी रात्रशालाओं का 62.50 प्रतिशत, उर्दू माध्यम का 97.78 प्रतिशत, अंग्रेजी माध्यम का 92.47 प्रतिशत तथा हिंदी माध्यम का परिणाम 59.37 प्रतिशत रहा है। ठाणे महापालिका आयुक्त सौरभ राव ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# दो बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, एक महिला भी शामिल

**भिवंडी।** भिवंडी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों पर ठाणे शहर की अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई की है। अनैतिक मानवी वाहतूक प्रतिबंध कक्ष और मध्यवर्ती गुन्हे शोध कक्ष की संयुक्त टीमों ने अलग-अलग स्थानों से दो बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक महिला भी शामिल है। पहली गिरफ्तारी हनुमान टेकरी परिसर से की गई, जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर रानी उर्फ कमरूनिशा युसुफ शेख (उम्र 35), मूल निवासी अंबारी, जिला जेसोर, बांग्लादेश को पकड़ा। आरोपी महिला के पास भारत में रहने के लिए कोई पासपोर्ट या वीजा नहीं था और वह लंबे समय से भिवंडी में अवैध रूप से रह रही थी।



दूसरी कार्रवाई में मध्यवर्ती गुन्हे शोध कक्ष की टीम ने काल्हेर के जलाराम कंपाउंड से रशेदुल आलम जमाल शेख नामक युवक को गिरफ्तार किया, जो मूल रूप से चिटगांव, बांग्लादेश का निवासी है। वह समद नगर की बसीर नसीर बिल्डिंग में रहकर स्थानीय स्तर पर मजदूरी कर रहा था। दोनों मामलों में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन और नारपोली पुलिस स्टेशन में विदेशी नागरिक अधिनियम की धाराओ के तहत केस दर्ज किया गया है।

# गोखले ब्रिज से बेस्ट बस सेवा शुरू करने की भाजपा ने उठाई मांग

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

अंधेरी पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला गोखले ब्रिज 11 मई से पूरी तरह शुरू हो गया। ब्रिज पर से बेस्ट बसों का आवागमन नहीं शुरू हुआ है, जिसको लेकर यात्रियों को परेशानी हो रही है। भाजपा के पूर्व नगरसेवक अभिजीत सामंत ने बेस्ट प्रशासन से ब्रिज पर से बस चलाने को गुहार लगाई है।

बता दें कि गोखले ब्रिज शुरू होने के बाद अंधेरी पूर्व-पश्चिम के साथ-साथ पश्चिमी उपनगरों में होने वाली ट्रैफिक की समस्या में काफी हद तक राहत मिली है। गोखले ब्रिज शुरू होने के बाद भी बेस्ट की सेवा नहीं शुरू होने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। बेस्ट बस शुरू करने के लिए भाजपा के पूर्व नगरसेवक अभिजीत सामंत ने बेस्ट प्रशासन को पत्र लिखा।

बेस्ट प्रशासन ने जानकारी दी कि इस ब्रिज से जल्द ही बेस्ट की बसों का संचालन भी शुरू किया जाएगा। बेस्ट प्रशासन की माने तो फिलहाल जो बसें वैकल्पिक मार्गों से चल रही हैं,वे अब गोखले पुल से चलाई जाएंगी।

**इनमें प्रमुख रूप से निम्नलिखित मार्ग शामिल हैं।**

- ए 180 : छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से मालवणी आगार (वर्तमान में जोगेश्वरी पुल मार्ग से)
- 182 : चुनाभट्टी से मालाड आगार (यह मार्ग फिलहाल पूरी तरह से बंद है)
- 225 : बांद्रा आगार से दिंडोशी आगार (वर्तमान में जोगेश्वरी पुल मार्ग से)
- ए 290 : मरोल मरोशी बस स्थानक से गोराई आगार (वर्तमान में जोगेश्वरी पुल मार्ग से)
- ए 359 : हीरानंदानी (पवई) से मालवणी आगार (वर्तमान में जोगेश्वरी पुल मार्ग से)
- ए 422 : बांद्रा आगार से विक्रोली आगार (वर्तमान में मिलन सांताक्रूज़ पुल मार्ग से)
- 424 : गोरेगांव आगार से मुलुंड स्थानक (पश्चिम) (वर्तमान में जोगेश्वरी पुल मार्ग से)
- ए 533 : अंधेरी स्टेशन (पश्चिम) से एपीएमसी वाशी सेक्टर 19 (वर्तमान में ए 433 मार्ग के अनुसार)



# मालाड में शूटिंग सेट समेत 14 अवैध निर्माण ध्वस्त

**मुंबई।** मालाड पश्चिम मढ़ आइलैंड स्थित मराठी धारावाहिक 'तुझी माझी जमली जोड़ी' के शूटिंग सेट सहित नकली नक्शे पर बने 14 अवैध निर्माणों को पी/नार्थ के सहायक मनपा आयुक्त कुंदन वलवी के मार्गदर्शन में ध्वस्त कर दिया गया, जो अभियान सभी अवैध ध्वस्त होने तक जारी रहेगा।

मनपा द्वारा पिछले दो हफ्तों में कुल 24 निर्माणों पर तोड़क कार्रवाई की गई। एरंगल और वलनाई गांवों में 14 अवैध निर्माण गिराए गए। इससे पहले पिछले सप्ताह 9 निर्माणों को हटाया गया था, जिनमें एक अवैध बंगला भी शामिल था।

मढ़ आइलैंड में एक साल से चल रही मराठी टीवी सीरियल 'तुझी माझी जमली जोड़ी' की शूटिंग के लिए बनाया गया सेट भी इस कार्रवाई की जद में आया। कुंदन वलवी ने जब सेट मालिकों से वैध कागजात मांगे तो जांच में दस्तावेज फर्जी निकले, जिसके बाद उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। सब इंजीनियर प्रवीण मुलुक के नेतृत्व में सुबह दो बुलडोजर के साथ टीम ने सेट पर पहुंचकर पूरी संरचना को ध्वस्त कर दिया। एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सागर राणे के अनुसार इस कार्रवाई में एरंगल में 3 निर्माण, वलनाई में 11 निर्माण ध्वस्त करने के लिए 3 जेसीबी समेत अन्य मशीनें, मनपा के 10 अधिकारी-कर्मचारी और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती थी।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**Raipur (C.G.)**

**e- PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**ment Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**NIT No.: 68/NNR/Electrical/RMC/2025** **RAIPUR DATED: 14-05-2025**

Online bids are invited for the following works of works up to 05.06.2025 at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate (In Lacs) | Cast of Tender form | Earnest Money Deposit (In Lacs) | Eligible class of contract or/firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 168438 | नगर पालिक निगम रायपुर के 09 खेल मैदान में हाईमास्ट लाईट स्थापना कार्य। | 589,91 Lacs | 3000.00 | 5,00,000.00 | ''B'' & ABOVE | 09 Month | PWD ELECTRIC ALSOR 2020 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 14.05.2025 17:30 Hours (IST) on words.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

**Note :-**
1. All eligibles interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement system, Help Desk at Toll Free No. 18002582502 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. For More Details please download NIT details.
4. Contact no. 7898844336

Sd/-
EXCCUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

Clean City, Green City, Dream City


# मध्य रेलवे पर विशेष ट्रैफिक और पावर ब्लॉक

**मुंबई।** मध्य रेल द्वारा 25/138-140 किलोमीटर पर स्थित कंजुरमार्ग पाइपलाइन पुल के गर्डर को 350 टन रोड क्रेन द्वारा उतारने हेतु कंजुरमार्ग और मुलुंड स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन स्लो लाइनों,अप एवं डाउन फास्ट लाइनों और 5 वीं लाइन पर विशेष ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा।

ब्लॉक का विवरण निम्नानुसार है।

ब्लॉक 1 : 14/15मई (बुधवार/गुरुवार की रात) रात 01:15 बजे से 03:15 बजे तक (02.00 घंटे) का ब्लाक लिया जायेगा।

ट्रैफिक ब्लॉक क्षेत्रः कंजुरमार्ग और मुलुंड के बीच अप और डाउन स्लो लाइनें, अप और डाउन फास्ट लाइनें एवं 5 वीं लाइन ब्लॉक अवधि के



दौरान कंजुरमार्ग और ठाणे स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन स्लो लाइन, अप एवं डाउन फास्ट लाइन और 5वीं लाइन पर सेवाएं रद्द रहेंगी।

रद्द की गई उपनगरीय सेवाएं:

1.ट्रेन T1 – छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 00:24 बजे प्रस्थान कर ठाणे 01:19 बजे पहुंचने वाली सेवा रद्द रहेगी।

2.ट्रेन T2 – ठाणे से सुबह 04:04 बजे प्रस्थान कर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर सुबह 05:00 बजे पहुंचने वाली सेवा रद्द रहेगी।

ब्लॉक : 15/16 मई (गुरुवार/शुक्रवार की रात) रात 01:15 बजे से 03:15 बजे तक (02.00 घंटे) ब्लॉक लिया जायेगा।

ब्लॉक के दौरान अप एवं डाउन स्लो लाइनें, अप एवं डाउन फास्ट लाइनें, 5वीं और 6वीं लाइनें, ब्लॉक अवधि के दौरान कंजुरमार्ग और ठाणे स्टेशनों के बीच अप एवं डाउन स्लो लाइन, अप एवं डाउन फास्ट लाइन तथा 5वीं और 6वीं लाइनों पर सेवाएं रद्द रहेंगी।

रद्द की गई उपनगरीय सेवाएं:

1. ट्रेन T1 – छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 00:24 बजे प्रस्थान कर ठाणे 01:19 बजे पहुंचने वाली सेवा रद्द रहेगी।

2. ट्रेन T2 – ठाणे से सुबह 04:04 बजे प्रस्थान कर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर सुबह 05:00 बजे पहुंचने वाली सेवा रद्द रहेगी।


# भिवंडी में मनाई गई आद्य पत्रकार महर्षि नारद जयंती

**भिवंडी।** शहे के टिलक मंदिर सभागृह, ब्राह्मण आली में मंगलवार की शाम पत्रकारिता के आद्य प्रवर्तक देवर्षि नारद की जयंती के उपलक्ष्य में 'पत्रकार स्नेह मिलन 2025' कार्यक्रम उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन वाचन मंदिर, भिवंडी और विश्व संवाद केंद्र, मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाचन मंदिर संस्था के अध्यक्ष सुधीर सिंगासणे ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में एबीपी न्यूज की कार्यकारी संपादिका और प्रख्यात पत्रकार सरिता कौशिक तथा विश्व संवाद केंद्र के प्रमुख सुनिल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

● बुधवार को एक लंबा इंतजार खत्म हुआ

# फडणवीस ने मेट्रो 9 के ट्रायल रन का किया शुभारंभ





महानगर संवाददाता
मुंबई

मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को दहिसर ईस्ट और काशीगांव के बीच मुंबई मेट्रो लाइन 9 के प्रथम चरण के ट्रायल रन और तकनीकी निरीक्षण को हरी झंडी दिखाई। यह रेड लाइन 9 कॉरिडोर मीरा-भायंदर को कुशल मेट्रो कनेक्टिविटी के माध्यम से मुंबई के बाकी हिस्सों से जोड़ने की एक बड़ी पहल का हिस्सा है। मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा 13.5 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन 9 का निर्माण दो चरणों में किया जा रहा है और चरण 1 खंड में चार स्टेशन शामिल हैं। दहिसर,पांडुरंग वाडी, मीरागांव और काशीगांव, निरीक्षण के बाद फडणवीस ने कहा, महा मुंबई मेट्रो लाइन 9 का तकनीकी परीक्षण आज किया गया। यह लाइन मीरा-भायंदर के लोगों के साथ-साथ काम के लिए मुंबई जाने वालों के लिए भी बेहद मददगार होगी। हमारा लक्ष्य पूरे क्षेत्र में सुचारू संपर्क उपलब्ध कराना है।

### विरार तक मेट्रो से यात्रा होगी संभव

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जल्द ही विरार तक मेट्रो से यात्रा संभव हो सकेगी। विभिन्न मेट्रो लाइन को एक-दूसरे से जोड़ने से यात्रियों को 'एक सिरे से दूसरे सिरे तक समाधान मिलेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री फडणवीस ने यह भी कहा कि वढन में बनने वाले बुलेट ट्रेन स्टेशन के साथ मेट्रो को 'एकीकृत' करने की योजना पर काम चल रहा है। इस कार्यक्रम में सीएम फडणवीस के साथ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, मंत्री प्रताप सरनाईक, ए. निरंजन डावखरे के साथ ही मेट्रो के अधिकारी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुंबईकर की यात्रा होगी और भी आरामदायक

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस तकनीकी परीक्षण के बाद मेट्रो रूट-9 के काशीगांव से दहिसर (पूर्व) खंड को यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। मेट्रो पश्चिमी एक्सप्रेसवे को ट्राफिक से मुक्त करने और मुंबईकरों की यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाने का यह एक शानदार तरीका है।
मंत्री फडणवीस ने बताया कि सरकार का लक्ष्य पश्चिमी एक्सप्रेसवे पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैदान से बांद्रा तक 'निर्बाध संपर्क' प्रदान करना है, जिसके लिए विभिन्न चरणों में काम चल रहा है। इस चरण में एमएमआर क्षेत्र में पहली बार डबल डेकर पुल बनाया गया है, जिसके माध्यम से फ्लाईओवर और मेट्रो एक ही संरचना में नजर आएंगे।

# शिंदे ने ठाणे में निकाली तिरंगा रैली



महानगर संवाददाता
ठाणे

पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी के बाद देश भर में भारतीय जनता पार्टी तिरंगा रैली आयोजित कर रही है। महाराष्ट्र में भी जगह-जगह तिरंगा रैली आयोजित की जा रही है। बुधवार (14 मई) को उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे में तिरंगा रैली आयोजित की। तिरंगा रैली में सैकड़ों शिवसेना कार्यकर्ता और आम जनता ने भाग लिया। इस दौरान यहां 'छत्रपति शिवाजी महाराज की जय' और 'भारत माता की जय','वंदे मातरम' जैसे देशभक्ति के नारे लगाए गए। इस दौरान एकनाथ शिंदे ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तीनों भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिवंदन किया।

**देशभक्त, राष्ट्रभक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, "पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने हमारी बहनों का सिंदूर मिटा दिया। उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के जरिए मुंहतोड़ जवाब दिया गया। ऑपरेशन सफल रहा है। खून का बदला खून से नहीं और ईंट का जवाब पत्थर से नहीं बल्कि पीएम मोदी ने कहा है 'वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा'।"
शिंदे ने प्रधानमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा, "मैं देश की तीनों सेनाओं के साथ-साथ पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। पीएम ने हमारे सशस्त्र बलों के जवानों का समर्थन किया और देशवासियों की भावनाओं का समर्थन किया। हमें ऐसा प्रधानमंत्री कभी नहीं मिला। ये बहुत बड़ी बात है। इसलिए मैं देशभक्त, राष्ट्रभक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करता हूं।"

# उल्हासनगर मोबाइल मार्केट में ट्रैफिक पर लगाम

## 30 दिनों के लिए नई पार्किंग व्यवस्था लागू



महानगर संवाददाता
मुंबई

उल्हासनगर-3 की भीड़भाड़ वाली मोबाइल मार्केट में अजीबो गरीब रूप से दोपहिया और चारपहिया वाहनों की पार्किंग के कारण अक्सर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए ठाणे यातायात विभाग ने अहम कदम उठाया है। पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट द्वारा जारी अधिसूचना के तहत संत धरमारसिंह बाबा चौक से शास्त्री चौक तक 300 मीटर की सड़क पर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए पार्किंग व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह व्यवस्था 30 दिनों के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू की गई है, ताकि इसकी प्रभावशीलता का आकलन किया जा सके। आम जनता से इस पर आपत्ति या सुझाव आमंत्रित किए गए हैं, जिनके आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा। यह अधिसूचना आवश्यक सेवा वाहनों जैसे पुलिस, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस पर लागू नहीं होगी। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी संकेत लगाने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि नागरिकों को समय रहते जानकारी मिल सके।

# दिव्यांग के चलने योग्य बनाएं फुटपाथ: बांगर



महानगर संवाददाता
मुंबई

मनपा अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर बुधवार को पूर्व उपनगर में चल रहे सीमेंट कंक्रीट कामों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सड़कों के निर्माण के साथ फुटपाथ के हो रहे निर्माण में फुटपाथ को दिव्यांग के चलने योग्य बनाए जाने का निंर्देश दिया। अतिरिक्त आयुक्त बांगर मुलुंड (पूर्व) स्थित होली एंजेल्स हाई स्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय परिसर,पवई स्थित सीमाशुल्क वसाहत, हिरानंदानी जुना बाजार, साकी विहार रोड और चेंबूर सहकारनगर के शेल कॉलोनी मार्ग आदि क्षेत्रों की सड़कों का निरीक्षण किया। बांगर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों के साथ बनाए जा रहे फुटपाथ सामान्य पैदल यात्रियों के साथ-साथ दिव्यांगजन के लिए भी सुलभ और दिव्यांगजन अनुकूल होने चाहिए। फुटपाथ की सतह समतल और बिना बाधा के होनी चाहिए। दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए दिशा-संकेत देने वाली उभरी हुई टैक्टाइल पाथ की स्थापना अनिवार्य है।

### बारिश के मौसम में नागरिकों को कोई असुविधा न हो

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बारिश के मौसम में नागरिकों को कोई असुविधा न हो इसके लिए सभी विभागों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ कार्य करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि मुलुंड (पूर्व) में कांक्रीट सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है,उन्होंने कहा कि जोड़ों को भरते समय एब्रो टेप का अनिवार्य रूप से उपयोग होना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि कार्यों की दैनिक योजना बनाकर उसे कड़ाई से लागू किया जाए और मानव संसाधन की पर्याप्त व्यवस्था की जाए ताकि पदपथ और सड़क के अन्य कार्य समय पर पूर्ण हो सकें। सड़क निर्माण के अंतिम चरण जैसे थर्मोप्लास्ट, कैट आइज, संकेतक फलक, ट्रैफिक चिन्ह आदि कार्य उच्च गुणवत्ता के हों। किसी भी परिस्थिति में गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। यदि आवश्यकता हो तो कार्य दोबारा कराए जाएं। कार्य पूर्ण होने के बाद ही सड़कें यातायात के लिए खोली जाएं। पवई में सीमाशुल्क सोसायटी के पास निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि फुटपाथ इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों के अनुसार बनाए जा रहे हैं और ये दिव्यांगजन के लिए भी सुलभ हो यह आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ स्थानों पर चेंबर की स्थिति के कारण फुटपाथ पर ऊँचाई-नीचाई बन जाती है, जिससे सुगमता प्रभावित होती है। इस पर विशेषज्ञों से विशेषकर आईआईटी मुंबई से सलाह ली जानी चाहिए। साकी विहार रोड पर एक बर्तन नुमा गड्ढा पाया गया जिससे जलजमाव हो सकता है। यह कार्य मानसून के बाद पूरा किया जाएगा। चेंबूर के शेल कॉलोनी मार्ग का निरीक्षण किया गया। यहां चौक से चौक तक कांक्रीट सड़क का कार्य पूरा कर शेष सड़क पर मस्टिक डामर का कार्य किया जाएगा। इस कार्य में भी 20 मई 2025 तक कंक्रीट का कार्य पूर्ण करने और समांतर रूप से मस्टिक कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# सरकार का स्कूलों को दिशा-निर्देश

## CCTV कैमरे, अपराधों की सूचना पुलिस को देना, चालकों का शराब परीक्षण करना अनिवार्य



महानगर संवाददाता
मुंबई

सरकार ने स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं,जिसके तहत कम से कम एक महीने के डेटा बैकअप के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाना, छात्रों के खिलाफ अपराधों की सूचना पुलिस को देना,अपने कर्मचारियों की जांच करना और स्कूल वाहनों के चालकों का शराब परीक्षण करना अनिवार्य किया गया है।

**यौन अपराधों से बच्चों को है बचाना**

मानसिक दबाव या उत्पीड़न का सामना कर रहे छात्रों को परामर्श प्रदान करना तथा 'प्री-प्राइमरी' और 'प्राइमरी' के छात्रों को 'गुड टच और बैड टच (अच्छे और बुरे मकसद से किया गया स्पर्श)' के बारे में जागरुक बनाना भी इन दिशा-निर्देशों का हिस्सा है। ये निर्देश राज्य स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 13 मई को जारी सरकारी संकल्प (जीआर) में शामिल हैं,जिसका उद्देश्य यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के कार्यान्वयन को मजबूत करना है। इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य पिछले साल अगस्त में ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल के शौचालय में दो छात्राओं के यौन उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में स्कूलों में सुरक्षा में सुधार करना है। आरोप लगे थे कि स्कूल प्रशासन और पुलिस ने मामले में समय पर कार्रवाई नहीं की। अगस्त में स्कूल में सफाई कर्मचारी अक्षय शिंदे को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। एक अन्य मामले में जांच के लिए तलोजा जेल से कल्याण ले जाते समय पुलिस वैन के अंदर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आदेश में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नाबालिग माना गया है।

### महिला शिक्षकों की हो नियुक्ति

आदेश में कहा गया है कि 'प्री-प्राइमरी' से लेकर छठीं कक्षा तक के लिए मुख्यतः महिला शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए। आदेश में कहा गया है कि जहां स्कूल परिवहन का उपयोग किया जाता है, वहां ड्राइवरों और सहायक कर्मचारियों की औचक तरीके शराब संबंधी जांच की जानी चाहिए। प्रत्येक स्कूल बस में एक महिला कर्मचारी का भी होना आवश्यक है। बाल सुरक्षा और जागरूकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए, संकल्प में स्कूलों को महाराष्ट्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा विकसित चिराग ऐप के बारे में छात्रों और शिक्षकों को जागरुक करने का निर्देश देता है। चिराग ऐप बाल अधिकारों से संबंधित सूचना की रिपोर्टिंग का माध्यम है।

# देवनार डंपिंग ग्राउंड से 185 लाख टन कचरा का निपटारा करेगी मनपा



**मुंबई।** राज्य सरकार द्वारा मुंबई महानगरपालिका को देवनार कचरे को वैज्ञानिक तरीके से साफ करने का निर्देश देने के चार महीने बाद बुधवार को मनपा ने निविदा प्रक्रिया शुरू की।
देवनार डंपिंग ग्राउंड पर लगभग 185 लाख मीट्रिक टन कचरे के करीब 40 मीटर ऊंचे टीले हैं। जिन्हें हटाने के लिए लगभग 2368 करोड़ रुपए का खर्च अनुमानित है और इस काम को पूरा करने में लगभग तीन साल की समय सीमा निश्चित की है।
एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी धारावी के पुनर्विकास के लिए झोपड़पट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण ने मुंबई के विभिन्न हिस्सों में जमीन की मांग की है। अपात्र निवासियों को बसाने के लिए सरकार शहर में विभिन्न स्थानों पर जमीन अधिग्रहित कर रही है,जिसमें देवनार कचरा मैदान की 124.3 एकड़ जमीन भी शामिल है। इस जमीन पर पिछले 100 वर्षों से कचरा जमा है। धारावी पुनर्विकास प्राधिकरण ने वैज्ञानिक पद्धति से इस कचरे को हटाकर जमीन खाली करने की मांग की है।
अब यह जिम्मेदारी मुंबई महानगरपालिका पर आन पड़ी है। फरवरी में राजस्व और वन विभाग ने महापालिका आयुक्त को पत्र भेजकर जमीन खाली करने की अपील की थी। इसके बाद से मनपा प्रशासन ने निविदा प्रक्रिया की तैयारी शुरू कर दी थी।

# सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर पर एसीबी की कार्रवाई




महानगर संवाददाता
मुंबई

भ्रष्टाचार विरोधी विभाग (एसीबी) मुंबई ने शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में तैनात वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाबुराव मधुकर देशमुख (57) को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 13 मई को एक ट्रस्ट के ट्रस्टी की शिकायत पर की गई।
शिकायतकर्ता के अनुसार, वह एक शैक्षणिक ट्रस्ट का ट्रस्टी है। 15 अगस्त 2024 को ट्रस्ट की स्कूल की संपत्ति में कुछ लोगों ने जबरदस्ती घुसपैठ की थी। इस घटना को लेकर ट्रस्टी ने शिवाजीनगर पुलिस थाने और धर्मादाय आयुक्त कार्यालय, मुंबई को लिखित शिकायत दी थी। आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता को पुलिस सहायता और ट्रस्ट की संपत्ति पर नियंत्रण बनाए रखने के एवज में तीन लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। बातचीत के बाद यह राशि ढाई लाख रुपये तय हुई। एसीबी द्वारा की गई पूर्व जांच और पुष्टि के आधार पर,13 मई को जाल बिछाया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी ने एक लाख रुपए की पहली किश्त स्वीकार की,जिसके तुरंत बाद एसीबी की टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई एसीबी की मुंबई इकाई द्वारा की गई और इसे जिसके बाद मामले में एफआईआर दर्ज की गई है।
एसीबी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की रिश्वत मांगने की जानकारी तुरंत विभाग को दें ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# मुंबई और पुणे में ड्रग रैकेट का भंडाफोड़...

## 10 करोड़ रुपए की मूल्य का हशीश जब्त



**मुंबई।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने पुणे हवाई अड्डे और मुंबई में करीब 10.3 करोड़ रुपये मूल्य की हशीश सहित मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी। मामले में दो को गिरफ्तार भी किया गया है। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए डीआरआई की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने सोमवार को बैंकॉक से पुणे उतरने पर दो यात्रियों को रोका. इस दौरान जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके बैगेज से 9.86 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (एक प्रकार का मारिजुआना) के एयरटाइट पाउच बरामद किए गए.वहीं, मुंबई में भी इसी तरह की कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार व्यक्ति के पास से तलाशी में हशीश और हाइड्रोपोनिक वीड सहित 478 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। डीआरआई ने कहा कि तीनों व्यक्तियों जिनकी पहचान उजागर नहीं की गई है. आपको बता दें कि यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ड्रग्स को लेकर इस तरह की कार्रवाई की गई. इससे पहले भी महाराष्ट्र के अलग-अलग जिलों से कई लोगों की ड्रग्स मामले को लेकर गिरफ्तारी की जा चुकी है।

# सोने की चेन स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

**भायंदर।** भायंदर ( पूर्व ) तालाब रोड़ निवासी शांति सखाराम खापरे नामक महिला ने सोने की चेन स्नैचिंग की शिकायत नवघर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता महिला ने बताया की वह तालाब रोड़ स्थित अपने घर में जा रही थी उसी वक्त एक युवक ने उनकी 48 हजार रुपए किमत की सोने की चेन खींच कर फरार हो गया। महिला की शिकायत के बाद नवघर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक घिरज कोली एवं उनकी टीम द्वारा अगल बगल के सीसीटीवी कैमरे की जांच करके भायंदर ( पूर्व ) स्थित जेसल पार्क निवासी रितीक श्याम बहादुर सिंह को गिरफ्तार किया । गिरफ्तार युवक की उम्र 25 साल है। नवघर पुलिस ने इस घटना के तीन घंटे में ही आरोपी युवक को गिरफ्तार करके उसके पास से सोने की चेन बरामद कर ली है ।

# नाबालिग के साथ दुराचार

महानगर संवाददाता
मुंबई

नौ साल के बच्चे के साथ दुराचार करने का मामला सामने आया है। संबंधित मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 16 साल के नाबालिग को गिरफ्तार किया है,जिसके बाद उसे डोंगरी रिमांड होम में भेज दिया गया है। दरअसल स्कूल की छुट्टी पड़ने के बाद बच्चा बाहर खेलने जाता था। सोमवार की रात वह घर के बाहर खेलने गया आरोपी ने उसे बुलाया और उसके साथ दुराचार किया। आरोपी ने उसे धमकी भी दी कि वह इस घटना को किसीको न बताए। बताने पर उसे मारने की धमकी दी गई। लेकिन बच्चे ने हिम्मत दिखाई और घटना की जानकारी परिवारवालों को दी। परिवार वाले पुलिस थाने में पहुंचे और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाया। बच्चे की जांच राजावाड़ी अस्पताल में करवाई गई है। पुलिस मामले की अधिक जांच करने में जुटी है।


भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका, भिवंडी. जि. ठाणे

जाहीर ई निविदा क्रं. ०९

खालील कामे करण्याकरीता सक्षम व अनुभवी गर्व्हमेंट व्हॅल्युअर कडून ई निविदा मागविण्यात येत आहे.

| ई निविदा क्र./अंदाजित खर्च/ई निविदा फी/ कामाचे स्वरुप | ई निविदा स्विकारण्याची अंतीम तारीख |
|---|---|
| दि. ०७/०६/२०२५ ते दि. ०९/०६/२०२५ रोजीच्या कालावधीत भिवंडी मनपा कार्यक्षेत्रात विशेष स्वच्छता मोहिम अंतर्गत मनपा सुचवेल अशा ठिकाणी स्वच्छता विषयक कामे करणेसाठी सर्वसाधारणपणे प्रथम दिवशी ९३८, द्वितीय ८८२ व तृतीय ८८२ असे एकूण २७०२ मजूर घेणेचे असून (आवश्यकते नुसार मजुरांच्या संख्ये मध्ये वाढ अथवा घट होईल) मेहनताना तत्वावर मजुर घेणेसाठी ई-निविदा पद्धतीने सदर कामासाठी प्रतिदिन प्रति मजुर दर मागविण्यात येत आहे. मजुर पुरवठाधारक यांनी पुरवठा मजुरास सुचिवलेल्या ठिकाणची सफाई कामकरणेसाठी आवश्यक सुरक्षा साधना, जंतुनाशक, दुर्गंधीनाशक हार्डवेअर सफाई साहित्य, नियुक्त कर्मचारी वर्गाची खान-पान व्यवस्था करणे इत्यादीसह मनपा कार्यक्षेत्रात कायदा व सुव्यवस्थेचे पालन करुन मजुर पुरवठा करणेंचे असल्याने संबंधित पुरवठाधारक यांनी त्याप्रमाणे प्रति दिन प्रति मजुराचे प्रति दिन प्रति मजुरांचे ESIC & EPFO वगळून इतर करासह दर सादर करावयचे आहे. | दि. १५/०५/२०२५ पासून दि. २२/०५/२०२५ पर्यंत |

| अंदाजपत्रकीय रक्कम | इसारा रक्कम | कामाची सुरक्षा रक्कम | निविदापत्राची रुपये |
|---|---|---|---|
| रु. २०,४१,९०१/- | रु. २०,४२०/- | रु. ६१,२६०/- | रु. ५,१००/- |

सदर ई निविदा मनपा संकेतस्थळावर https:/.mahatenders.gov.in वर दि. / / २०२५ पासून उपलब्ध आहेत. आपल्या ई-निविदा वर नमुद केलेल्या तारखेच्या १५.०० वा. पर्यंत पाठविण्यात याव्यात. तसेच निविदे सोबत अपूर्ण कागदपत्र असल्यास सदर कागदपत्रे सादर करण्यासाठी कुठलाही वेळ कालावधी, किंवा सवलत दिला जाणार नाही. निविदेसोबत शुद्धीपत्रक काढणेची गरज भासलेस ते https:/.mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावर उपलब्ध होईल.

सही/-
उप आयुक्त (घनकचरा)
भिवंडी निजामपूर शहर महानगरपालिका



बृहन्मुंबई महानगरपालिका
(सीवरेज संचालन विभाग)
ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| निविदा आईडी | 2025_एमसीजीएम_1178778 |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | **मुख्य मलनिस्सारण पूर्व उपनगर विभाग में उच्च क्षमता के ऑटो प्राइम डिवॉटरिंग पंप्स - 02 संख्या के संचालन हेतु सेवा प्रदान करने का कार्य.** |
| निविदा जांच शुल्क | **रु. 3,630/- + (18% जीएसटी) = रु. 4,284/-** |
| ई-निविदा लागत (अनुमानित लागत) | (दर आधारित निविदा) |
| बोली सुरक्षा जमाराशि / ईएमडी | **रु. 15,500/-** |
| निविदा जारी करने व बिक्री की तिथि | 15.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| लिफाफा 'ए', 'बी' एवं 'सी' जमा करने की अंतिम तिथि व समय (ऑनलाइन) तथा (बोली सुरक्षा जमा की स्वीकृति) | 21.05.2025 को सायं 16:00 बजे तक |
| लिफाफा ए एवं बी का खुलना | 22.05.2025 को सायं 16:10 बजे के बाद |
| लिफाफा सी का खुलना | लिफाफा ए एवं बी के मूल्यांकन के पश्चात |
| संपर्क का पता | **उप मुख्य अभियंता (म.नि.) पी एंड एम एस उपविभाग, वर्सोवा पम्पिंग परिसर, जे.पी. रोड व रिलीफ रोड जंक्शन, अंधेरी (प.), मुंबई - 400053** |
| बोली खुलने का स्थान | **ई.ई. मेके. (एम.एस.) ई.एस. पुराना घाटकोपर पम्पिंग स्टेशन, शॉपर्स स्टॉप के पास, घाटकोपर-माहुल रोड, घाटकोपर (पूर्व), मुंबई - 400089** |
| **महाटेंडर पोर्टल** | https://mahatenders.gov.in |

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है.
मनपा के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

हस्ता./-
(श्री आर.डी. राजपूत)
ई.ई. मेके. (एम.एस.) ई.एस.

पीआरओ/386/विज्ञा.2025-26

कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.

# पाक के परमाणु ठिकाने पर अमेरिका का नियंत्रण!


सात मई, 2025 को भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चला कर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की जिसे भारत ने फेल कर दिया। शनिवार (10 मई, 2025) की सुबह पाकिस्तान ने एक मिसाइल भारत पर दागी। इसे सिरसा में मार गिराया गया। आशंका जताई गई कि यह पाकिस्तान की फतह-।। बैलिस्टिक मिसाइल थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस उड़ा दिए। इनमें एयरबेस नूर खान और मुशाफ भी थे। नूर खान एयरबेस पाकिस्तान के रावलपिंडी में है और राजधानी इस्लामाबाद से मात्र 10 किलोमीटर दूर स्थित है। यह एयरबेस पाकिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण एयरबेस में से एक है। यहाँ पाकिस्तान के सी-130 कार्गो, आईएल-76 रिफ्युलर समेत कई महत्वपूर्ण विमान तैनात रहते हैं जबकि मुशाफ एयरबेस पाकिस्तान के सरगोधा में है। मुशाफ एयरबेस से भारत सीमा से मात्र 150 किलोमीटर की दूरी पर है। इस एयरबेस पर पाकिस्तान के एफ-16, जेएफ-17 और मिराज समेत कई महत्वपूर्ण विमान तैनात रहते हैं। यह भी बताया जा रहा हैं कि यहां स्थित कई विमानों को भारत के हमले ने नुकसान पहुँचाया है। इसकी तस्वीरें भी सामने आई है। सैटेलाईट से ली गई तस्वीरों में भी भारतीय हमले का असर साफ दिखा है। पाकिस्तान वो मुल्क है जिले अपनी अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए भीख की ज़रूरत पड़ती है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सच में पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों का संचालन खुद करता है? यह सवाल आज एक बार फिर प्रासंगिक हो उठा है जब हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमित समय के लिए एक तीव्र लेकिन टारगेटेड युद्ध हुआ और उसके उपरांत अचानक युद्धविराम की घोषणा भी कर दी गई। कई रणनीतिक विश्लेषकों और अंतरराष्ट्रीय जानकारों की माने तो पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम कभी पूरी तरह पाकिस्तान के नियंत्रण में था ही नहीं। 1998 से पहले अमेरिका, सऊदी अरब और चीन की सम्मिलित छत्रछाया में विकसित हुआ यह जखीरा असल में 'नियंत्रण का यंत्र' था — भारत को घेरने का, चीन की सुरक्षा करने का और अमेरिका की मध्य एशिया में मौजूदगी बनाए रखने का। पाकिस्तान की माली हालत, उसकी तकनीकी अक्षमता, और लगातार फेल होती संस्थाएं ये साबित करती हैं कि वह अपने परमाणु बमों को न ही वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित रख सकता है और न ही उसे लॉजिस्टिकली लॉन्च कर सकता है। फिर सवाल यह है कि इतने संवेदनशील और विनाशकारी हथियार आखिर किसके भरोसे हैं? क्या यह संभव है कि इन जखीरे की 'अल्टीमेट ऑथोरिटी' आज भी अमेरिका के पास हो क्योंकि जिस देश के पास ढंग का फाइटर जेट खरीदने की औकात नहीं, जिसे F-16 तक में गड़बड़ करने के लिए बार-बार अमेरिका से मदद मांगनी पड़ती है। वह देश अपने परमाणु हथियारों को कैसे मेंटेन कर सकता है? पिछले सप्ताह जब हिंदुस्तान ने अपनी मिसाइलों से पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जिनमें कुछ एयरबेस, रडार स्टेशन और लॉजिस्टिक हब शामिल थे तो खबरें आने लगीं कि इन ठिकानों में से कुछ अमेरिका की सहायता से संचालित किए गए हैं। इस पर अमेरिका की प्रतिक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। सुबह कहा गया, "यह भारत-पाकिस्तान का मामला है, अमेरिका इसमें नहीं पड़ेगा।" और शाम होते-होते राष्ट्रपति ट्रंप ने खुद युद्धविराम की घोषणा कर दी। क्या यह अमेरिका की रणनीतिक हड़बड़ी नहीं दर्शाती? कहा गया कि हिंदुस्तान ने पाकिस्तान के एक संभावित परमाणु ठिकाने पर भी हमला किया जिससे रेडिएशन रिसाव का खतरा मंडराने लगा था। अगर यह सच है तो यह हमला न केवल पाकिस्तान को बल्कि उस ठिकाने की असली छाया शक्ति यानी अमेरिका को भी सीधा संकेत था कि हिंदुस्तान अब झुकने वाला नहीं है। युद्ध शुरू होने से लेकर युद्धविराम तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया। यह चुप्पी कोई राजनीतिक हिचक नहीं थी, बल्कि रणनीतिक थी। इससे दुनिया को साफ संदेश गया कि भारत अब युद्ध की धमकियों से नहीं डरता बल्कि वैश्विक बिरादरी की नब्ज को समझते हुए आगे बढ़ता है। प्रधानमंत्री की इस 'चुप कूटनीति' ने पाकिस्तान को महत्वहीन बना दिया। उसे 'बराबरी के स्तर' पर रखकर जवाब नहीं दिया गया बल्कि जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के तौर पर भारत ने अपनी छवि को और मजबूत किया। जब ट्रंप ने कहा कि "इस युद्ध में 25 से 30 लाख लोग मारे जाते" तो उनका यह डर सिर्फ एशिया के लिए नहीं था। असल में यह डर इस बात का था कि अगर पाकिस्तान का कोई परमाणु ठिकाना बिखरता है या फटता है तो अमेरिका के उस गुप्त सैन्य नेटवर्क का भी पर्दाफाश हो सकता है जिसे वो दशकों से पाकिस्तान में बनाए हुए था — शीतयुद्ध के दौर से लेकर तालिबान के खिलाफ युद्ध तक। भारत ने यह साबित कर दिया कि जब चाहे तब किसी भी 'लाल रेखा' को पार कर सकता है और अगर आज की वार्ता में गिलगित-बाल्टिस्तान व POK के लिए कोई निर्णायक पहल होती है तो यह उस रणनीति की अगली कड़ी होगी, जिसमें पाकिस्तान को दबाकर वैश्विक शक्तियों को हिंदुस्तान के आगे झुकने पर मजबूर किया गया। अमेरिका को भी यह समझ आ गया है कि अब एशिया में शक्ति संतुलन बदल रहा है। हिंदुस्तान अब न केवल आत्मनिर्भर है बल्कि आत्मरक्षक भी। अगर पाकिस्तान के परमाणु हथियार असल में अमेरिका के नियंत्रण में हैं और अगर हिंदुस्तान ने उस पर हमला कर यह दिखा दिया कि वह किसी की परवाह नहीं करता तो यह एक युद्ध के बाद का सबसे बड़ा रणनीतिक बदलाव है। पाकिस्तान अब महज़ मोहरा है, असली खेल अब अमेरिका, चीन और भारत के बीच है और इस शतरंज में भारत ने अब अपनी चालें खुलकर चलनी शुरू कर दी हैं।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*ललुआ गायब हो गया, पप्पू कहां बुतान*
*ओवैसी से सीखिए, देना तनिक बयान*
*देना तनिक बयान, कहां हैं टोंटी भइया*
*ममता दीदी भूल गईं हैं भूल भुलइया*
*कह सुरेश अब दिखे नहीं दिल्ली का कलुवा*
*सबके प्रवचन बंद, कहां है संजय ललुआ*

# मोदी ने दुनिया को दिया भारत का संदेश

12 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संदेश दिया लेकिन वास्तव में यह संदेश भारत ने पूरी दुनिया को दिया है। विशेष रूप से यह संदेश पाकिस्तान, चीन और अमेरिका को दिया गया संदेश प्रतीत होता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के संवेदनशील इलाकों को निशाना बनाकर बता दिया है कि अब वो पाकिस्तान की परमाणु बम वाली धमकी से नहीं डरता है।



भारत-पाक संघर्ष के बाद उत्पन्न हुई परिस्थितियों में जितनी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ मोदी जी ने अपनी बात रखी है इससे पहले भारत के किसी प्रधानमंत्री ने नहीं रखी होगी । अपने संदेश से उन्होंने पूरी दुनिया को चेतावनी दी है कि नया भारत अब अपनी शर्तों पर बात करेगा। जनता का विश्वास, भारतीय सेना की ताकत और आर्थिक शक्ति से भरपूर भारत के प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया को बताया कि भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता से कोई समझौता नहीं कर सकता । भारत अब वो देश नहीं रहा जिसके नागरिकों की सामूहिक हत्या करने वाले आतंकवादी अपने आकाओं के दामन में छुपकर बच जाया करते थे । उन्होंने पाकिस्तान की जनता को भी संदेश दिया है कि उनका पाकिस्तान की जनता से कोई बैर नहीं है। उनकी सरकार अगर आतंकवाद में शामिल रहती है तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। यही कारण है कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ हुए सिंधु जल समझौते को रद्द कर दिया है। पाकिस्तान की जनता अगर अपने शासकों पर दबाव बनाकर आतंकवाद की नीति पर विराम नहीं लगवा पाती है तो उसे बड़ी कीमत चुकानी होगी। अब पाकिस्तान की जनता के मन में भी सवाल है कि भारत जैसे शांत देश ने उनके देश पर हमला क्यों किया और चार-चार युद्धों के बावजूद सिंधु जल समझौते को कायम रखा गया लेकिन अब ऐसा क्या हो गया है कि भारत इतना आक्रामक हो गया है। वास्तव में पाकिस्तान पिछले 50 सालों से भारत पर आतंकवादी हमले करवा रहा है। पहले अमेरिकी शह की वजह से हम उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर सकते थे लेकिन जब से पाकिस्तान परमाणु शक्ति बना है तब से वो हमें परमाणु बम की धमकी देकर डराता आ रहा है। वाजपेयी सरकार और मनमोहन सिंह सरकार के दौरान पाकिस्तान ने भारत पर बड़े आतंकवादी हमले किये लेकिन भारत परमाणु बम की धमकी से डरकर उसके खिलाफ बड़ी कार्यवाही से बचता रहा । 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद यह डर कुछ कम होता दिखाई दे रहा था। 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 में एयर स्ट्राइक करके यह दिखाया कि वो पाकिस्तान के परमाणु बम की धमकी से नहीं डरता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के संवेदनशील इलाकों को निशाना बनाकर बता दिया है कि अब वो पाकिस्तान की परमाणु बम वाली धमकी से नहीं डरता है। मोदी ने स्पष्ट रूप से घोषणा कर दी है कि अब भारत पाकिस्तान की परमाणु बम वाली ब्लैकमेलिंग को नहीं मानता । उन्होंने कहा है भारत आतंकवादी ठिकानों पर बिना किसी परवाह के सटीक प्रहार करेगा। देखा जाए तो ये नए भारत की हुंकार है कि वो अब पाकिस्तान जैसे परमाणु हथियारों वाले देश पर आतंकवादी हमले होने पर सीधी कार्यवाही करेगा। जो दुनिया भारत को पाकिस्तान से बात करने और उसके द्वारा फैलाए जा रहे आतंकवाद के साथ जीने की सलाह दे रही थी, वो भारत की इस गर्जना से हतप्रभ है। भारत ने बता दिया है कि पाकिस्तान परमाणु बम के पीछे छुपकर बच नहीं सकता। मोदी ने अपने संबोधन में पाकिस्तान को चेतावनी दे दी है कि अब आतंकवादी हमले के जवाब में भारत हमला कर सकता है । यह हमला कितना बड़ा और कैसा होगा, यह भी भारत ही तय करेगा। युद्ध विराम को लेकर भारत की जनता के मन में कई सवाल हैं, जिनका जवाब मोदी जी ने अपने राष्ट्र के नाम संदेश में दिया है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब भारतीय सैन्य बलों ने पाकिस्तान में घुसकर जबरदस्त तबाही मचा दी और पाकिस्तान पंगु हो गया तो वो कई देशों के पास बचाने की गुहार लेकर गया। उसके डीजीएमओ ने भारत में अपने समकक्ष से युद्ध विराम करने की गुहार लगाई तो हमने युद्ध रोक दिया । भारत में कई लोगों का कहना है कि भारत को युद्ध नहीं रोकना चाहिए था बल्कि पाकिस्तान में और तबाही मचानी चाहिए थी । इसको लेकर भारत में मोदी समर्थकों में भी निराशा और गुस्सा है। मेरा मानना है कि युद्ध किसी समस्या का हल नहीं होता, युद्ध केवल शक्ति प्रदर्शन का माध्यम है। भारत ने न केवल पाकिस्तान बल्कि पूरी दुनिया को अपनी शक्ति का अहसास अच्छी तरह से करवा दिया है। इस सच्चाई से कोई इंकार नहीं कर सकता कि युद्ध शुरू करना आसान होता है लेकिन युद्ध बंद करना बहुत मुश्किल होता है। इसे हम रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास युद्ध से समझ सकते हैं। भारत की सरकार ने यह बहुत अच्छा किया कि मौका मिलने पर तुरंत युद्ध-विराम के लिए राजी हो गई। यह सच है कि पाकिस्तान सुधरने वाला नहीं है और फिर एक बार युद्ध हो सकता है लेकिन इस संभावना को देखते हुए युद्ध जारी रखना भी कोई अक्लमंदी का काम नहीं था। उन्होंने संदेश दे दिया है कि अगर युद्ध विराम नहीं होता तो पाकिस्तान में बड़ा विनाश हो सकता था। यह भी बता दिया है कि यह युद्ध विराम पाकिस्तान के गिड़गिड़ाने से हुआ है। इसमें यह संदेश भी छुपा हुआ है कि भारत पाकिस्तान को बर्बाद नहीं करना चाहता बल्कि वो तो आतंकवाद के खिलाफ है। अमेरिका दिखाने की कोशिश कर रहा है कि वो वैश्विक व्यापार को बचाने के लिए इस संघर्ष में कूदा है जबकि सच्चाई कुछ और नजर आती है। ऐसा लग रहा है कि पाकिस्तान की बड़ी बर्बादी की आशंका ने अमेरिका को बीच में कूदने के लिए मजबूर कर दिया । दूसरा यह भी संदेश जा रहा है कि बेशक अमेरिका बीच में आया लेकिन भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध विराम किया है और यह युद्ध विराम पाकिस्तान की किसी उकसावे वाली कार्यवाही पर भारत द्वारा तोड़ा जा सकता है । डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से जाहिर हो रहा था कि अमेरिका कश्मीर मुद्दे पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर सकता है लेकिन मोदी ने अपने संदेश में बता दिया कि भारत को इस मामले में किसी तीसरे देश की मध्यस्थता मंजूर नहीं है। भारत ने यह भी बता दिया कि उसके लिए व्यापार उसकी सुरक्षा और संप्रभुता से बढ़कर नहीं है। दूसरी बात यह कि भारत आतंकवाद के मुद्दे पर कोई समझौता करने वाला नहीं है। मोदी जी ने स्पष्ट कर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं किया गया है, वो जारी है, सिर्फ उसे रोका गया है । इसका मतलब है कि भारत की फौज सीमा पर जाकर खड़ी हो सकती है और इसके जवाब में पाकिस्तान की सेना को भी खड़ा होना होगा।

**– राजेश कुमार पासी**

# ट्रम्प का सीजफायर का दावा बना विवाद



12 मई 2025 की शाम को जब भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र के नाम अपने संबोधन की तैयारी कर रहे थे, उससे ठीक पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक ऐसा बयान दे दिया जिसने भारत-पाकिस्तान संबंधों के संवेदनशील मसले को वैश्विक सुर्खियों में ला दिया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा पर हुआ सीजफायर उनकी मध्यस्थता का परिणाम है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि इस समझौते के लिए उन्होंने दोनों देशों पर दबाव डाला और व्यापारिक रियायतों का लालच दिया। इस बयान ने न केवल भारत की कूटनीतिक संवेदनशीलताओं को चुनौती दी बल्कि घरेलू राजनीति में भी एक नया विवाद खड़ा कर दिया। ट्रम्प का बयान अपने समय और सामग्री दोनों के कारण विवादास्पद बन गया। उन्होंने दावा किया कि उनकी टीम ने रातभर चली बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान को सीजफायर के लिए राजी किया, जिसे वे एक ऐतिहासिक कूटनीतिक सफलता मानते हैं। यह दावा भारत की उस लंबे समय से चली आ रही नीति के खिलाफ था, जो शिमला समझौते (1972) के तहत भारत-पाकिस्तान संबंधों में किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को खारिज करती है। भारत ने इस बयान को तुरंत खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि सीजफायर का फैसला दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत का परिणाम था। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने साफ कहा कि इस प्रक्रिया में किसी बाहरी पक्ष की कोई भूमिका नहीं थी। भारत की यह प्रतिक्रिया न केवल उसकी कूटनीतिक स्वायत्तता की रक्षा करती थी बल्कि ट्रम्प के दावे को अतिशयोक्तिपूर्ण और समय से पहले का भी ठहराती थी। ट्रम्प के बयान का एक और पहलू जिसने विवाद को हवा दी, वह था भारत और पाकिस्तान को एक समान स्तर पर रखने का उनका रवैया। उनके बयान में यह संदेश गया कि दोनों देश बराबर की स्थिति में थे और अमेरिका ने उन्हें "परमाणु युद्ध" जैसी काल्पनिक स्थिति से बचाया। यह भारत के लिए अस्वीकार्य था, जो न केवल क्षेत्रीय शक्ति के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत मानता है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ अपनी निर्णायक कार्रवाइयों, जैसे हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर, को अपनी संप्रभुता का प्रतीक मानता है। ट्रम्प का यह दावा कि उन्होंने व्यापारिक रियायतों का प्रस्ताव दिया, भारत की उस छवि के खिलाफ था जो वह एक स्वतंत्र और आत्मनिर्भर शक्ति के रूप में पेश करता है। पाकिस्तान की प्रतिक्रिया ने इस विवाद को और जटिल बना दिया। ट्रम्प के बयान के तुरंत बाद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने इसका स्वागत किया और सीजफायर की पुष्टि की। यह त्वरित प्रतिक्रिया भारत की तुलना में कहीं अधिक उत्साहपूर्ण थी, जिसने कुछ हद तक यह धारणा बनाई कि पाकिस्तान इस मध्यस्थता को स्वीकार करने के लिए अधिक इच्छुक था हालांकि, इस धारणा को तब झटका लगा जब सीजफायर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की। इस उल्लंघन ने न केवल ट्रम्प की मध्यस्थता की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए, बल्कि यह भी रेखांकित किया कि पाकिस्तान की प्रतिबद्धता कितनी अविश्वसनीय हो सकती है। इस पूरे प्रकरण में विपक्ष की भूमिका भी ध्यान देने योग्य है। भारत में विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, ने इस तनावपूर्ण स्थिति में सरकार के साथ एकजुटता दिखाई है। ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर के फैसले को लेकर विपक्ष ने सरकार की रणनीति का समर्थन किया, जो राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने का प्रतीक था। फिर भी, ट्रम्प के बयान ने विपक्ष को एक अवसर प्रदान किया है। कांग्रेस ने सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने और विदेश नीति में पारदर्शिता की मांग की है। कुछ विपक्षी नेताओं ने ट्रम्प के दावे को आधार बनाकर यह सवाल उठाया कि क्या भारत ने वास्तव में अमेरिकी दबाव में यह फैसला लिया। यह सवाल भले ही तथ्यपूर्ण आधार से कमजोर हो लेकिन यह सरकार की उस छवि को चुनौती देता है जो वह एक मजबूत और स्वतंत्र नेतृत्व के रूप में पेश करती है। मोदी सरकार और खास तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत छवि पर इस विवाद का प्रभाव मिश्रित है। एक ओर, ट्रम्प के बयान ने यह धारणा बनाने की कोशिश की कि भारत ने बाहरी दबाव में सीजफायर स्वीकार किया, जो मोदी की उस छवि के खिलाफ है जो आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस और क्षेत्रीय प्रभुत्व पर आधारित है। सोशल मीडिया पर कुछ आलोचकों ने इसे कूटनीतिक कमजोरी करार दिया, यह दावा करते हुए कि अमेरिका ने भारत को अपनी शर्तों पर झुकाया। खासकर, ट्रम्प का कश्मीर मुद्दे के "दीर्घकालिक समाधान" का जिक्र भारत की संवेदनशीलताओं को नजरअंदाज करने वाला था, जिसने राष्ट्रवादी भावनाओं को आहत किया। दूसरी ओर, भारत की त्वरित और स्पष्ट प्रतिक्रिया ने इस नुकसान को काफी हद तक नियंत्रित किया। विदेश मंत्रालय का खंडन और मोदी का राष्ट्र के नाम संबोधन, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी और आतंकवाद के खिलाफ अडिग रुख दोहराया, ने उनकी मजबूत नेतृत्व की छवि को बरकरार रखा। यह भी उल्लेखनीय है कि सीजफायर की पहल पाकिस्तान के डीजीएमओ की ओर से आई और भारत ने इसे अपनी शर्तों पर स्वीकार किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पहले ही पाकिस्तान की सैन्य और कूटनीतिक कमजोरी को उजागर कर दिया था, जिससे भारत की क्षेत्रीय श्रेष्ठता की छवि मजबूत हुई। ट्रम्प की विश्वसनीयता पर तब और सवाल उठे जब पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा, जिसने विवाद का केंद्र अमेरिका की ओर शिफ्ट कर दिया। इस पूरे प्रकरण से एक बात स्पष्ट होती है कि वैश्विक कूटनीति में बयानों का समय और संदर्भ कितना महत्वपूर्ण होता है। ट्रम्प का बयान, जो शायद उनकी घरेलू राजनीति को मजबूत करने का प्रयास था, ने भारत जैसे संप्रभु राष्ट्र की संवेदनशीलताओं को नजरअंदाज किया।

**– जयसिंह रावत**

# त्याग की प्रतिमूर्ति माता सीता

रामायण की कथा के अनुसार त्रेतायुगीन मिथिला नरेश राजा जनक की ज्येष्ठ पुत्री सीता का जन्म बिहार के मिथिला नाम से विख्यात स्थान में हुआ था, जो आगे चलकर सीतामढ़ी नाम से प्रसिद्ध हुआ। सीता को जानकी, भूमिपुत्री, जनकात्मजा, रामवल्लभा, भूसुता, मैथिली, सिया आदि नामों से श्रीराम से संबंधित ग्रंथों में संबोधित किया गया है। मान्यतानुसार मिथिला के राजा जनक ने खेतों में हल जोतते समय भूमि में अटके एक पेटी में इन्हें पाया था। कतिपय कथाओं के अनुसार राजा जनक और रानी सुनयना के गर्भ में इनके कलाओं एवं आत्मा की दिव्यता को महर्षि याज्ञवल्क्य द्वारा स्थापित किया गया तत्पश्चात सुनयना ने अपनी मातृत्व को स्वीकार किया और पालन किया। उर्मिला उनकी छोटी बहन थीं। राजा जनक की पुत्री होने के कारण ये जानकी, जनकात्मजा अथवा जनकसुता तथा मिथिला की राजकुमारी होने के कारण यें मैथिली नाम से भी प्रसिद्ध है। भूमि में पाये जाने के कारण इन्हे भूमिपुत्री अथवा भूसुता भी कहा जाता है। कालांतर में देवी सीता का विवाह अयोध्या नरेश राजा दशरथ के ज्येष्ठ पुत्र श्रीराम से स्वयंवर में शिवधनुष को भंग करने के उपरांत हुआ। उन्होंने अपने जीवन में नारी मर्यादा की अत्यंत उच्च गरिमामयी परंपरा में स्त्री व पतिव्रता धर्म का पूर्णरूप से पालन कर इतना बड़ा त्याग किया कि वह युगों-युगों तक पवित्रता शब्द की ही पर्याय बन गई। अपने समर्पण, आत्म बलिदान, साहस और पवित्रता के लिए तथा एक आदर्श नारी के रूप में वे आज भी जनमानस में उदाहरण के रूप में प्रस्तुत की जाती हैं। आज भी उनका नाम अत्यंत सम्मानपूर्वक, बहुत आदर और नमनीय रूप से स्मरण किया जाता है। त्रेतायुग में ही इन्हें सौभाग्य की देवी लक्ष्मी का अवतार कहा गया है। श्रीराम कथा से संबंधित ग्रंथों के समग्र पठन, समीचीन अध्ययन, अनुश्रवण व चिंतन से सीता कथा सभी प्राणियों के पापों का नाश करने और सबका कल्याण करने वाली सिद्ध होती है। सभी की निर्धनता को दूर कर धन प्रदान करने वाली, अपने भक्तों की प्रत्येक इच्छा को पूर्ण करने में सक्षम विदेह अर्थात जनक राजा की पुत्री राघव अर्थात श्रीराम के आनंद का कारण है। भूमि की पुत्री व उसमें से प्रकट हुई विद्या का स्वरुप शिवरुपी यह प्रकृति ही है। पुलस्त्य ऋषि के वंशज रावण के अहंकार व शक्ति का अंत करने वाली माता सरस्वती के रूप में नमनीय है। वे आज भी सभी पतिव्रता नारियों की आधार बनी हुई हैं और सभी उनसे ही शिक्षा ग्रहण करती हैं। वे अपने पिता जनक की आत्मा हैं अर्थात उनके प्राणों में बसती हैं। इसीलिए लोग आज भी पापरहित, पवित्र, समृद्धि प्रदान करने वाली, सब पर कृपा बरसाने वाली श्रीहरि को अत्यधिक प्रिय माता सीता का नमन करते हैं। क्षीरसागर में लक्ष्मी के रूप में विराजित, सबको शुभ फल देने वाली, आत्मविद्या प्रदान करने वाली देवी के तीनों रूपों को नमन करते हैं। चंद्रमा की बहन के समान शीतल गुणों वाली सीता के रूप में सबसे सुंदर और धर्म रक्षक, करुणामयी व वेदों की माता मान उन्हें प्रणाम करते हैं। कमल पुष्पासिनी, हस्त कमल धारिणी, विष्णु हृदय निवासिनी देवी को चंद्रमा के आभामंडल में रहने और चंद्रमा के समान ही शीतल गुणों वाली मानते हैं।

**– अशोक प्रवृद्ध**

आज का कार्टून

साभार




# राजनीति में भाषा का गिरता स्तर

लोकतंत्र का आधार है विचारों का स्वतंत्र और सम्मानजनक आदान-प्रदान। जब राजनीतिक भाषा अपमानजनक और भड़काऊ हो जाती है तो यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करती है। लोग तथ्यों और नीतियों पर चर्चा करने के बजाय व्यक्तिगत हमलों और भावनात्मक मुद्दों में उलझ जाते हैं। इससे जनता का ध्यान महत्वपूर्ण मुद्दों से हट जाता है। आक्रामक और भड़काऊ भाषा समाज में विभाजन को बढ़ावा देती है। जब नेता धर्म, जाति, क्षेत्र या अन्य आधारों पर भड़काऊ बयान देते हैं तो यह सामाजिक समूहों के बीच अविश्वास और तनाव को जन्म देता है। भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में यह विशेष रूप से खतरनाक है, क्योंकि यह सामाजिक एकता को खतरे में डाल सकता है। भड़काऊ भाषा का सबसे गंभीर परिणाम है हिंसा को बढ़ावा देना। इतिहास में कई उदाहरण हैं, जहां नेताओं के भड़काऊ बयानों के कारण दंगे, हिंसा और सामाजिक अशांति फैली है। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसी भाषा तेजी से फैलती है और इसके परिणामस्वरूप हिंसक घटनाएं बढ़ रही हैं। राजनीति समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल नीतियों और प्रशासन को आकार देती है, बल्कि सामाजिक मूल्यों, संस्कृति और नैतिकता को भी प्रभावित करती है। राजनीति में भाषा का उपयोग नेताओं और जनता के बीच संवाद का प्रमुख माध्यम है। यह भाषा न केवल विचारों को व्यक्त करती है, बल्कि समाज में वैचारिक और भावनात्मक प्रभाव भी डालती है. हाल के वर्षों में राजनीतिक भाषा का स्तर तेजी से गिरता जा रहा है। व्यक्तिगत हमले, अपमानजनक टिप्पणियां, भड़काऊ बयान और असभ्य भाषा का उपयोग अब आम बात हो गई है। यह प्रवृत्ति न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है बल्कि समाज में विभाजन, हिंसा और अविश्वास को भी बढ़ावा दे रही है। आधुनिक युग में मीडिया और सोशल मीडिया ने राजनीतिक संवाद को नया रूप दिया है। ट्विटर, फेसबुक और अन्य डिजिटल मंचों ने नेताओं को जनता से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान किया है। हालांकि, इन मंचों पर संक्षिप्त और आकर्षक संदेशों की मांग ने भाषा को सनसनीखेज और आक्रामक बना दिया है। नेताओं द्वारा की गई छोटी-छोटी टिप्पणियां या मीम्स अक्सर व्यक्तिगत हमलों या अपमानजनक भाषा का रूप ले लेते हैं। इसके अलावा, न्यूज़ चैनलों की प्रतिस्पर्धा ने भी भड़काऊ और अतिशयोक्तिपूर्ण बयानों को बढ़ावा दिया है, क्योंकि यह अधिक दर्शकों को आकर्षित करता है। भारत सहित विश्व के कई देशों में राजनीतिक ध्रुवीकरण अपने चरम पर है। विभिन्न विचारधाराओं और दलों के बीच बढ़ती खाई ने संवाद को कटु बना दिया है। नेताओं के बीच विचार-विमर्श के बजाय एक-दूसरे पर कीचड़ उछालना आम हो गया है। इस ध्रुवीकरण ने भाषा को न केवल आक्रामक बनाया है बल्कि इसे वैचारिक हिंसा का हथियार भी बना दिया है। आज के दौर में कई नेता पॉपुलिस्ट रणनीतियों का सहारा लेते हैं जिसमें वे जनता की भावनाओं को भड़काने के लिए सरल और आक्रामक भाषा का उपयोग करते हैं। यह भाषा अक्सर तथ्यों और तर्कों से परे होती है और केवल भावनात्मक उत्तेजना पैदा करने पर केंद्रित होती है। जनता भी ऐसी भाषा को तुरंत स्वीकार कर लेती है, क्योंकि यह उनकी निराशा और गुस्से को प्रतिबिंबित करती है। पहले के समय में राजनीतिक नेताओं के बीच एक निश्चित स्तर की गरिमा और शालीनता देखी जाती थी। आज वो स्थिति नदारद है। आज कई नेता व्यक्तिगत हमलों और अपमानजनक भाषा का सहारा लेते हैं, क्योंकि वे इसे अपनी लोकप्रियता बढ़ाने का आसान तरीका मानते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल नेताओं के बीच, बल्कि उनके समर्थकों और जनता में भी फैल रही है। राजनीतिक भाषा का स्तर गिरने का एक कारण यह भी है कि जनता में तथ्य-आधारित और तार्किक संवाद की मांग कम हो रही है। कई बार लोग बिना सोचे-समझे नेताओं की आक्रामक और अपमानजनक भाषा का समर्थन करते हैं। शिक्षा और जागरूकता की कमी के कारण जनता ऐसी भाषा को सामान्य मानने लगती है। राजनीतिक भाषा का गिरता स्तर नई पीढ़ी के लिए एक गलत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। जब बच्चे और युवा नेताओं को अपमानजनक और आक्रामक भाषा का उपयोग करते देखते हैं, तो वे इसे सामान्य मानने लगे हैं। इससे समाज में नैतिकता, सम्मान और शालीनता जैसे मूल्यों का ह्रास हो रहा है।

**– संदीप सृजन**

# नालंदा में CM नीतीश के बेटे के समर्थन में नारेबाजी

## मां की पुण्यतिथि पर पहुंचे थे कल्याण बिगहा, विधानसभा चुनाव के सवाल पर बोले- ठीक है

महानगर नेटवर्क

नालंदा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत के समर्थन में एक बार फिर नालंदा में जेडीयू कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की है। निशांत बुधवार को अपनी मां मंजू सिन्हा की पुण्यतिथि पर नालंदा के कल्याण बिगहा पहुंचे थे। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि बिहार का भविष्य कैसा हो... निशांत कुमार जैसा हो। कार्यकर्ताओं ने जय नीतीश और जय समाजवाद के नारे भी लगाए। हालांकि, जब निशांत कुमार से विधानसभा चुनाव से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने ठीक है कहा और आगे निकल गए।



### मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी

निशांत के अलावा नीतीश कुमार भी अपनी पत्नी मंजू सिन्हा की पुण्यतिथि पर नालंदा में अपने पैतृक गांव कल्याण बिगहा पहुंचे थे। दोनों पटना से एक साथ आए थे। हालांकि जब नारेबाजी हो रही थी, तब नीतीश और निशांत साथ नहीं थे। सबसे पहले देवी स्थान पहुंचकर निशांत ने पूजा-अर्चना की। उसके बाद स्वर्गीय वैद्यराज रामलखन सिंह वाटिका पहुंचे। वहां मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं, नीतीश कुमार ने भी देवी स्थान पर पत्नी को याद किया। इसके बाद पिता स्व. रामलखन सिंह और मां स्व. परमेश्वरी देवी की प्रतिमा पर भी पुष्प अर्पित किया।

### साल 2024 से निशांत कुमार के JDU जॉइन करने की चर्चा

निशांत कुमार के JDU में आने की चर्चा पिछले साल से हो रही है। भागलपुर के गोपालपुर से जदयू विधायक गोपाल मंडल समेत कई अन्य नेता भी चाह रहे हैं कि निशांत राजनीति में आएं। हालांकि, पार्टी के कुछ बड़े नेता लगातार इस तरह की संभावनाओं को खारिज करते रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी निशांत की राजनीति में आने की चर्चा ने जोर पकड़ा था। बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत की जेडीयू में आने की चर्चा सियासी गलियारे में तेज हो गई है।

# मां ने 4 बच्चों को जहर खिला खुद भी खाया

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले से बड़ी खबर आ रही है। औरंगाबाद जिले के रफीगंज स्टेशन परिसर में प्लेटफॉर्म पर महिला ने अपने चार बच्चों को जहर खिला दिया। और खुद भी खा लिया। जिसमें महिला और तीन बच्चों की मौत हो गई है। जबकि एक बच्चे को अस्पताल रेफर किया गया है। मृतकों में मां सोनिया देवी, 5 साल की सूर्यमणि कुमारी, 3 साल की राधा कुमारी, 1 साल की शिवानी शामिल हैं। 6 साल के रितेश कुमार की हालत खराब है और उसका इलाज चल रहा है। अपने ही चार बच्चों को जहर खिलाने वाली मां ने खुद भी जहर खा लिया।सभी गोह प्रखंड के बन्देया थाना के झिकटिया गांव के रहने वाले हैं। महिला के पति का नाम रवि बिंद बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, मंगलवार की रात महिला का अपने पति से झगड़ा हुआ था। इसके बाद बुधवार को दोपहर में महिला ने यह आत्मघाती कदम उठा लिया।

## गया में बेटी की जुदाई का गम बर्दाश्त नहीं कर सका पिता

# समधी मिलन के दौरान तोड़ दिया दम

महानगर नेटवर्क

गया

गया में उस वक्त पूरा गांव रोने लगा, जब एक पिता ने बेटी की विदाई को सहन नहीं कर सका. इधर बेटी की डोली निकली, उधर पिता ने दम तोड़ दिया। यह घटना उस वक्त हुई, जब बेटी की विदाई के दौरान समधी मिलन हो रहा था, तभी तभी दुल्लहन के पिता सिद्धनाथ सिंह को सीने में तेज दर्द हुआ। परिजन आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले गए,लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कुछ देर पहले जिस घर के बाहर ढोल-नगाड़े बजे थे, चंद घंटे बाद वहां मातमी सन्नाटा छा गया।

**शादी का उत्साह मातम में बदला**

जानकारी के अनुसार, गया जिले के जैतिया गांव के रहने वाले सिद्धनाथ सिंह की बेटी नेहा कुमारी की शादी नालंदा जिले के देवधा गांव निवासी गौरव कुमार के साथ पूरे उत्साह और रीति-रिवाज से संपन्न हुई। घर में शादी की शहनाइयों की गूंज थी, हर कोई खुश था। दुल्हन के पिता भी अपनी बेटी की शादी में पूरे गर्व के साथ शादी समारोह के हर रस्म में व्यस्त थे। मध्य रात्रि के बाद कन्या दान भी हुआ। पिता ने बेटी को सुबह हंसी-खुशी विदा किया,लेकिन बेटी की विदाई के दौरान सीने में दर्द शुरू हुआ और उन्होंने दम तोड़ दिया।





### विदाई के वक्त बिगड़ी तबीयत

ग्रामीणों का कहना है कि पिता अपनी बेटी की जुदाई का गम बर्दाश्त नहीं कर सके,जिस वजह से उनकी मौत हो गई। एक ओर बेटी की डोली निकली,तो दूसरी ओर पिता की अर्थी, यह दृश्य देखकर पूरे गांव के लोगों की आंखें नम हो गई। सोमवार को बेटी की विदाई का समय नजदीक आते ही सिद्धनाथ सिंह तबीयत बिगड़ गई। उसके बाद अस्पताल में इलाज करा रहे सिद्धनाथ सिंह की मौत हो गई। इस तरह एक ओर जहां बेटी की डोली निकली, तो दूसरी ओर कुछ समय बाद ही पिता की भी अर्थी उठी।

# दूल्हे को लड़खराता देख दुल्हन ने दरबाजे से लौटायी बारात

**समस्तीपुर।** बिहार में शराब और हथियार के कारण शादी समारोह में हंगामा आम बात हो गयी है। ऐसे में कई शादियां होने से पहले ही टूट जा रही हैं। ताजा मामला समस्तीपुर का है। जिले में एक शादी समारोह के दौरान दुल्हन से नशे में डूबे दूल्हे को देखकर दरबाजे से ही बारात को लौटा दिया। नगर पंचायत क्षेत्र के एक गांव में आयोजित विवाह समारोह उस वक्त हंगामे में बदल गया, जब दूल्हा नशे की हालत में शादी के लिए पहुंचा। दूल्हे के व्यवहार को देख दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया और उसके पिता ने भी बेटी के इस फैसले का पूरा समर्थन किया। नतीजतन, बारात बिना दुल्हन के ही लौट गई।



### दरबाजे पर घंटों बैठी रही इंतजार

गांवा के लोगों का कहना है कि करीब 12 बजे बारात धूमधाम के साथ गांव पहुंची। वरमाला की रस्म के दौरान दूल्हे का असामान्य और लहराता हुआ बर्ताव देख लड़की को शक हुआ कि वह नशे में है। जब इसकी पुष्टि हुई, तो दुल्हन ने साफ तौर पर शादी करने से मना कर दिया। दुल्हन के पिता ने बेटी के फैसले का सम्मान करते हुए शादी को रोक दिया और बारात को विदा कर दिया।

# चाय की दुकान पर दोस्त के साथ खड़ा था डीलर... बदमाश आए और गोलियों से भून डाला

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर समेत दो लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया। जब प्रॉपर्टी डीलर समेत दो लोग जिला स्कूल के पास चाय पी रहे थे। तभी उनकी गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। आशंका जताई जा रही है कि ये हत्या जमीनी विवाद को लेकर की गई है। गोलियों की तड़तड़ाहट से मौके पर अफरा तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास मौजूद दुकानदारों ने अपनी दुकान के शटर गिरा दिए। थोड़ी देर के लिए ट्रैफिक भी रुक गया। चाय दुकानदार ने छिपकर अपनी जान बचाई।



वारदात को अंजाम देने के बाद बाइक पर सवार दो अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली लगने से दोनों लहूलुहान होकर गिर गए। अनान-फानन में लोगों ने दोनों को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां प्रोपर्टी डीलर जावेद को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल राजू शाह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर सिटी एसपी विश्वजीत दयाल, नगर डीएसपी सीमा देवी, मिठनपुरा थाना की पुलिस ने पहुंचकर छानबीन की। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को भी खंगाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। शुरुआती पूछताछ के आधार पर पुलिस इसे प्रोपर्टी डीलिंग वर्चस्व और जमीन विवाद से जोड़कर देख रही है।

### दोनों की हो गई मौत

जानकारी के अनुसार मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद जावेद अपने दोस्त राजू शाह के साथ जिला स्कूल के पास चाय पी रहे थे. इसी बीच बाइक सवार अपराधियों ने पहुंचकर ताबड़तोड़ फायरिंग की. इसमें जावेद को चार गोली लगी, जबकि राजू को दो गोली लगी. स्थानीय लोगों ने दोनों को बैरिया स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद जावेद को मृत घोषित कर दिया. वहीं राजू शाह को पहले वेंटिलेटर पर रखा गया था. लेकिन इलाज के दौरान राजू की भी मौत हो गई।

# ट्रक की ठोकर से सड़क पर गिरा, गाड़ी ने कुचला, मौत

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर के पड़ोस थाना क्षेत्र के सिनेमा चौक के पास सड़क हादसा हुआ है। इसमें मंगलवार रात ट्रक से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रोसरा थाना क्षेत्र के ही मोतीपुर वार्ड-दो निवासी रामकुमार दास के बेटे रंजन कुमार (22) के रूप में की गई है।

घटना की जानकारी मिलने पर रोसरा थाने की पुलिस ने मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। घटना के संबंध में मृतक के भाई राजेश ने कहा है कि उनका भाई 15 मई को हैदराबाद जाने वाला था। वहीं पर वह मजदूरी करता है। इससे पहले अपनी मौसी के घर बेगूसराय के पनसल्ला गया था। मौसेरे भाई को बाइक पर बैठाकर साथ में दोनों रात के वक्त लौट रहे थे। मृतक के मौसेरे भाई को भी हैदराबाद जाना था। सिनेमा चौक के पास सामने से आ रही ट्रक ने उसे ठोकर मार दी। जिस कारण वह संतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा। ट्रक का अगला चक्का इसके पेट पर चढ़ गया।



# दो दिन पहले ससुराल आई बहू की संदिग्ध मौत, सास-ससुर पर आरोप

महानगर नेटवर्क

जहानाबाद

जहानाबाद के परसन बीघा गांव में एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका की पहचान रेखा देवी के रूप में हुई है, जो पटना में पति के साथ रहती थी। वह दो दिन पहले ही ससुराल आई थी।

**12 साल पहले हुई थी शादी, दो बच्चे भी**

रेखा देवी की शादी करीब 12 साल पहले राजेश कुमार से हुई थी। दंपति के दो बच्चे हैं। वह आमतौर पर पटना में रह रही थी, लेकिन हाल ही में ससुराल आने के दो दिन बाद ही उसकी मौत हो गई।

**जमीन विवाद को बताया मौत की वजह**



मृतका के पिता रामजतन यादव ने बताया कि ससुर ने एक जमीन खरीदी थी, जिसे वे अपनी बेटी को देना चाहते थे। बहू रेखा इस बात का विरोध कर रही थी। इसी बात को लेकर सालों से पारिवारिक विवाद चल रहा था।

### परिवार में बार - बार झगड़े होते थे

मायके पक्ष का आरोप है कि सास-ससुर ने मिलकर बहू को जहर देकर मार डाला। उन्होंने बताया कि जमीन विवाद में पहले भी कई बार कहासुनी और झगड़े हो चुके थे।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल जहानाबाद भेज दिया। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

'गैंग्स ऑफ घोटालेबाज'

# BJP ने शेयर किया नया वीडियो, लालू-तेजस्वी पर तंज

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। बिहार चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर तंज कसने या हमला करने का मौका नही छोड़ रहे हैं। अब बिहार बीजेपी ने एक वीडियो शेयर कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को एक साथ घेरा है। यह वीडियो बिहार बीजेपी के एक्स हैंडल पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में बिहार में हुए चारा घोटाले और जमीन घोटाले का जिक्र किया गया है। इस वीडियो में एक तंज भरे गीत के माध्यम से राजद के दोनों दिग्गज नेताओं को घेरने की कोशिश की गई है। 'गैंग्स ऑफ घोटालेबाज' नाम के इस वीडियो में तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव नजर आ रहे हैं। करीब तीन मिनट के इस वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी ने एक्स पर लिखा, 'घोटाले के लिए होड़, परिवार है बेजोड़। चारा घोटाले से लालू जी ने दिखाया रास्ता। जमीन घोटाला तेजस्वी करें, आम जनता की बेहतरी से क्या वास्ता।'




## सुशील मोदी की पत्नी ने मचाई खलबली

# जेसी जॉर्ज ने कहा- हां, चुनाव लड़ सकती हूं

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के दिवंगत दिग्गज नेता सुशील कुमार मोदी की पत्नी जेसी जॉर्ज मोदी ने चुनाव लड़ने की इच्छा जता दी है। बिहार में पार्टी के संघर्ष से अच्छे दिनों तक अगुआ रहे सुशील मोदी की पत्नी के चुनाव लड़ने की ख्वाहिश के खुले इजहार से राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई है। सुशील मोदी का पिछले साल 13 मई को निधन हो गया था। उनकी पहली पुण्यतिथि पर पटना में आयोजित समारोह के बाद पत्रकारों से जेसी जॉर्ज मोदी ने कहा कि वो चुनाव लड़ सकती हैं।

पत्रकारों ने जब जेसी जॉर्ज मोदी से पूछा कि क्या वो राजनीति में आ सकती हैं, क्या वो चुनाव लड़ सकती हैं तो उन्होंने जवाब दिया- "मेरा भाषण नहीं सुने क्या स्टेज पर, बहुत गलत बात।" मीडिया ने फिर से पूछा कि क्या आप लड़ सकती हैं तो उन्होंने कहा- "हां लड़ सकती हूं।" फिर जेसी जॉर्ज मोदी ने कार में बैठते हुए कहा- "इतना अच्छा भाषण हमने दिया, भाषण नहीं सुने क्या।" समारोह में जेसी जॉर्ज मोदी ने नीतीश के साथ सुशील मोदी के रिश्तों को बहुत स्पेशल बताते हुए कहा कि जब दोनों अलग हो गए थे तो उनके पूछने पर मोदी ने रोते हुए कहा था कि नीतीश मेरे दोस्त हैं।



सुशील मोदी देश के उन गिने-चुने राजनेताओं में शामिल हैं, जो संसद और विधानमंडल के दोनों सदनों में रहे। जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से राजनीति में आए सुशील मोदी चुनावी राजनीति में बिहार विधानसभा से आए। पटना सेंट्रल विधानसभा सीट से लगातार तीन बार जीतकर विपक्ष के नेता के पद तक पहुंचे सुशील मोदी 2004 में भागलपुर लोकसभा सीट से संसद पहुंचे। 2005 में जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में दूसरी बार सरकार बनी तो वो पटना लौटे और एनडीए सरकार के उपमुख्यमंत्री बने।

**व्यापार**

# सेंसेक्स 182 अंक चढ़कर 81,331 पर बंद

**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार, 14 मई को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 182 अंक चढ़कर 81,331 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 89 अंक की तेजी रही। ये 24,667 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 ऊपर बंद हुए। टाटा स्टील का शेयर 3.95%, टेक महिंद्रा 2.26% और जोमैटो 2.20% चढ़कर बंद हुए। मारुति और इंफोसिस सहित कुल 6 शेयरों में 2% तक का उछाल रहा।जबकि, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और कोटक बैंक 1.7% तक गिरे।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 39 में तेजी रही। सबसे ज्यादा बढ़त मेटल सेक्टर में 2.46%, रियल्टी में 1.70%, IT में 1.34%, मीडिया में 1.27%, ऑयल एंड गैस में 1.22% और ऑटो में 0.82% है। हफ्ते के दूसरे दिन यानी मंगलवार, 13 मई को शेयर बाजार में बड़ी गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 1282 अंक (1.55%) गिरकर 81,148 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 346 अंक (1.39%) की गिरावट रही, ये 24,578 के स्तर पर बंद हुआ।

# फाइटर–जेट तेजस बनाने वाली कंपनी HAL का मुनाफा 8% घटा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

फाइटर जेट तेजस और ध्रुव हेलिकॉप्टर बनाने वाली कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड यानी HAL को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 3,977 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा (कॉन्सोलिडेटेड नेट प्रॉफिट) हुआ है। सालाना आधार पर यह 8% घटा है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का मुनाफा 4,309 करोड़ रुपए था। जनवरी-मार्च तिमाही में ऑपरेशन से कंपनी का रेवेन्यू 13,700 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी ने 14,769 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। सालाना आधार पर यह 7.23% घटा है। वस्तुओं और सेवाओं को बेचने से मिली राशि को रेवेन्यू या राजस्व कहा जाता है। HAL ने आज मंगलवार (13 मई) को जनवरी-मार्च तिमाही और सालाना नतीजे जारी किए हैं।



**HAL की टोटल इनकम 6.36% घटी**

चौथी तिमाही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स की टोटल इनकम सालाना आधार पर 6.36% घटकर 14,351 करोड़ रुपए रही। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी की टोटल इनकम 15,326 करोड़ रुपए रही थी।

**क्या कंपनी के नतीजे उम्मीद से अच्छे हैं?**

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स का मुनाफा मार्केट विश्लेषकों की उम्मीद से कम रहा है, यानी कंपनी ने इस बार बेहतर काम नहीं किया है।

# फेडएक्स की 'एसएमई कनेक्ट' पहल

**मुंबई।** दुनिया की सबसे बड़ी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) मुंबई के छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) को नवाचार के साथ आगे बढ़ने और वैश्विक बाजारों तक पहुँचने में मदद कर रही है। इसके लिए कंपनी ने 'एसएमई कनेक्ट' नामक पहल की है, जो उभरते बिजनेस हब्स में विशेष रूप से तैयार लॉजिस्टिक समाधान, डिजिटल टूल और रणनीतिक जानकारियाँ लेकर पहुंच रही है।




फेडएक्स के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग, कस्टमर एक्सपीरियंस और एयर नेटवर्क - एमईआईएसए क्षेत्र) नितिन नवनीत तातीवाला ने कहा, "जब एसएमई अपनी महत्वाकांक्षाएं तेज़ी से बढ़ा रहे हैं, तो हम भी स्मार्ट समाधानों, मजबूत ढांचे और गहरे जुड़ाव के साथ उसी रफ्तार में काम कर रहे हैं। एसएमई कनेक्ट के ज़रिए हम सिर्फ पार्सल नहीं पहुंचा रहे हैं, बल्कि उद्यमों की आकांक्षाओं को वैश्विक मंच पर उड़ान भरने का अवसर दे रहे हैं।" वर्ष 2019 में शुरू हुई एसएमई कनेक्ट पहल अब एक जानकारी साझा करने वाले मंच से आगे बढ़कर एक प्रभावशाली प्लेटफॉर्म बन गई है। वित्तीय वर्ष 25 में, फेडएक्स ने इस कार्यक्रम को और ज़्यादा व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों से जुड़ा बनाने के लिए 'संपर्क', 'अनुभव' और 'मंत्रा' जैसे नए प्रारूप शुरू किए हैं। ये प्रारूप व्यापार की ज़रूरतों के अनुरूप तैयार किए गए हैं और डिजिटल युग में उन्हें वैश्विक अवसरों से जोड़ते हैं।

# मोटोरोला ने लॉन्च किया रेज़र 60 अल्ट्रा

**मुंबई।** मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में दुनिया की प्रमुख कंपनी और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने आज अपनी प्रीमियम रेज़र सीरीज़ में नए स्मार्टफोन - रेज़र 60 अल्ट्रा को लॉन्च किया। यह फ्लिप फोन श्रेणी में एक नया मानक स्थापित करेगा। स्मार्टफोन अनुभव की बात करें तो नया मोटोरोला रेज़र 60 अल्ट्रा 'सिम्प्ली अनमैच्ड' है,जिसमें स्नैपड्रैगन® 8 एलीट प्रोसेसर और नए मोटो एआई फीचर्स जैसे लुक एंड टॉक शामिल हैं, जो इसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली एआई फ्लिप फोन बनाते हैं। यह दुनिया का पहला स्मार्टफोन है जो अल्कांतारा और वुड फिनिश में आता है और इसमें दुनिया का सबसे एडवांस्ड 3X 50MP फ्लिप कैमरा सिस्टम है। इसके अतिरिक्त, रेज़र 60 अल्ट्रा में हमारा सबसे बड़ा बाहरी डिस्प्ले और दुनिया का सबसे ड्यूरैबल हिंज है, और 800,000 फ्लिप्स के लिए इसका टेस्ट किया जा चुका है#।

# इंदौर में 16 मई को वस्त्र निर्यात पर सेमिनार आयोजित करेगा मेटेकसील

**भोपाल।** मैनमेड और तकनीकी वस्त्रों के निर्यात संवर्धन परिषद (मेटेकसील) द्वारा 16 मई को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) का सक्रिय समर्थन प्राप्त है। यह कार्यक्रम राज्य में पहली बार आयोजित किया जा रहा है, जो मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा और पहल पर संभव हो पाया है, यह जानकारी मेटेक्सिल के पूर्व अध्यक्ष संजीव सरन ने दी। मेटेकसील मैनमेड फाइबर वस्त्रों के लिए नामित निर्यात संवर्धन परिषद है, जो फाइबर, यार्न, फैब्रिक्स, मेड-अप्स (जिसमें होम टेक्सटाइल्स शामिल हैं) और तकनीकी वस्त्रों को कवर करता है। परिषद के 5,000 से अधिक सदस्य हैं। आगामी सेमिनार के बारे में जानकारी देते हुए मेटेकसील के अध्यक्ष शालीन तोषनीवाल ने कहा, "इस सेमिनार का उद्देश्य मैनमेड फाइबर वस्त्रों, होम टेक्सटाइल्स और तकनीकी वस्त्रों में क्षमता निर्माण से संबंधित जानकारी देना और मध्य प्रदेश से निर्यात बढ़ाने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है।" तोषनीवाल ने कहा कि मध्य प्रदेश में मिश्रित फैब्रिक, मेड-अप्स, परिधान और तकनीकी वस्त्रों के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं।

# सोना 568 गिरकर 93,776 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 14 मई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 568 गिरकर 93,776 पर आ गया है। इससे पहले 10 ग्राम सोने की कीमत 94,344 थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 871 कम होकर 95,949 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी का भाव 96,820 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



# अप्रैल में भारत का खाद्य तेल आयात 32% घटा

**नई दिल्ली।** भारत का वनस्पति तेल आयात अप्रैल में एक साल पहले की तुलना में 32 प्रतिशत घटकर 8.91 लाख टन रह गया। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। पीटीआई की खबर के मुताबिक, एसईए का कहना है कि पाम और रिफाइंड तेल दोनों की खेप में गिरावट आई। खाद्य और अखाद्य तेलों सहित वनस्पति तेल का आयात एक साल पहले की अवधि में 13.18 लाख टन था। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता और आयातक भारत के पास 1 मई तक 13.51 लाख टन खाद्य तेल का स्टॉक था। खबर के मुताबिक, एसईए ने एक बयान में कहा कि देश में सरसों की पेराई बढ़ने के साथ-साथ पाम तेल की मांग में कमी के चलते पिछले तीन महीनों में आयात बहुत कम स्तर पर रहा। नेपाल से रिफाइंड खाद्य तेलों का आयात, जो कि मासिक 60,000 से 70,000 टन अनुमानित है।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद तिरंगा यात्रा

# भारत ने पाक के हौसले किए पस्त : योगी

महानगर संवाददाता

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए बुधवार को अपने सरकारी आवास से भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को रवाना किया। सीएम योगी ने हाथ में तिरंगा लेकर यात्रा का नेतृत्व किया।

उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जवानों, पूर्व सैनिकों और नौजवानों का अभिनंदन किया। सीएम ने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को सैल्यूट करते हुए बहादुर जवानों का अभिनंदन करने के लिए उतावला दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय संकट के समय धैर्य और



एकता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी होती है। इस माहौल में जवानों के कारण भारत ने पाकिस्तान के हौसले पस्त किए। दुनिया ने पाकिस्तान व उसके आकाओं के बेशर्मी भरे उस चेहरे को भी देखा, जिसमें आतंकियों के जनाजे में वहां के नेता व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। यह चीजें दिखाती हैं कि पाकिस्तान विफल राष्ट्र है और 70-75 वर्षों में उसने केवल आतंकवाद के बीज बोए हैं। पाकिस्तान ने अपनी विफलता की कहानी ही दुनिया को बताई है। आतंकवाद को दिए जा रहे प्रश्रय इस बात को साबित करते हैं कि आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को भी निगल लेगा। खोखला हो चुका पाकिस्तान आज जिस प्रकार का दुस्साहस कर रहा है, ऑपरेशन सिंदूर उसका जवाब था। आने वाले समय में यह तय है कि भारत की तरफ जो भी अंगुली उठाएगा और बहन-बेटियों के सम्मान के विरुद्ध सुरक्षा में सेंध लगाने का कार्य करेगा, उसके जनाजे में कोई रोने वाला भी नहीं मिलेगा।

#### पाकिस्तान की हिमाकत का दिया जवाब

सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान परस्त आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में वीभत्स व बर्बर घटना को अंजाम दिया था, जिसकी निंदा देश-दुनिया ने की थी लेकिन आतंकवाद का पोषक पाकिस्तान व उसके आका मौन रहे। भारत के आन-मान-शान की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हमारी सरकार ने सारे प्रमाण दिए, उसके बाद भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो अंतत: 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया गया। पहले ही दिन 100 से अधिक आतंकियों व प्रत्यक्ष रूप से आतंकवाद के विषबेल को पालने-पोसने में योगदान देने वाले उनके परिवार से जुड़े लोगों को वीभत्स कृत्य की सजा दी गई। सभी ने भारतीय सेना के पराक्रम व शौर्य का लोहा माना। पाकिस्तान की हिमाकत का थल, वायु व नौसेना के बहादुर जवानों ने मजबूती से जवाब दिया और दुनिया को भी संदेश दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन छेड़ने वालों को छोड़ेंगे नहीं।

## रामसखी राम निवास कान्वेंट स्कूल का 10वीं, 12वीं का शानदार परीक्षा फल

### 10वीं में अंशिका चौरसिया ने 95 .80 % तो 12वीं में सुहानी मौर्या को 87%

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

रामसखी राम निवास सीबीएसई कान्वेंट स्कूल भरौली जनपद गोरखपुर इस बार यानि वर्ष 2025 का दसवीं-बारहवीं का परीक्षा फल शानदार रहा। दसवीं का परीक्षा फल 83.17 रहा और बारहवीं का परीक्षा फल 68.75 प्रतिशत रहा। 10वीं में अंशिका चौरसिया ने 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किया जो विद्यालय में सर्वाधिक रहा।

इस तरह आचल यादव ने 90.00 प्रतिशत, श्वेता मौर्या ने 88.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी तरह बारहवीं से सुहानी मौर्या ने 87 प्रतिशत, श्रेया सिंह ने 86.80 प्रतिशत



राजनंदिनी त्रिपाठी ने 84.00 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन ने शानदार उपलब्धि के लिए छात्रों और अभिभावकों का अभिनंदन किया और स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षकों की सराहना की है। साथ ही उम्मीद की है कि संस्थान इसी तरह आगे बढ़ता रहेगा और उपलब्धि के नित नव सोपान चढ़ता रहेगा।

### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अपील

## बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें अभिभावक

महानगर संवाददाता

सीतापुर

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार को सीतापुर पहुंची। उन्होंने खैराबाद के भूमिजा हाल में पोषण पोटली बांटी। कहा कि परिवार बच्चों की परवरिश पर विशेष ध्यान दें। घर में जैसा वातावरण होगा वैसे बच्चे तैयार होंगे। परिवारों को चाहिए कि बच्चों को कोई ऐसा संस्कार ना मिले, जिससे वह बड़ा होकर कोई गलत काम न करें। राज्यपाल ने कहा कि यहां पर जो बच्चों ने संगीत के साथ आसन और योग किया वह सराहनीय है। बच्चों और कार्यकत्रियों को बधाई। स्कूलों में भी आठवीं कक्षा तक इस पर ध्यान दिया जाता है। हमें हर चीज पर ध्यान देना होगा तब देश विकसित बनेगा।



इसीलिए अलग-अलग योजनाएं बनाकर सभी को आगे लाने का प्रयास हो रहा है। लाखों युवा विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं। जब हम कहते हैं कि विकसित भारत बनाना है तो इसकी जिम्मेदारी आज के युवाओं के कंधों पर आने वाली है। इसलिए उनको जिम्मेदार बनना चाहिए। योजनाओं का लाभ ढूंढकर लाभार्थियों तक पहुंचाएंगे तभी वह सशक्त होंगे और देश सशक्त होगा। जब तक एक्टिविटी नहीं होगी, तब तक यह पता नहीं चलता कि बच्चों में कौन सा कौशल है। खैराबाद स्थित भूमिजा सभागार में पहुंचकर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सबसे पहले बेसिक शिक्षा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और कई विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय मिश्रापुर के बच्चों ने बाल वाटिका के तहत योग पर आधारित एक नृत्य पेश किया। इसके बाद 'आह टमाटर बड़े मजेदार' और 'गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल' पर डांस करके तीन से छह साल तक के बच्चों ने स्वच्छता का संदेश दिया।

### सोफिया पर अपमान जनक टिप्पणी पर भड़के अखिलेश

## यह देश की हर नारी और सेना का अपमान

महानगर संवाददाता

लखनऊ

भारतीय सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान पर बवाल मचा हुआ है। इसी बीच सपा के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बीजेपी मंत्री विजय शाह के एक विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया दी है और इसे हर नारी और सेना का अपमान बताया है। सपा चीफ अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-"मप्र बीजेपी के एक मंत्री जी का अति निंदनीय बयान केवल एक उच्च सैन्य महिला अधिकारी ही नहीं बल्कि देश की हर नारी और सेना का अपमान है। ये महानुभाव सदैव से भाजपाई और उनके संगी-साथियों की



'नारी विरोधी' सोच के मुखपत्र रहे हैं। कुछ वर्षों पहले इन्होंने ही देश की एक प्रतिष्ठित अभिनेत्री के कार्य में बाधा डाली थी। बीजेपी की 'नारी शक्ति वंदन अभियान' जैसी झूठी घोषणाओं का सच ऐसे लोगों के दुष्विचार खोल देते हैं। ऐसे लोग मंत्री तो क्या, किसी गली-मोहल्ले तक के भी जन प्रतिनिधि नहीं बनने चाहिए। सवाल ये है कि इन्हें बीजेपी वाले स्वयं हटाएंगे या इनके खिलाफ एकजुट नारी शक्ति और जनता।" बता दें कि बीजेपी नेता और मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने कथित तौर पर कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर एक टिप्पणी की थी। उनके बयान को लेकर काफी हंगाम हुआ और इसके साथ ही जबलपुर हाईकोर्ट ने भी इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए बीजेपी नेता के खिलाफ जल्द से जल्द FIR दर्ज करने का आदेश दिया। इससे पहले कर्नल सोफिया कुरैशी पर बीजेपी नेता शाह की बयान को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भी लिखा था। कांग्रेस नेता ने कहा था कि मप्र बीजेपी सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को "आतंकवादियों की बहन" कहकर किया गया।

## महिला अफसर के खिलाफ भाजपा के मंत्री की घृणित टिप्पणी

महानगर संवाददाता

लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह की सेना की महिला अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी को घृणित और असभ्य करार दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंत्री पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जिससे कि देश का आपसी भाईचारा और समरसता बिगड़ने न पाए। उन्होंने एक्स



पर कहा कि पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी, वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है जो पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित है। यह अति-दुखद व शर्मनाक है। इस क्रम में मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के संबंध में की गई अभद्र टिप्पणी को भाजपा व केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे। जिससे कि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए। पहले विदेश सचिव और फिर उसके बाद सेना की महिला अफसर के प्रति घृणित, असभ्य व अमर्यादित टिप्पणी, वास्तव में जोश व उमंग के उस पूरे अच्छे माहौल को नष्ट करने वाली है जो पूरा देश भारतीय सेना की पाकिस्तान के विरुद्ध 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता से उत्साहित है, जो यह अति-दुखद व शर्मनाक। इस क्रम में मध्यप्रदेश के एक वरिष्ठ मंत्री द्वारा मुस्लिम महिला सेना प्रवक्ता के सम्बंध में की गई अभद्र टिप्पणी को भाजपा व केन्द्र सरकार गंभीरता से लेकर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई जरूर करे, ताकि दुश्मनों के नापाक मंसूबे नाकाम हों और देश में आपसी भाईचारा व समरसता न बिगड़ने पाए।बता दें कि विजय शाह का सोशल मीडिया पर एक बयान वायरल हो रहा है जिसमें वह कह रहे हैं कि जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर को उजाड़ा था हमने उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी की तैसी करवाई है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने उनकी टिप्पणी पर नाराजगी जताई है।

## पिकअप पर लदे चूने के सिलिंडर में ब्लास्ट, दहला इलाका

**चंदौली**। चंदौली में स्टेट हाईवे रेवसा के पास बुधवार की दोपहर एक पिकअप में लदे हुए चूने के सिलिंडर में ब्लास्ट हो गया, जिससे भीषण आग लग गई। आग की



आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का काम शुरू किया। अग्निशमन वाहन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग बुझाने का काम शुरू किया। आग को बुझाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन आखिरकार आग पर काबू पा लिया गया। उधर, घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। सिलिंडर में ब्लास्ट कैसे हुआ और आग कैसे लगी इसकी जांच की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की आवाज इतनी तेज थी कि 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। लोगों ने अग्निशमन वाहन की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

## नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस में TTE ने सेना के जवानों को जनरल बोगी में जाने को कहा

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

आनंद विहार से कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के एसी कोच में मंगलवार को सफर कर रहे सेना के जवानों को टीटीई द्वारा जनरल कोच में जाने को बोला गया। यह सुनते ही उस कोच में बैठे यात्री भड़क गए। यात्रियों ने टीटीई को खूब खरी खोटी सुनाई। इस बीच यात्रियों ने टीटीई की शिकायत रेलमंत्री और डीआरएम प्रयागराज के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कर दी। हालांकि, ट्रेन के प्रयागराज जंक्शन पहुंचने के पूर्व तमाम रेलकर्मी मदद के लिए पहुंच गए और यात्रियों के सहयोग से



जवानों को सीट दिलाई गई। दरअसल, ऑपरेशन सिंदूर की वजह से सेना के तमाम जवानों की छुट्टियां निरस्त हुई हैं। इमरजेंसी ड्यूटी की वजह से जवानों को जो भी ट्रेन मिल रही है, वह उसमें सवार होकर अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को ट्रेन संख्या 12506 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के एक एसी थ्री कोच में ड्यूटी के लिए जा रहे तकरीबन तीन दर्जन जवान सवार हो गए। इनमें से अधिकांश शौचालय के पास कोच सहायक वाली जगह पर ही बैठे थे। कुछ जगह न होने की वजह से खड़े भी थे। इसी दौरान कोच में तैनात टीटीई ने जवानों को जनरल बोगी में जाने को बोला। यह देखकर ट्रेन में सफर कर रहे कुछ यात्रियों ने विरोध कर दिया। ट्रेन में सफर कर रहे वाराणसी के बिमल सक्सेना ने 1.35 मिनट का एक वीडियो बनाकर उसे रेलमंत्री और डीआरएम प्रयागराज को भेज दिया। बिमल ने बताया कि मंगलवार को ट्रेन जैसे ही कानपुर पहुंची तो वहां से कई जवान ट्रेन में चढ़े।

## बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष की गाड़ी पर फायरिंग, मैकेनिक को लगी गोली

महानगर संवाददाता

वाराणसी

जिले में शिवपुर थाना क्षेत्र के शुद्धिपुर में बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी की कार पर मनबढ़ युवकों ने फायरिंग की है। घटना के समय सतीश कुमार तिवारी वाहन में नहीं थे। एक मैकेनिक उनका वाहन ले जा रहा था। गोली शिवपुर निवासी मैकेनिक सोनू सोनकर के हाथ में लगी है। उसे बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। वह खतरे से बाहर है। शिवपुर पुलिस युवकों और उनकी कार की पहचान करने में जुटी है। युवकों की कार पर भारत सरकार लिखा था। मंगलवार को



गांधी चबूतरा बसही निवासी बनारस बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी की कार रिपेयरिंग के लिए सोनू मैकेनिक के पास आई थी। रिपेयरिंग के बाद सोनू, अशोक, गणेश धक्का देकर स्टार्ट कर जैसे ही शुद्धिपुर पेट्रोल पंप के सामने से यू टर्न लेकर चंद्रिका नगर कॉलोनी के सामने से गिलट बाजार की तरफ बढ़े। एक सफेद रंग की कार बाएं तरफ आकर रुकी।

## अंतरराज्यीय अफीम तस्कर गिरोह का एसटीएफ ने किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार




महानगर संवाददाता

गोरखपुर

उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (STF) ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए गोरखपुर में अंतरराज्यीय अफीम तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के पास से 6.5 किलो अवैध अफीम बरामद की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 32.50 लाख रुपये बताई जा रही है. गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला तस्कर भी शामिल है. गिरफ्तारी 13 मई की रात लगभग 11:55 बजे गोरखनाथ ओवरब्रिज के पास हुई. दोनों तस्करों को STF और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने धर दबोचा।

#### गिरफ्तार तस्करों की पहचान

पवन सिंह, निवासी खगाई नागा, थाना बहेड़ी, जिला बरेली, खुशबू उर्फ खुशी, निवासी नियामतपुर, आसनसोल, जिला बर्धमान, पश्चिम बंगाल, इनके पास से अफीम के अलावा दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और यूपी 14 सीजे 1311 नंबर की एक कार भी बरामद की गई है। STF को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ गिरोह बिहार और झारखंड के जंगलों से सस्ते दामों में अफीम खरीदकर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब जैसे राज्यों में बेच रहे हैं. इसी कड़ी में STF लखनऊ की टीम ने गोरखपुर में जाल बिछाया और एक महिला तस्कर के नरकटियागंज (बिहार) से अफीम लेकर गोरखपुर आने की सूचना पर कार्रवाई की।

#### संगठित तस्करी गिरोह से जुड़ा है आरोपी

सिंह ने बताया कि वह बरेली का रहने वाला है और एक संगठित तस्करी गिरोह से जुड़ा है। गिरोह का सरगना नेत्रपाल नाम का शख्स है, जो कई राज्यों में अफीम की तस्करी करवाता है। गिरोह की महिला सदस्य बिहार से अफीम लेकर गोरखपुर लाती है और फिर गिरोह के अन्य सदस्य गोरखपुर पहुंचकर माल हासिल कर लेते हैं। STF की यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक विमल कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई। टीम में निरीक्षक दीपक कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रिजवान खान, सत्यप्रकाश सिंह और कई अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। उत्तर प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। एनसीबी (नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो) की रिपोर्ट के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बिहार और झारखंड से अफीम, गांजा और अन्य मादक पदार्थों की सप्लाई की जाती है। विशेष रूप से गोरखपुर, सोनभद्र, बरेली और आजमगढ़ जैसे जिले तस्करों के लिए ट्रांजिट रूट के तौर पर इस्तेमाल होते हैं।

## खाड़ी देशों में भेजा जाएगा 10 टन बनारसी लंगड़ा आम

महानगर संवाददाता

वाराणसी

जीआई उत्पाद में शामिल बनारसी लंगड़ा आम यूरोपीय और खाड़ी देशों में दस्तक देगा। 10-10 टन बनारसी लंगड़ा आम की खेप यूरोप और खाड़ी देशों में भेजने की तैयारी है। दो साल पहले जीआई उत्पाद में शामिल बनारसी लंगड़ा आम की खेप मई के अंतिम सप्ताह तक बाजार में आ जाएगी। जून के पहले सप्ताह से बनारसी लंगड़ा आम का निर्यात भी शुरू होगा।

यूरोपीय और खाड़ी देशों समेत दुनिया भर में बनारसी लंगड़ा आम को पहुंचाने को लेकर जिला प्रशासन स्तर से तैयारियां चल रही हैं। पिछले दिनों सीडीओ हिमांशु नागपाल ने भी जीआई उत्पादों की समीक्षा बैठक में बनारसी लंगड़ा आम को वैश्विक स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया था।जीआई विशेषज्ञ डॉ. रजनीकांत मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन के इस प्रयास से किसानों



का भी मनोबल बढ़ा है। ब्रांड बन चुका बनारसी लंगड़ा आम दुनिया भर में छाने लगा है। इसकी ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर जिला प्रशासन का जोर है। इसका सीधा लाभ यहां के उत्पादकों को मिलेगा। बनारसी लंगड़ा आम को कार्टन में जीआई टैग के साथ भेजा जाना है। इसके लिए काशी के अधिकृत जीआई उत्पादकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वाराणसी के साथ ही चंदौली, मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर व बलिया जिलों के लंगड़ा आम भी इस श्रेणी में शामिल हैं। जीआई टैग मिलने की वजह से इसका कोई नकल नहीं कर पाता है। पहले लखनऊ समेत अन्य शहरों के आम को भी बनारसी लंगड़ा आम कहकर बाजार में बेच दिया जाता था। डॉ. रजनीकांत ने बताया कि बनारसी लंगड़ा आम की खासियत यह है कि इसका छिलका काफी पतला और गुठली छोटी होती है। पकने के बाद भी हल्का हरापन और सफेदी लेकर रहता है। इसमें शुगर की मात्रा बेहद कम होती है, जिसे मधुमेह के रोगी भी खा सकते हैं। यह सुपाच्य होता है। इसकी सुगंध बहुत अच्छी होती है। गंगा किनारे मिट्टी, पानी और जलवायु के कारण खास पहचान रखता है।

### गोरखपुर में हंगामा

## पार्षद प्रतिनिधि और कोटेदार में विवाद

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

कोटेदार के पास एक महिला का केवाईसी करने गए पार्षद प्रतिनिधि विजय गुप्ता और कोटेदार के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि पाकिस्तान के पक्ष में टिप्पणी करने को लेकर विवाद हुआ है। इसके बाद पार्षद भी मौके पर पहुंच गए और स्थानीय लोगों के साथ धरने पर बैठ गए। पुलिस तहरीर लेकर मामले को शांत कराई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही। जानकारी के मुताबिक, तिवारीपुर थाना क्षेत्र के जफरा बाजार निवासी विनोद गुप्ता मोहल्ले की चंद्रावती नामक महिला की केवाईसीकराने के लिए स्थानीय कोटेदार खलील के यहां गए थे। जहां किसी बात को लेकर कोटेदार खलील से विनोद गुप्ता की कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी कहासुनी में अकारण ही पूर्व पार्षद इरशाद



अपने भाई डान तथा एक साथी अमन के साथ आकर विनोद गुप्ता के साथ लात मुक्कों से मारपीट करने लगे। कुछ लोगों द्वारा आकर बीच बचाव कराया गया। सूचना पाकर मौके पर वर्तमान पार्षद अभिषेक शर्मा आवास विकास तथा शिवेन्द्र मिश्रा पार्षद कल्यानपुर मौके पर आये और विनोद गुप्ता को लेकर थाने पर आ गए। मामले को देखते हुए पीड़ित विनोद गुप्ता को तत्काल मेडिकल के लिए जिला अस्पताल रवाना किया गया है।

## प्रयागराज समेत आसपास के जिलों में गर्मी का प्रकोप, लू का अलर्ट

**प्रयागराज**। सूर्य की तपिश ने एक बार फिर लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। दिन के समय सड़कें भट्टी की तरह धधकती हैं। तेज धूप के साथ लोगों को उमस भरी गर्मी का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में पसीना रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, मौसम विभाग ने बुधवार को तेज गति से गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। इसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। हालांकि, तपिश का प्रकोप हावी रहेगा। बुधवार को सुबह से ही आसमान साफ होने की वजह से तेज धूप ने कहर बरपाना शुरू कर दिया। सुबह नौ बजे के बाद ही लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो गया। मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। ऐसे में दिन के साथ रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिली। मौसम के जानकारों ने बुधवार को तेज गति से गर्म हवाएं चलने के अलावा 15 से 19 मई तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि इस हफ्ते अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने का अनुमान है।

### सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर

## सीएम योगी आदित्यनाथ का एक्शन, 25 गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

लखनऊ

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान में तनाव के बीच सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट और अफवाहें फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट्स पर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सख्त हो गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने ऐसे 40 सोशल मीडिया अकाउंट्स जिनमें फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम शामिल हैं उन पर कार्रवाई करते हुए बंद करा दिया है। इस मामले में अब तक 25 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। भारत-पाकिस्तान में तनाव के बीच कई सोशल मीडिया अकाउंट्स पर आतंकी संगठनों और उनके



मददगारों पर की गई कार्रवाई को लेकर राष्ट्र विरोधी और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की जा रही थीं। सीएम योगी के निर्देश पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने सोशल मीडिया पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद डीजीपी प्रशांत कुमार ने साइबर सेल पुलिस की एक टीम का गठन किया, जो ऐसे अकाउंट्स की निगरानी कर रही है।

#### सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पुलिस की नजर

यूपी पुलिस की साइबर सेल ने अब तक इंस्टाग्राम के 16, फेसबुक के 23 और यूट्यूब के एक अकाउंट संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ऐसे अकाउंट चिन्हित कर संबंधित जिलों में मुकदमे दर्ज कराए और इन अकाउंट चलाने वाले 25 आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। डीजीपी ने अपील की कि देश में पाकिस्तान के साथ बिगड़े हालात और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कोई भी शख्स बिना तथ्यों को सत्यापित किए सोशल मीडिया पर ऐसी कोई सामग्री शेयर न करे जिससे अफ़वाह फैले या शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। डीजीपी ने कहा कि किसी भी घटना, सूचना, फोटो या वायरल वीडियो को पुलिस को फैक्ट चेक एक्स अकाउंट @ UPPViralCheck से सत्यापित किया जा सकता है। बिना सत्यता की जाँच किए ऐसी भ्रामक, झूठी और राष्ट्रविरोधी सामग्री को शेयर करना दंडनीय अपराध है।

#### इन अकाउंट्स पर हुई कार्रवाई

यूपी पुलिस की ओर से अब तक 23 फ़ेसबुक अकाउंट साजिद अली, प्रवींद्र, आदित्य भैया सांसद बदायूं, गुड्डू बेग, जमात अली, सरताज मलिक, मो. रियाज, विक्की खान, सद्दाम हसन, अली अहमद इदरीसी, शानू खान, जीशान कुरैशी, छोटा इमरान खान, सज्जाद मोहम्मद, पुष्पेंद्र चौधरी, अफसर अली घोसी, शादाब खान एफबी, कामिल खान, मोइद खान, अकील खान, अनीस खान, साजिद खान, हबीबुल्लाह अंसारी पर कार्रवाई की गई है।

# अब हर महीने रोजगार का डाटा जारी करेगी सरकार

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत आने वाला राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) अब हर हमीने रोजगार से जुड़ा डाटा जारी करेगा। यह डाटा आवधिक श्रम बल (पीएलएफएस) के रूप में आएगा। इस क्रम में पहली रिपोर्ट अप्रैल 2025 के आंकड़ों पर आधारित होगी, जिसे इसी महीने जारी किया जाएगा।

मंत्रालय के अनुसार, अब से पीएलएफएस की तिमाही रिपोर्ट भी ग्रामीण, शहरी और दोनों के संयुक्त आंकड़ों की रिपोर्ट अलग-अलग जारी की जाएंगी। अभी तक यह सर्वेक्षण सालाना और तिमाही आधार पर आता था। अप्रैल-जून 2025 की तिमाही रिपोर्ट अगस्त 2025 में जारी की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि एनएसओ का मकसद इन सर्वेक्षणों की गहराई, प्रासंगिकता और कवरेज को बढ़ाना है। अब से देशभर के लिए पीएलएफएस के मुख्य रोजगार और बेरोजगारी से जुड़े आंकड़े हर महीने सामने आएंगे।

इस मकसद को ध्यान में रखते हुए जनवरी 2025 से पीएलएफएस का सैंपल प्रारूप भी बदला गया है, ताकि श्रम बाजार के आंकड़े तेजी से और ज्यादा सटीकता से जुटाए जा सकें। अब पीएलएफएस हर महीने पूरे देश के ग्रामीण और शहरी इलाकों के लिए श्रम भागीदारी दर, कार्यरत जनसंख्या अनुपात, बेरोजगारी दर की मौजूदा साप्ताहिक स्थिति जैसे प्रमुख सूचकांक के आधार पर प्रकाशित करेगा। इसके अलावा, पीएलएफएस अब ग्रामीण क्षेत्रों के तिमाही आंकड़ों को भी कवर करेगा और इससे प्रमुख राज्यों और पूरे देश के लिए तिमाही आंकड़े उपलब्ध होंगे। साथ ही सालाना आधार पर सामान्य स्थिति (प्राथमिक स्थिति + सहायक स्थिति) और मौजूदा साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) दोनों के अनुसार रोजगार और बेरोजगारी से जुड़ी अहम जानकारी दी जाएगी।




आरएसएस नेता सुनील अंबेकर ने कहा

# अहिल्याबाई भारतीय सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने कहा कि अहिल्याबाई भारतीय महिलाओं के लिए आदर्श हैं। उनके पूरे जीवन का कार्य भारतीय सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है और उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए भारत अपने आध्यात्मिक गौरव को प्राप्त कर सकता है।

साहित्य अकादमी के सभागार में 'द लोकमाताः देवी अहिल्याबाई होलकर का जीवन और विरासत' नामक पुस्तक का विमोचन समारोह संपन्न हुआ। प्रो. बंदना झा और डॉ. प्रितेश कुमार के संपादन में प्रकाशित इस पुस्तक में अहिल्याबाई के जीवन चरित्र को बेहद खूबसूरत ढंग से दिखाया गया है। इस कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए अंबेकर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन चरित्र को आज की महिलाओं तंक पहुंचाने के हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। प्रो. बंदना झा वर्तमान में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के भाषा, साहित्य और संस्कृति अध्ययन संकाय के अंतर्गत भारतीय भाषाओं के केंद्र की अध्यक्ष हैं। वे हिंदी साहित्य और संस्कृति की एक प्रतिष्ठित अध्येता हैं, जिनके शोध का विशेष केंद्र लोक परंपराएं, स्त्री विमर्श और भारतीय इतिहास में नारी नेतृत्व रहा है।

# यूपी को मोदी का बड़ा तोहफा

## ▶▶ जेवर में बनेगा मेगा सेमीकंडक्टर प्लांट, फोन, लैपटॉप होंगे सस्ते!





### अश्विनी वैष्णव ने दी जानकारी

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि करीब 3706 करोड़ रुपए के निवेश से स्थापित होने वाली इस प्लांट में लगभग दो हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। यह यूनिट एचसीएल और फोक्सकॉन के सहयोग से स्थापित की जाएगी और इसमें डिस्प्ले ड्राइव का निर्माण किया जाएगा। इसकी कैपासिटी मंथली 3.6 करोड़ माइक्रो चिप्स की होगी।

**महानगर नेटवर्क**
**लखनऊ**

भारत में अब वो दिन दूर नहीं जब भारतीय फोन और लैपटॉप अपने ही देश में सस्ते दामों पर खरीद सकते हैं। दरअसल, मोदी सरकार ने भारत की चिप बनाने की महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा दिया है। इसके मद्देनजर बुधवार को मोदी कैबिनेट ने इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत छठी सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी दी है। 3,706 करोड़ रुपये के निवेश के साथ यह परियोजना एचसीएल और फॉक्सकॉन के बीच एक ज्वाइंट वेंचर होगी।

### भारत में तेजी से बढ़ रहा सेमीकंडक्टर उद्योग

सरकार ने कहा, पहले से ही पांच सेमीकंडक्टर यूनिट निर्माण के एडवांस स्टेज में हैं। अब 6वीं यूनिट के साथ भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर उद्योग अब पूरे देश में आकार ले रहा है। देश के कई राज्यों में विश्व स्तरीय डिजाइन सुविधाएं आ गई हैं। राज्य सरकारें डिजाइन फर्मों से सख्ती से संपर्क कर रही हैं। भारत में लैपटॉप, मोबाइल फोन, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, बिजली इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के तेजी से विकास के साथ सेमीकंडक्टर की मांग बढ़ रही है, यह नई यूनिट भारत के आत्मनिर्भर भारत को और आगे बढ़ाएगी।

# बलूच नेता ने किया आजादी का एलान



**बलूचिस्तान।** बलूचिस्तान ने पाकिस्तान से आजाद होने का एलान किया है। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को राज्य में दशकों से हो रही हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान से स्वतंत्रता का एलान किया। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं हैं। उन्होंने भारत और वैश्विक समुदाय से आजादी के लिए समर्थन देने की मांग की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना फैसला दे दिया है। अब दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोग सड़कों पर हैं। उनका कहना है कि तुम मारोगे हम टूटेंगे, हम नाक बचाएंगे आओ हमारा साथ दो। बलूच लोगों का राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान नहीं है और दुनिया अब मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारतीय नागरिकों ने अपील की कि वे बलूचों को पाकिस्तान के अपने लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं हैं। हम बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं। जिन्होंने कभी हवाई बमबारी, जबरन गायब किए जाने और नरसंहार का सामना नहीं किया। बलूच नेता मीर यार बलूच ने भारत के पाकिस्तान से पीओके खाली करने की कहने के फैसले का समर्थन किया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलूचिस्तान भारत द्वारा 14 मई 2025 को पाकिस्तान से पीओके खाली करने के लिए कहने के फैसले का पूरा समर्थन करता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान से तुरंत पीओके छोड़ने का आग्रह करना चाहिए ताकि ढाका में उसके 93000 सैन्यकर्मियों को आत्मसमर्पण के एक और अपमान से बचाया जा सके। भारत पाकिस्तानी सेना को हराने में सक्षम है और अगर पाकिस्तान ने कोई ध्यान नहीं दिया तो केवल पाकिस्तानी लालची सेना के जनरलों को ही रक्तपात के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए क्योंकि पाकिस्तान पीओके के लोगों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। मीर यार बलूच ने कहा कि दुनिया को पाकिस्तान के एकतरफा बयान पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

पाकिस्तान बलूचिस्तान के नेता के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर और 27 मार्च 1948 को बलूचिस्तान के पाकिस्तान में शामिल होने के समारोह में अंतरराष्ट्रीय या तीसरे देश की भागीदारी को साबित करने वाला एक भी कागज और कानूनी दस्तावेज पेश नहीं कर सका।

# खुलासा : फर्जी दस्तावेजों से 17 बांग्लादेशियों को दिलवाए गए भारतीय पासपोर्ट, दो गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**
**अहमदाबाद**

गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल है। इन पर आरोप है कि इन्होंने बांग्लादेश से अवैध रूप से आए लोगों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट दिलवाए। आरोपियों की पहचान मोहम्मद दिदारूल आलम (उर्फ राणा सरकार) और शोएब कुरैशी के रूप में हुई है। वहीं एटीएस के अनुसार एक तीसरा आरोपी, रोबिउल इस्लाम, इस समय दक्षिण कोरिया में छिपा हुआ है।




बांग्लादेश के किशोरगंज जिले का रहने वाला आलम 2012 में भारत में घुसा था और 2015 से अहमदाबाद के नारोल इलाके में रह रहा था। उसने 2017 में फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट बनवाया। बाद में आलम ने वीआईपी मोबाइल एंड मनी ट्रांसफर नाम की दुकान खोली और अपने साथियों के साथ मिलकर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, आधार, पैन कार्ड और किरायानामा बनाकर अन्य बांग्लादेशियों को भी पासपोर्ट दिलवाने लगा। वहीं राजस्थान का रहने वाला शोएब कुरैशी 2015 से अहमदाबाद में 'अल कुरैश एंटरप्राइज' नाम से दुकान चला रहा है, जहां वह आधार, पैन और पासपोर्ट फॉर्म भरने का काम करता था।

एटीएस को मिले फर्जी दस्तावेज एटीएस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार जब आलम की दुकान पर छापा मारा गया तो वहां से कई आधार, पैन कार्ड, वोटर आईडी और एक बांग्लादेश सरकार का आईडी कार्ड बरामद हुआ। जबकि कुरैशी की दुकान से करीब 300 फर्जी दस्तावेजों की कॉपियां बरामद की गईं। एटीएस ने बताया कि इन तीनों ने अब तक 17 बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट दिलवाया, जबकि 9 और लोगों के आवेदन पासपोर्ट विभाग में लंबित हैं।

# नीरज चोपड़ा बने लेफ्टिनेंट कर्नल




**नई दिल्ली।** ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा को भारतीय सेना में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। नीरज चोपड़ा को टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल की उपाधि दी गई है। नीरज चोपड़ा भाला फेंक में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। नीरज टोक्यो ओलंपिक 2021 में भारत के लिए जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। अब उन्हें भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का पद दिया गया है।

नीरज चोपड़ा को भारत की टेरिटोरियल आर्मी रेगुलेशन, 1948 के Para-31 के तहत शामिल किया गया है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें लेफ्टिनेंट कर्नल की रैंक दी है। इससे पहले नीरज राजपूताना राइफल्स में सूबेदार के पद पर थे। नीरज 2016 में नायब सूबेदार के पद पर भारतीय सेना में शामिल हुए थे। पता चला है कि वह इस साल सेवानिवृत्त होने वाले थे। फिलहाल अब उन्हें प्रादेशिक सेना विनियम 1948 के पैरा-31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रादेशिक सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल का मानद पद प्रदान करती हैं।

### नीरज चोपड़ा ने जीता था गोल्ड मेडल

नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया था। वह देश के लिए व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बने थे। नीरज ने अपने दूसरे प्रयास में 87.58 मीटर की दूरी के साथ पहला स्थान हासिल कर गोल्ड अपने नाम किया था। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए पहला गोल्ड जीता था।

# अखिलेश यादव ने यूपी में मिलिट्री स्कूल खोलने की उठाई मांग

देश की सुरक्षा को मजबूत करने में योगदान देगा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय सेना की वीरता और शौर्य की खुलकर तारीफ की और कहा कि हमारी सेना दुनिया की सबसे बहादुर और मजबूत सेनाओं में से एक है। हम सबको इस पर गर्व है।

अखिलेश यादव ने कहा कि देश की रक्षा और अखंडता में भारतीय सेना की अहम भूमिका है। इसी क्रम में उन्होंने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल धौलपुर के योगदान को भी याद किया और कहा कि यह संस्था देशभक्ति, अनुशासन और पराक्रम की भावना को बढ़ावा देती है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं इस स्कूल के छात्र रह चुके हैं और वहीं से उन्हें देश सेवा का सच्चा संस्कार मिला। पूर्व मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के युवाओं को रक्षा क्षेत्र से जोड़ने के लिए प्रदेश में नए मिलिट्री स्कूल खोलने की मांग की। उन्होंने कहा कि लखनऊ, सहारनपुर, कन्नौज, इटावा, वाराणसी और संत कबीर नगर जैसे जिलों में नए मिलिट्री स्कूल स्थापित किए जाने चाहिए. उनका कहना था कि यह न केवल युवाओं को देशभक्ति की राह पर प्रेरित करेगा, बल्कि देश की सुरक्षा को मजबूत करने में भी अहम योगदान देगा। अखिलेश यादव ने यह भी उम्मीद जताई कि वर्तमान सरकार देश की सामरिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इस दिशा में गंभीर कदम उठाएगी और उत्तर प्रदेश में मिलिट्री स्कूलों की स्थापना की जल्द घोषणा करेगी। उन्होंने कहा, "जहां चलती आई है महान परंपरा वीरता की, वहां हम सबको सीख मिलती है।"



# डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का बदलेगा नाम

**गुवाहाटी।** असम सरकार ने कैबिनेट बैठक में कई बड़े फैसले लिए हैं। इसकी जानकारी सरकार की एआई एंकर ने दी। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि सरकार ने डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे का नाम बदलकर डॉ. भूपेन हजारिका एयरपोर्ट करने को मंजूरी दी। इसके अलावा कैबिनेट ने चाय बागान श्रमिकों के लिए वित्तीय सहायता स्कीम 2025 के तहत अनुदान का एलान किया। सरमा ने एक्स पर लिखा कि हमारी एआई एंकर अंकिता से मिलिए, जो आपको हाल ही में हुई असम कैबिनेट की बैठक के बारे में नए अपडेट दे रही हैं।


## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### (जल अभियंता विभाग)
### ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त, नीचे दिए गए कार्य हेतु, आयटम दर आधार पर तीन लिफाफा प्रणाली में कार्य से संबंधित फर्मों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित करते हैं –

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज क्रमांक | **2025_एमसीजीएम_1178265** |
| संगठन का नाम | बृहन्मुंबई महानगरपालिका |
| विषय | एई डब्ल्यूडब्ल्यू(एम) डब्ल्यूएस/एस डिविजन अंतर्गत विरवली हिल जलाशय क्र. 1 और 2, महाकाली केव्हस रोड, अंधेरी (पूर्व) के 10 केजी/घंटा इलेक्ट्रोक्लोरीनेशन संयंत्र हेतु 2.5 केजी/घंटा क्षमता की इलेक्ट्रोलायज़र सेल की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं चालू करना. |
| निविदा शुल्क | **रु. 7,260/- (+ जीएसटी @18%)** |
| ई-निविदा लागत (अनुमानित लागत) | लागू नहीं क्योंकि आइटम दर निविदा है |
| बोली सुरक्षा जमा / ईएमडी | **रु. 46,000/-** |
| निविदा जारी करने एवं विक्रय की तिथि | 15.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे से |
| निविदा बिक्री तथा बोली सुरक्षा जमा की अंतिम तिथि एवं समय | 28.05.2025 को सायं 16:00 बजे तक |
| लिफाफा 'ए', 'बी' एवं 'सी' (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि | 28.05.2025 को सायं 16:00 बजे तक |
| पूर्व-बोली बैठक | लागू नहीं |
| लिफाफा 'ए' खोलने की तिथि | 30.05.2025 को सायं 16:05 बजे के बाद |
| लिफाफा 'बी' खोलने की तिथि | 02.06.2025 को सायं 16:10 बजे के बाद |
| लिफाफा 'सी' एवं फोल्डर 'सी' (वाणिज्यिक लिफाफा) खोलने की तिथि | 09.06.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | श्री प्रवीण भारते, एसई – 8408852589<br>श्रीमती पूजा शेलार, एई – 9404111005 |
| संपर्क का पता | सहायक अभियंता (रखरखाव) जल कार्य विभाग, पश्चिम उपनगर / दक्षिण विभाग, कैप्टन विनायक गोरे फ्लायओव्हर के नीचे, विलेपार्ले (प.), मुंबई – 400056 |
| बोली खोलने का स्थान | ऑनलाइन – सहायक अभियंता (रखरखाव) जल कार्य विभाग, पश्चिम उपनगर / दक्षिण विभाग, कैप्टन विनायक गोरे फ्लायओव्हर के नीचे, विलेपार्ले (प.), मुंबई – 400056 |

**उक्त निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय हैं.**

एमसीजीएम के पास बिना कोई कारण दर्शाए उपरोक्त विषय हेतु प्राप्त किसी भी अथवा सभी आवेदन को निरस्त करने अथवा किसी भी आवेदन को स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

**हस्ता./-**
पीआरओ/413/विज्ञा./2025-26 **उप जल अभियंता (रखरखाव)**

**कहीं भी पानी जमा ना होने दें, मच्छरों को आमंत्रित ना करें.**


# नक्सलियों के सफाए का संकल्प

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक जीपी सिंह ने नक्सलवाद के पूरी तरह से खात्मे की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे हैं। साख बी उन्होंने 2026 तक नक्सलवाद के खात्मे की बात पर जोर देते हुए एलान किया है कि 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म कर देने का लक्ष्य तय किया गया है।

नक्सलियों के खिलाफ यह अभियान 2014 में शुरू हुआ था, लेकिन 2019 के बाद इसे और तेज और केंद्रित किया गया है। केंद्र और राज्य की पुलिस एक साथ मिलकर काम कर रही हैं ताकि नक्सलवाद का पूरी तरह सफाया किया जा सके। इसको लेकर जीपी सिंह ने कहा कि हम पूरी मजबूती और सख्ती से नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीआरएफ प्रमुख ने आगे आकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि 2014 में जहां 35 जिले सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित थे, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर सिर्फ 6 रह गई है।



### नक्सलियों की संख्या में लगातार गिरावट

गौरतलब है कि 2014 में 287 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए थे, जबकि 2024 में यह संख्या घटकर 19 हो गई। वहीं 2014 से अब तक 2,089 नक्सली मारे गए हैं। इसके साथ ही 2024 में 928 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। 2025 में अब तक 718 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर थाई महिलाओं से चार करोड़ का गांजा बरामद

## 45 दिन में 24 करोड़ का गांजा सीज

**लखनऊ।** लखनऊ और कानपुर मादक पदार्थों का गढ़ बनते जा रहे हैं। बुधवार को कस्टम अधिकारियों ने चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट लखनऊ में चार करोड़ रुपए का गांजा पकड़ा। इस हाइड्रोपोनिक वीड ( उच्च क्वालिटी का गांजा) को दो थाई महिलाएं तस्करी से ला रही थीं, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। डेढ़ महीने पहले 20 करोड़ का हाइड्रोपोनिक वीड पकड़ा गया था। इसे भी थाईलैंड से तस्करी के रास्ते लाया गया था।

12 मई को तीन दिन पहले ही जिम्मेदारी संभालने वाले कस्टम उपायुक्त नन्देश्वर सिंह के नेतृत्व में अधीक्षक ज्योति सिंह और निरीक्षक शिवम् बाजपेई, आकाश दीक्षित, अंदीप यादव, अर्पित बाजपेयी, लोकेश, विवेक और अभिषेक की टीम ने जांच के दौरान बैंकाक से लखनऊ आ रही दो महिला थाई यात्रियों को रोका। एक्सरे में उनके ट्राली बैग में संदिग्ध पैकेट दिखे। तलाशी लेने पर खाद्य पदार्थों के बीच 4-4 पैकेट मिले, जिनमें हरे रंग का मादक पदार्थ भरा था। जांच में इसके गांजा / हाइड्रोपोनिक वीड/ मारिजुआना होने की पुष्टि हुई। लगभग 4.041 किलो गांजा की अनुमानित कीमत 4.041 करोड़ रुपए है।

# पूर्व पीएम इमरान को सता रहा भारत से डर

## हमला कर सकता है भारत, गुस्से में हैं नरेंद्र मोदी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान जेल में बंद हैं, लेकिन भारत से तनाव पर उनकी पूरी नजर है। इमरान खान से जेल में मुलाकात करने उनकी बहनें पहुंची थीं। उन्होंने मीटिंग के बाद बताया कि इमरान खान को डर है कि भारत ने भले ही सीजफायर स्वीकार कर लिया है, लेकिन अब भी हमला हो सकता है। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि भाई को इस बात की चिंता है कि अब भी भारत अटैक कर सकता है। उन्होंने पाकिस्तान की सेना और सरकार से अलर्ट रहने को कहा है। जेल प्रशासन की तरफ से इमरान खान की बहनों को 8 सप्ताह के बाद मिलने की परमिशन दी गई थी। अलीमा ने कहा, 'उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से अब भी अटैक हो सकता है। मोदी पाकिस्तान से नफरत करते हैं और गुस्से में फिर से कोई अटैक कर सकते हैं।' इमरान खान के हवाले से अलीमा ने कहा कि जंग में 60 फीसदी जंग तो मानसिक ही होती है। अलीमा ने कहा कि इमरान खान ने देश की चिंताओं पर बात की। इमरान खान की ओर से इस दौरान मिलिट्री कोर्ट में चल रहे मुकदमों को लेकर भी बात की।

# PAK के बाद बांग्लादेश को भी IMF से मिल रहा कर्ज

**महानगर नेटवर्क**
**ढाका**

भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान ने हाल ही में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) से कर्ज हासिल किया है। अब भारत के एक और पड़ोसी बांग्लादेश को आईएमएफ 1.3 अरब डॉलर का कर्ज देने जा रहा है। बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि आईएमएफ जून में बांग्लादेश को 1.3 बिलियन डॉलर जारी करने वाला है। यह कदम उसके 4.7 बिलियन डॉलर के कर्ज कार्यक्रम की चौथी समीक्षा पूरी करने सुधारों पर बातचीत में सफलता हासिल करने के बाद उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश वही है, जहां पर मोहम्मद यूनुस के राज में हिंदुओं के खिलाफ जमकर अत्याचार किया जा रहा है। शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद से ही बांग्लादेश में कई हिंदुओं की जान जा चुकी है।



बांग्लादेश ने बुधवार को आईएमएफ की बाजार-निर्धारित विनिमय दर की शर्त पर सहमति व्यक्त की। बांग्लादेश बैंक के गवर्नर अहसान एच मंसूर ने आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए तत्काल प्रभाव से प्रबंधित फ्लोटिंग विनिमय दर की घोषणा की, जिससे ऋण की पुष्टि सुनिश्चित करने में मदद मिली। उन्होंने कहा, "बांग्लादेश को जून तक विश्व बैंक, एडीबी (एशियाई विकास बैंक) और आईएमएफ सहित विभिन्न बहु-दाता एजेंसियों से कुल 3.5 बिलियन अमरीकी डॉलर प्राप्त होंगे।" केंद्रीय बैंक के गवर्नर को उम्मीद है कि उपलब्ध डॉलर की तरलता की वजह से प्रबंधित विनिमय दर मौजूदा दर के आसपास होगी। केंद्रीय बैंक के अधिकारियों ने कहा कि आईएमएफ जून तक कर्ज की अपनी रुकी हुई चौथी और पांचवीं किस्त जारी करने पर सहमत हो गया है, क्योंकि महीनों की बातचीत के बाद विनिमय दर लचीलेपन पर असहमति का समाधान हो गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस घोषणा का मतलब है कि अब तक लागू आंशिक रूप से लचीले सिस्टम को त्यागते हुए 'बाजार आधारित' विनिमय दर व्यवस्था को अपनाया जाएगा।

## कमर दर्द का कारण जानकर करें ये बेस्ट एक्सरसाइज

# लोअर बैक पेन से मिलेगा छुटकारा



आप घर पर हैं, तो भी योग, वर्कआउट के जरिए खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट और हेल्दी रख सकते हैं। यदि आपको भी कमर दर्द रहने लगा है, तो इसके लिए आज से ही एक्सरसाइज करना शुरू कर दें वरना कमर दर्द की समस्या आगे चलकर आपके लिए मुसीबत बन सकती है। कई ऐसे एक्सरसाइज हैं, जो आपको चुस्त-दुरुस्त रखने के साथ ही पीठ, कमर दर्द से छुटकारा भी दिलाते हैं। हम आपको कुछ आसान से कमर दर्द को दूर करने वाले एक्सरसाइज के बारे में बता रहे हैं, इनका अभ्यास आप जरूर करें।

जब से कोरोना के कारण लोगों को घर पर रहकर ऑफिस का काम करना पड़ रहा है, लोगों में कई तरह की शारीरिक समस्याएं नजर आने लगी हैं। किसी का वजन बढ़ रहा है, तो किसी को पेट में जलन, गैस की समस्या हो रही है। अधिकतर लोग तो ऐसे हैं, जो पीठ और कमर दर्द की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि लॉकडाउन के कारण आपको घर से ज्यादा नहीं निकलना, तो आपके पास सिवाए बैठ-बैठे काम करने या टीवी देखने के अलावा कोई दूसरा विकल्प ही नजर नहीं आता है। लेकिन, ऐसा करके आप अपने ही शरीर को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

1. कमर दर्द की समस्या को दूर करने के लिए आप सुपिन स्पाइनल ट्विस्ट करें। सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं। दोनों घुटनों को मोड़ें। ऊपर की तरफ लाएं। दोनों पैरों को बाईं तरफ और फिर दाईं तरफ मोड़ें। अब अपने दोनों पैरों को ऊपर की तरफ ले जाएं, फिर पैर को नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को अपनी शारीरिक क्षमता के अनुसार दोहराएं। इससे कमर दर्द से काफी हद तक आराम मिलेगा।

2. कोबरा पोज करने से भी कमर दर्द से छुटकारा मिलता है। इसके लिए आप पेट के बल सो जाएं। अपने दोनों हाथों को सीने के पास लाएं। केहुनियां को पसलियों की तरफ रखें। अब गहरी सांस लेते हुए अपने सीने को ऊपर की तरफ उठाएं। कंधों को घुमाएं, अपने सिर को पीछे की तरफ ले जाएं। अब धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए सीने को नीचे ले आएं।

3. ब्रिज पोज के अभ्यास से भी कमर दर्द को चुटकी में दूर कर सकते हैं। फर्स पर योग मैट बिछाएं। उस पर लेट जाएं। अब पैरों के तलवे चटाई पर सटे रहें और दोनों घुटनों को उठाते हुए अपने शरीर से पुलनुमा आकार बनाएं। दोनों हाथ चटाई पर साइड में रखें। धीरे-धीरे सांस लेते हुए हिप्स को उठाने की कोशिश करें। जितना हो सकते हिप्स को उठाने की कोशिश करें और फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हिप्स को फर्श पर ले आएं।

## ग्लोइंग स्किन और चमकदार बाल पाने के लिए इस्तेमाल करें

# चावल फेस वॉश



चेहरे और बालों की सेहत को संवारने के लिए लोग तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं। इसके लिए काफी पैसा भी खर्च करते हैं। इन केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के ज़रिये कुछ समय की इंस्टेंट ब्यूटी भले ही चेहरे और बालों को मिल जाती हो लेकिन पोषण मिलना मुश्किल होता है। आज हम आपको एक ऐसी किफायती चीज के बारे में बताएंगे जिसको इस्तेमाल करने से फेस और हेयर ब्यूटी में निखार तो आएगा ही, साथ ही पोषण भी भरपूर मिलेगा। घर बैठकर आपकी फेस और हेयर ब्यूटी को बढ़ाने और इनको पोषण देने का काम करेगा चावल। जिसमें बिटामिन ए, बिटामिन सी, आयरन, फाइबर के साथ ही स्टार्च, एमिनो एसिड और कार्बोहाइड्रेट भी काफी मात्रा में होता है। चावल को फेस वाश, फेस पैक और हेयर मास्क के तौर पर किस तरह से इस्तेमाल किया जा सकता है आइये यहां जानते हैं।

**फेस वॉश**

चावल का फेस वॉश बनाने के लिए आप दो बड़े चम्मच चावल को बारीक पीसकर पाउडर बना लें। इसमें एक चम्मच गुलाब जल, आधा चम्मच बादाम का तेल, आधा चम्मच ग्लिसरीन और एक विटामिन ई कैप्सूल ऑयल मिलाएं। इन सबको आपस में अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर दो-तीन मिनट तक मसाज करें फिर चेहरा ठंडे पानी से धो लें। इसको रोज़ाना इस्तेमाल करने से आपकी स्किन टाइट बनेगी जिससे झुर्रियां कम होंगी। साथ ही डेड स्किन से निजात मिलेगी और स्किन भी ग्लोइंग बनेगी।

**फेस पैक**

चावल को सूखा पीसकर बारीक पाउडर बना लें। इस एक चम्मच चावल के पाउडर में आधा चम्मच शहद, एक चम्मच गुलाब जल और दो चम्मच कच्चा दूध मिला लें। इसमें आधा चम्मच बादाम का पाउडर भी मिलाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगा कर बीस मिनट के लिए छोड़ दें। फिर मसाज करके इस पेस्ट को हटा दें और चेहरा धो लें।

एक बढ़ा चम्मच चावल का बारीक पाउडर लें। इसमें आधा चम्मच शहद और एक चम्मच नींबू का रस मिला लें। इस गाढ़े पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें और सूखने तक ऐसे ही लगा रहने दें। फिर हल्के हाथों से रगड़ कर इसे छुड़ा दें और ठंडे पानी से चेहरा साफ़ कर लें।

चावल का एक बड़ा चम्मच पाउडर लें और इसमें दो चुटकी हल्दी मिला लें। साथ ही इसमें एक चम्मच एलोवेरा जेल भी मिलाएं।

इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और पंद्रह मिनट तक ऐसे ही लगा रहने दें। इसके बाद हल्के हाथों से चेहरे की मसाज करें और फिर चेहरा धो लें।

# नाखूनों को टूटने से बचाएं और बढ़ाए खूबसूरती



**लंबे नाखून का शौक तो हर लड़की को होता है लेकिन कुछ लड़कियों के नाखून बार-बार टूटते रहते हैं। इसके कारण उन्हें नेल एक्सटेंशन या फेक नेल्स का सहारा लेना पड़ता है। मगर, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिससे आपके छोटे नाखुन लंबे दिखने लगेंगे। इन टिप्स को अपनानें से नाखून टूटेंगे भी नहीं बल्कि मजबूत रहेंगे। साथ ही हाथ की खूबसूरती भी बढ़ेगी। तो चलिए बताते हैं उन तरीकों के बारे में...**

1. नेल्स को लंबे दिखाने के लिए उस आलमंड शेप दें। अगर आलमंड शेप आपको पसंद नहीं आ रही तो आप नाखूनों को राउंड शेप भी दे सकती हैं। हालांकि इस बात का जरूर ध्यान रखें कि स्क्वेयर शेप देने से नेल्स छोटे दिखते हैं।
2. अब नेल्स की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करती है नेल पेंट। अगर नेल्स को लंबा दिखाना है तो न्यूड कलर्स का इस्तेमाल करें। इसके अलावा अपनी स्किन टोन के हिसाब से अपनी नेल पेंट का कलर चुनें।
3. नेल आर्ट को स्मार्ट तरीके से करेंगे तो नाखून लंबे दिखेंगे। नेल आर्ट में छोटे पैटर्न का इस्तेमाल करें। जो नेल्स को खूबसूरत दिखाने के साथ-साथ लंबे भी दिखाएंगे।
4. आजकल फ्रेंच मैनीक्योर महिलाओं में सबसे पॉपुलर है। इसमें नेल्स के टिप्स पर व्हाइट कलर का इस्तेमाल जाता है जिससे नाखून लंबे लगते हैं।
5. नाखूनों को लंबा दिखाने के लिए क्यूटिकल्स को पीछे की तरफ धकेलें। क्यूटिकल्स को पीछे धकेलते हुए ध्यान रखें कि इसे आराम से करें वर्ना नेल बेड को नुकसान भी हो सकता है। इसलिए क्यूटिक्लस को जेंटल तरीके से पुश करें।

## गर्मियों में इन गंभीर बीमारियों से बचाएगा

# काला अंगूर



**गर्मियों में शरीर को फिट और स्वस्थ्य रखना किसी चुनौती से कम नहीं होता। अभी तो कोरोना महामारी भी कहर बरपा रही है। ऐसे में हेल्थ एक्सपर्ट खान-पान के मामले में बेहद सावधानी बरतने की अपील कर रहे हैं। इस खबर में हम आपके लिए लेकर आए हैं काले अंगूर के फायदे। काले अंगूर शरीर को कई तरह की बीमारियों से बचा सकते हैं। दरअसल, अंगूर काफी सेहतमंद माना जाता है। खास तौर पर गर्मियों में काले अंगूर का नियमित सेवन किया जाए तो डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां, त्वचा और बालों की परेशानियों से निजात पा सकते हैं।**

### वजन घटाने में मददगार

जो लोग मोटापे से परेशान हैं वो काले अंगूर से दोस्ती कर लें और उसे अपनी डाइट में शामिल करें, क्योंकि वजन घटाने में काला अंगूर मदद कर सकता है। इसके लिए आपको इसका नियमित सेवन करना होगा। इनमें जो एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, वो शरीर से गैरजरूरी टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं और इस तरह वजन कम होता है।

### कोलेस्ट्रॉल होगा कंट्रोल

काले अंगूर का सेवन कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। काले अंगूर में पाए जाने वाला साइटोकेमिकल्स दिल के लिए बेहतर होता है और यह कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल करता है।

### बालों के लिए सेहतमंद है

जिन लोगों को बालों से जुड़ी समस्या है वो काले अंगूर का सेवन कर सकते हैं। काले अंगूर में पाया जाने वाला विटामिन-ई बालों के लिए फायदेमंद साबित होता है।

### याददाश्त बढ़ाने में मददगार

काला अंगूर आपकी याददाश्त बढ़ाने में मददगार होता है। बताया जाता है कि काले अंगूर दिमाग की गतिविधियों को बढ़ाते हैं।



### इंसूलिन भी बढ़ाता है

काले अंगूर के सेवन से खून में इंसूलिन की मात्रा बढ़ती है। इसमें रेसवार्टल नाम का पदार्थ होता है जो इंसुलिन बढ़ाता है।

### त्वचा के लिए भी फायदेमंद

काले खाने से झुर्रियां खत्म होती हैं और त्वचा जवां दिखने के साथ ही उसमें निखार भी आता है। इसमें मौजूद विटामिन सी त्वचा सेल्स में जान भर देते हैं।

### अपच दूर करने में मददगार

काले अंगूर में शुगर, ऑरगैनिक एसिड और पॉलीओस की मात्रा ज्यादा होती है। इसलिए ये अपच दूर करने में भी मददगार हो सकता है। साथ ही पेट में होने वाली जलन भी दूर होती है।

### क्षमता से ज्यादा न खाएं काले अंगूर

काले अंगूर का सेवन करते वक्त आपको याद रखना है कि इसका सेवन लिमिट में करे। क्योंकि ज्यादा अंगूर खाने से सलिसीक्लिक एसिड पाचन समस्याएं पैदा कर सकता है।

# ऐसे बनाए दांतों को चमकदार!



**आपकी एक खूबसूरत सी मुस्कुराहट सभी का मन मोह लेती है, लेकिन वही अगर आपके दांत पीले हो तो आप की मुस्कुराहट भी फीकी पड़ जाती है। इतना ही नहीं, यह आपके आत्मविश्वास को भी कम करती है।**

**ऐसे में आप सोचते हैं कि दांतों के पीलेपन को कैसे दूर करें। तो चलिए आज हम आपको बताते हैं दांतो को चमकदार बनाने के कुछ आसान तरीकों के बारे में-**

- दांतों का पीलापन दूर करने के लिए आप अपने कोलगेट के साथ चुटकी भर बेकिंग सोडा मिला लें और फिर ब्रश करें। दांतों का पीलापन धीरे धीरे ख़त्म होता चला जाएगा।
- आप चाहे तो नींबू के छिलकों से दातों को रगड़कर भी अपने दांतों के पीलेपन से निजात पा सकते हैं। अगर आप नींबू के छिलकों से दांतों को रगड़ने में सहज नहीं महसूस करते तो आप नींबू और पानी को मिलाकर उस उस पानी से कुल्ला कर सकते हैं।
- इस से दातों का पीलापन तो खत्म होगा ही साथ ही आपको मुंह की दुर्गंध से भी छुटकारा मिल जाएगा।
- पुराने समय में नीम की दातुन से दातों को साफ किया जाता था आप चाहें तो पीलेपन के लिए भी इस दातुन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# फेफड़ों के लिए लाभकारी होती है इलायची



**इलायची का प्रयोग भारत के लगभग सभी के घरों में होता है। स्वाद के साथ -साथ इलायची सेहत के लिए भी काफी लाभदायक होती है। रिसर्च के मुताबिक इलायची फेफड़ों के लिए काफी फायदेमंद होती है। जाने माने एक न्यूट्रीशनिस्ट के अनुसार, वर्तमान समय जब प्रदूषण और संक्रमण की समस्या बढ़ रही है। ऐसे में हमे प्रतिदिन इलायची का सेवन करना चाहिए। आइए जानते हैं इसके फायदों के बारे में....**

### फेपड़ों को संक्रमण से बचाती है इलायची

इलायची में सीनेओल नामक तत्व मौजूद होता है, जो एंटीमाइक्रोबियल और एंटीसेप्टिक होता है। यह फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टिरिया की रोकथाम करने में सक्षम होता है। विशेष रूप से अस्थमा के रोगियों के लिए यह काफी फायदेमंद होता है।

### न्यूमोनिया में भी लाभदायद है इलायची

इलायची ब्रोंकाइटिस,न्यूमोनिया आदि में भी फायदेमंद होती है। अधिक प्रदूषण के कारण एक्सपोजर से रेस्पिरेटरी ट्रेक्ट की लाइनिंग में इंफ्लेमेशन हो सकता है। इलायची के सेवन इंफ्लेमेशन पर लगाम लगाया जा सकता है। इलायची रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजूबत करती है। यह एक पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट होती है। यह रेस्पिरेटरी सिस्टम की एजिंग को कंट्रोल करने के साथ पॉल्यूशन के कारण होने वाले फ्री रेडिकल डैमेज से भी लड़ सकती है।

### कैसे करें सेवन

इलायची का सेवन अलग-अलग तरीके से कर सकते हैं। आप चाहे तो इसका सेवन चाय के साथ भी कर सकते हैं। इसके लिए आप चाय बनाते समय दो या तीन इलायची को कूटकर डाल सकते हैं। इसके अलावा आप वेज पुलाव में भी इलायची का इस्तेमाल कर सकते हैं।

बता दें कि जिन लोगों को गाल ब्लैडर स्टोन की समस्या होती है, उन्हें इलायची के इस्तेमाल से बचना चाहिए या स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से परामर्श करने के बाद ही इसका सेवन करना चाहिए। इलायची का सेवन एक से दो मात्रा में ही करना चाहिए।

# प्राकृतिक तरीके से डाइट में जोड़ें विटामिन्स

**कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर ने एक बार फिर इम्यूनिटी बढ़ानेवाले फूड्स और सप्लीमेंट्स के महत्व को बढ़ा दिया है। दुनिया भर के आहार विशेषज्ञ बता रहे हैं कि लोगों को विटामिन्स, जिंक, मिनरल्स, प्रोटीन, फैट्स और कार्बोहाइड्रेट्स समेत संतुलित डाइट अधिकतम स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए खाना चाहिए। आपको कुछ फूड्स बताए जा रहे हैं जो प्राकृतिक तौर पर विटामिन्स और जिंक में भरपूर हैं और आसानी से भोजन में शामिल किए जा सकते हैं।**

**काजू- प्लांट आधारित जिंक का शानदार प्राकृतिक स्रोत काजू है। चाहे कच्चा खाया जाए या भूना, उससे जिंक की 1.5 मिलीग्राम मात्रा मिलती है। काजू विटामिन ए, विटामिन K, कॉपर, फोलेट और स्वस्थ अनसैचुरेटेड फैट्स में भरपूर होता है। काजू खाने से दिल की बीमारी का खतरा कम होता है और स्वस्थ केलोस्ट्रोल को बढ़ावा मिलता है।**

**तीखे फल-** कहा जाता है कि विटामिन C सफेद रक्त कोशिकाओं के उत्पादन को बढ़ाता है, जो संक्रमण से लड़ने की बुनियाद है। करीब सभी तीखे फल विटामिन C में भरपूर होते हैं। संतरा, नींबू, अनानास, मौसंबी, चकोतरा जैसे फलों में से आपको चुनने का विकल्प है। व्यस्क महिला के रोजाना विटामिन C की सिफारिश मात्रा 75 मिलीग्राम है जबकि पुरुष के लिए 90 मिलीग्राम होती है।

**ब्रोकली और पालक-** ब्रोकली मिनरल्स और विटामिन्स में पर्याप्त होता है। विटामिन्स A, C और E से पैक होने के अलावा फाइबर और कई अन्य एंटीऑक्सीडेंट्स भी उपलब्ध कराता है। हमारी प्लेट के लिए ब्रोकली सबसे स्वस्थ सब्जियों में से एक है।



दूसरी तरफ पालक न सिर्फ विटामिन C में भरपूर होता है बल्कि ये कई एंटीऑक्सीडेंट्स और बीटा कैरोटीन में भी शानदार होता है। दोनों हमारे इम्यून सिस्टम की संक्रमण से लड़ाई में क्षमता को बढ़ाते हैं। ब्रोकली की तरह पालक भी सबसे स्वस्थ होता है।

**ऑयली मछली जैसे टूना और सालमन-** मछली में पोषण और प्रोटीन की उच्च मात्रा होती है, विशेषकर ऑयली मछली जैसे सालमन और टूना में। उनसे जिंक समेत विटामिन्स और मिनरल्स उपलब्ध होता है और ओमेगा-3 फैटी एसिड भी काफी मिलता है, जो इम्यून का काम, पाचन और प्रजनन के अलावा मसल सक्रियता को सुधारने में मदद करता है।

**योगर्ट-** हमारे शरीर के इम्यून सिस्टम और आंत के स्वास्थ्य के लिए योगर्ट शानदार है। ये स्वस्थ आंत के लिए हमें अच्छा बैक्टीरिया देता है और शरीर के लिए बहुत जिंक भी उपलब्ध कराता है। दही या योगर्ट के एक कप में जिंक की 1.5 मिलीग्राम मात्रा होती है। वास्तव में ये पाचन और इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करने का एक सबसे अच्छा विकल्प है। योगर्ट विटामिन डी का एक शानदार स्रोत भी है और हमारी हड्डियों को मजबूत करने में मदद करता है।

**अदरक-** विटामिन सी का अच्छा स्रोत होने के अलावा अदरक में बीटा कैरोटीन भी होता है। शरीर में ये विटामिन ए में बदल जाता है जो इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देने में मदद करता है।

ये हमारे शरीर को एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा लेवल मुहैया कराने में अहम भूमिका निभाता है। उसे सुरक्षा के तौर पर बीमारी से बचानेवाला समझा जा सकता है। अदरक आपके मेटाबोलिज्म को भी बढ़ाता है और शरीर में ब्लड शुगर लेवल को स्थिर करता है।

## आज की रेसिपी

# आलू पनीर बॉल्स



अगर आप खाने के शौकीन हैं तो यह रेसिपी आप के लिए बहुत ही मजेदार साबित हो सकती है। जी हां हम बात कर रहे हैं आलू पनीर बॉल्स की, यह खाने में बहुत ही टेस्टी और बनाने में आसान है। इसे बनाने के लिए रेसिपी भी बहुत आसान है। यह है सामग्री और बनाने की विधि।

**सामग्री**

कवरिंग के लिए-रेडीमेड इंस्टेंट इडली मिक्स पावडर : 2 कटोरी
बेसन : 1 टेबल स्पून,
तलने के लिए : तेल
स्टफिंग के लिए-उबले आलू : 250 ग्राम,
पनीर : 100 ग्राम,
बारीक कटी हरी मिर्च : 4
जीरा : 1/4 टी स्पून
बारीक कटा प्याज : 1
गरम मसाला : 1/4 टी स्पून
अमचूर पावडर : 1/2 टी स्पून
नमक : स्वादानुसार
बारीक कटा हरा धनिया : 1 टेबल स्पून, तलने के लिए पर्याप्त मात्रा में तेल

**बनाने की विधि**

पैन में तेल डालकर गर्म करें। इसमें कटा प्याज, हरी मिर्च और जीरा डालकर भूनें। आलू को मैश करके उसमें सारे मसाले डालें और तेज आंच पर 3-4 मिनट भूनकर उतार लें। आधा हरा धनिया मिलाएं। पनीर को कसकर बाकी हरा धनिया इसमें मिलाएं। तैयार आलू के मिश्रण में एक चम्मच पनीर का मिश्रण भरें। इडली मिक्स का एक बर्तन में गाढ़ा घोल बनाएं। इसमें तैयार आलू बॉल्स डुबोएं। कड़ाही में तेल गरम करें। इसमें सुनहरा होने तक आलू बॉल्स तलें। बटर पेपर पर निकालकर हरी चटनी या सॉस के साथ आलू-पनीर बॉल्स को सर्व करें।

## 26 मई से पहले स्वदेश लौटेंगे

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी?




**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेला जाना है और इस कारण इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के आईपीएल 2025 के शेष मैचों में खेलने पर संशय चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुकरी कोनराड ने भी खिलाड़ियों की उपलब्धता पर बयान दिया है और उनका कहना है कि आईपीएल में हिस्सा ले रहे राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी 26 मई तक स्वदेश लौट आएं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया था। बोर्ड ने हाल ही में इसका संशोधित कार्यक्रम जारी किया जिसके अनुसार टूर्नामेंट 17 मई से शुरू होगा और इसका फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। हालांकि, टूर्नामेंट आगे बढ़ने से टीमों को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताएं पूरी करने में दिक्कतें आ रही है। सबसे ज्यादा चिंता की बात ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के लिए है। कोनराड ने आईपीएल का सत्र बढ़ने पर कहा, 'आईपीएल और बीसीसीआई के साथ शुरुआती समझौता यह था कि खिलाड़ी 25 मई को होने वाले फाइनल के बाद 26 मई को वापस लौटेंगे। हमारे दृष्टिकोण से कुछ भी नहीं बदला है, यही बातचीत चल रही है। जैसा कि अभी है, हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी 26 तारीख तक वापस आ जाएं।' क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम घोषित कर दी है और माना जा रहा है कि सभी खिलाड़ियों को 31 मई तक इंग्लैंड पहुंचना है। आईपीएल में नहीं खेल रहे खिलाड़ी 30 मई तक पहुंचेंगे, जबकि आईपीएल में खेलने वाले खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी का साथ प्लेऑफ से पहले छोड़ना होगा।



# जसप्रीत बुमराह को कप्तान बनाओ: सुनील गावस्कर

## निर्णय लेने में सबसे उपयुक्त खिलाड़ी | लाल गेंद में भारत के नेतृत्व का अनुभव

**हैदराबाद।** जबसे टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा ने रिटायरमेंट का ऐलान किया है तब से क्रिकेट फैंस के मन में ये सवाल खड़ा हो रहा है कि भारतीय टीम का अगला टेस्ट कप्तान कौन होगा। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि शुभमन गिल को अगला टेस्ट कप्तान नियुक्त कर दिया गया है बस इसका आधिकारिक ऐलान करना बाकी है। बीसीसीआई की चयन बैठक जल्द ही होने की उम्मीद है, जिसमें भारतीय कप्तान के साथ-साथ टेस्ट स्क्वाड का भी ऐलान कर दिया जाएगा। इस बीच ये भी रिपोर्ट्स आई कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कार्यभार प्रबंधन के कारण सभी पांच टेस्ट में खेलने में कठिनाई का हवाला देते हुए खुद को टेस्ट की कप्तानी की रेस से बाहर कर लिया है।

ऐसे में चयनकर्ता अब कथित तौर पर शुभमन गिल और ऋषभ पंत को इस पद के लिए प्राथमिक उम्मीदवार के रूप में देख रहे हैं। वहीं रिपोर्ट के बावजूद भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने जसप्रीत बुमराह को भारत का अगला टेस्ट कप्तान बनाने का समर्थन किया है। उनका मानना है कि एक तेज गेंदबाज के रूप में, बुमराह अपने कार्यभार को प्रबंधित करने और अपनी शारीरिक मांगों के अनुरूप मैदान पर निर्णय लेने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। गावस्कर ने कहा, 'अपने काम का बोझ खुद से बेहतर कौन जान सकता है? अगर आप किसी और को कप्तान नियुक्त करते हैं, तो वे हमेशा बुमराह से एक अतिरिक्त ओवर चाहेंगे। अगर वह आपका नंबर 1 गेंदबाज है, तो वह खुद ही जानता होगा कि 'हां, यह वह समय है जब मुझे ब्रेक लेना चाहिए। मेरे हिसाब से, यह सिर्फ जसप्रीत बुमराह ही हो सकता है। मैं उनके कार्यभार और इस तरह की सभी अटकलों को जानता हूं। उन्हें यह काम दें ताकि उन्हें पता हो कि कितने ओवर गेंदबाजी करनी है, कब उन्हें आराम देना है, कब आराम करना है। उसके हिसाब से वो खुद को तैयार रखेंगे, यही सबसे से आइडियल भी है।' उन्होंने आगे कहा, 'उसे (बुमराह को) शायद कोई टेस्ट मैच मिस न करना पड़े। अगर आप उसे टेस्ट मैच देते हैं, तो उसे पता चल सकता है कि कब रुकना है, इससे पहले कि उसका शरीर खराब होने लगे। मेरे हिसाब से, उसे टेस्ट मैच का कप्तान बना देना चाहिए। पहले टेस्ट के बाद, आठ दिन का गैप होता है। ठीक होने के लिए पर्याप्त समय होता है। फिर, दो बैक-टू-बैक टेस्ट मैच होते हैं।



### बुमराह को लाल गेंद के प्रारूप में कप्तानी का अच्छा अनुभव है

बता दें कि बुमराह ने पहले लाल गेंद के प्रारूप में भारत का नेतृत्व किया है, अपने हालिया प्रदर्शन और शांत नेतृत्व शैली के कारण शीर्ष दावेदार के रूप में उभरे हैं। उन्होंने ने इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ 2022 बर्मिंघम टेस्ट और फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत की कप्तानी की थी। उनके नेतृत्व में, भारत ने एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया पर 295 रनों की शानदार जीत हासिल की, जो ऑस्ट्रेलिया में रनों के लिहाज से उनकी सबसे बड़ी जीत थी, और उन्होंने इस साल की शुरुआत में सिडनी टेस्ट में भी टीम की अगुआई की थी, जब रोहित बाहर बैठे थे।

# प्रज्ञानानंदा ने डुडा के खिलाफ खेला ड्रॉ



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के खिलाफ ड्रॉ खेला और संयुक्त बढ़त बरकार रखी है। वहीं गुकेश को हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद वे लाइव रैंकिंग में पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं। वहीं अलीरजा, अमेरिका के फेबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। सुपरबेट शतरंज क्लासिक के छठे दौर के बाद प्रज्ञानंद के 3.5 अंक हैं। इंग्लिश ओपनिंग में काले मोहरों से खेलते हुए प्रज्ञानानंदा को डुडा ने शुरू में परेशान किया लेकिन बाद में उन्होंने लय पकड़ ली। दूसरी ओर, विश्व चैंपियन डी गुकेश को फ्रांस के अलीरजा फिरोजा ने हराया। गुकेश को हार से रैंकिंग में नुकसान हुआ, जबकि अर्जुन एरिगेसी तीसरे नंबर पर आ गए हैं। अलीरजा, अमेरिका के फेबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और प्रज्ञानंद संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

# पहलगाम हमला : पाकिस्तान का राजगीर में एशिया कप हॉकी खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया सरकार के परामर्श का इंतजार कर रहा है लेकिन पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच इस साल हीरो एशिया कप हॉकी में पाकिस्तान का भाग लेना मुश्किल लग रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 27 अगस्त से सात सितंबर के बीच खेला जायेगा। मेजबान भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपै को इसमें भाग लेना है। यह अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप का क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने कहा, 'अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन हम सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे जैसा पहले भी होता आया है। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। पहलगाम में क्रूर आतंकवादी हमले और आपरेशन सिंदूर के बाद अभी कुछ कहना मुश्किल है। अभी टूर्नामेंट में तीन महीने का समय है लेकिन हम सरकार की सलाह का पालन करेंगे। इसमें कोई दोराय नहीं है।' पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमले में 26 भारतीयों की मौत हो गई थी जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके बाद से भारत सरकार ने सभी पाकिस्तानियों को देश छोड़कर जाने के आदेश दिए। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के जरिये मिसाइल हमले किए। पाकिस्तान ने जवाब में ड्रोन और मिसाइल हमले किए जिन्हें भारत की शानदार वायु रक्षा प्रणाली ने नाकाम कर दिया। भारत ने पाकिस्तान के कई प्रमुख शहरों में सैन्य ठिकानों और वायु रक्षा प्रणाली को नेस्तनाबूद कर दिया। दोनों देश दस मई को युद्धविराम पर राजी हो गए जब पाकिस्तान के सैन्य अभियान के महानिदेशक ने भारत के डीजीएमओ से संपर्क किया।



# IPL को लेकर बोल्ट के निर्णय से मुंबई को राहत

**मुंबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 के शेष सत्र में अपनी टीम मुम्बई इंडियंस के लिए खेलने का निर्णय किया है। 36 वर्षीय बोल्ट को मुम्बई इंडियंस ने मेगा नीलामी में 12.5 करोड़ रुपए में खरीदा था। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने IPL के इस सत्र में 8.49 की इकॉनमी रेट से 18 विकेट लिए हैं। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 26 रन देकर 4 विकेट अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह पूरे टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। पांच बार की चैंपियन मुम्बई को अब भी अपने तीन प्रमुख विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता का इंतजार है। दक्षिण अफ्रीका के रायन रिकल्टन और कोर्बिन बॉश, और इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स की भागीदारी को लेकर अब भी संशय बना हुआ है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड के अनुसार उनके खिलाड़ियों की एनओसी 25 मई तक वैध है। इंग्लैंड के क्रिकेट बोर्ड (ECB) ने आईपीएल में भाग लेने वाले इंग्लैंड के खिलाड़ियों को 29 मई से शुरू हो रही वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए समय पर लौटने का निर्देश दिया है।



# बोपन्ना और पावलासेक की जोड़ी को मिली हार



**रोम।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके जोड़ी एडम पावलासेक की जोड़ी का सफर रोम मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग में समाप्त हो गया है। बोपन्ना और चेक गणराज्य के उनके जोड़ीदार को जो सैलिसबरी और नील स्कूपस्की की ब्रिटेन की जोड़ी ने सीधे सेटों में मात दी। बोपन्ना और पावलासेक प्री-क्वार्टर फाइनल मैच को हार गए। बोपन्ना की हार के साथ ही इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। एटीपी 1000 स्तर के इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय युकी भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे को शुरुआती दौर में ही शिकस्त का सामना करना पड़ा था।

# योगराज सिंह ने रोहित और विराट की आलोचना की


## कहा- मैं उनके संन्यास से दुखी हूं

**चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेट ने अपने दो आधुनिक समय के महान खिलाड़ियों विराट कोहली और रोहित शर्मा को टेस्ट क्रिकेट से विदाई दी है, ऐसे में पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने उनके संन्यास पर अपनी भावनात्मक और आलोचनात्मक राय साझा की है। भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता ने दोनों दिग्गजों के जाने से पैदा होने वाले खालीपन पर विचार किया। योगराज ने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में कोहली के कद और प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा, 'विराट बड़े खिलाड़ी हैं, इसलिए निश्चित रूप से नुकसान होगा।' उन्होंने 2011 में भारत के बदलाव के दौर से तुलना करते हुए कहा, 'जब 2011 में कई खिलाड़ियों को या तो हटा दिया गया, रिटायर कर दिया गया या उन्हें रिटायर होने के लिए मजबूर किया गया, तो टीम बिखर गई और अभी तक वापस खड़ी नहीं हुई है।' उन्होंने माना कि हर किसी का समय आता है, योगराज का मानना है कि कोहली और रोहित दोनों में अभी भी क्रिकेट बचा हुआ है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि विराट और रोहित में अभी भी बहुत क्रिकेट बचा हुआ है।' अपने बेटे युवराज सिंह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर होने पर विचार करते हुए योगराज ने कहा, 'मैंने युवी से कहा कि जब वह संन्यास ले रहा था, तो यह सही कदम नहीं था। जब कोई चलने में असमर्थ हो, तो उसे मैदान से दूर चले जाना चाहिए।' योगराज युवाओं पर अत्यधिक निर्भरता के मौजूदा चलन की आलोचना करने से नहीं कतराते।



# लाल बजरी के बादशाह राफेल नडाल की फ्रेंच ओपन में वापसी

**पेरिस।** राफेल नडाल ने 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीतकर टेनिस जगत में एक ऐसी विरासत बनाई है जो किसी भी पुरुष या महिला द्वारा जीते गए सबसे ज़्यादा खिताब हैं। उन्होंने क्ले कोर्ट पर राज करके खेल के महानतम खिलाड़ी के रूप में अपनी जगह पक्की की। इसने उन्हें एक ऐसी विरासत गढ़ने में मदद की जो खेल के इतिहास में उनकी जगह को खास बनाएगी। हालांकि, 38 वर्षीय खिलाड़ी डेविस कप में स्पेन के लिए खेलने के बाद 2024 में खेल से संन्यास ले लेंगे। पिछले दो सत्रों में उन्हें चोट की समस्या रही और उन्होंने सीमित आधार पर प्रतिस्पर्धा की। लेकिन, स्पेनिश खिलाड़ी अब फ्रेंच ओपन के लिए एक नई भूमिका में वापस आ गए हैं क्योंकि वह टूर्नामेंट के आधिकारिक ट्रेलर में वॉयस-ओवर आर्टिस्ट होंगे। नडाल ने अपनी आवाज में कहा, 'केवल वहीं जहां प्यार बड़े अक्षरों में लिखा जाता है, केवल मिट्टी जहां चैंपियन लड़ते हैं, केवल ग्लाइड, शक्ति, केवल रात तक धीरज, केवल जहां टेनिस और हर कोई तुकबंदी करता है, केवल जहां टोपी सभी के सिर पर फिट होती है, केवल जहां मिट्टी लाल रंग में जुनून को दर्शाती है, केवल जहां अनुष्ठान एक निशान छोड़ते हैं, केवल साहस और आग के लिए एक मंच, केवल यहां जहां सभी सपने साकार होते हैं, केवल रोलैंड-गैरोस में'। उनकी आवाज 45 सेकंड की क्लिप में सुनाई देती है जो उनके क्लोज-अप शॉट के साथ समाप्त होती है।



# क्रिस्टियानो जूनियर ने जापान को 4-1 से हराया



**नई दिल्ली।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बेटे, क्रिस्टियानो डॉस सैंटोस ने पुर्तगाल अंडर-15 राष्ट्रीय टीम के लिए डेब्यू किया, जिसने मंगलवार को व्लाटको मार्कोविक अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट के पहले मैच में जापान को 4-1 से हराया। रोनाल्डो ने अपने बेटे को सफल पदार्पण के लिए इंस्टाग्राम के माध्यम से बधाई दी। रोनाल्डो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, 'बेटा, आपके पुर्तगाल डेब्यू के लिए बधाई। तुम पर बहुत गर्व है!' 14 वर्षीय फॉरवर्ड ने जापान पर पुर्तगाल की जीत में भाग लिया, जिसमें ब्रागा के राफेल कैब्रल ने हैट्रिक बनाई। उन्होंने परिवार की समृद्ध फुटबॉल विरासत में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया। रोनाल्डो जूनियर 54वें मिनट में मैदान पर आए, जब पुर्तगाल 3-0 से आगे चल रहा था और उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। क्रिस्टियानो के लिए उनका पदार्पण एक गौरवपूर्ण क्षण था. वर्तमान में अल नासर की अकादमी में फॉरवर्ड के रूप में खेल रहे रोनाल्डो जूनियर लगातार रैंकों में आगे बढ़ रहे हैं। जुवेंटस की युवा अकादमी के लिए खेलते हुए उन्होंने 58 गोल के साथ पहले ही सनसनी मचा रखी है। उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड की अकादमी में अपने कार्यकाल के दौरान वेन रूनी के बेटे, काई जैसे अन्य दिग्गजों के बच्चों के साथ फुटबॉल का मैदान भी शेयर किया है। उनके पिता के प्रतिष्ठित 'सिउ' जश्न की नकल करते हुए उनके क्लिप वायरल हुए हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता और ज्यादा बढ़ी है। रोनाल्डो जूनियर की दादी, मारिया भी अपने पोते को एक्शन में देखने के लिए स्टैंड में मौजूद थीं। रोनाल्डो जूनियर ने अपने डेब्यू को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को ग्रीस के खिलाफ खेला। टूर्नामेंट का आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। इस बीच, क्रिस्टियानो रोनाल्डो सीनियर सऊदी प्रो लीग में अल नासर के लिए खेलते हुए 40 की उम्र में भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

# लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के पहले दौर में हारे



**बैंकॉक।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन को थाईलैंड ओपन के पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आकर्षी कश्यप और उन्नति हुड्डा बुधवार को संघर्षपूर्ण जीत के साथ इस सुपर 500 टूर्नामेंट के अगले दौर में पहुंचने में सफल रहीं। लक्ष्य को पुरुष एकल वर्ग में आयरलैंड के नहात नगुयेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। पहले गेम में पिछड़ने के बाद लक्ष्य ने दूसरे गेम में लय हासिल की और आक्रामक रैलियों से प्रभावित किया। हालांकि, नगुयेन ने भी हार नहीं मानी और निर्णायक गेम में 17-13 से आगे हुए और फिर इसे अपने नाम कर लिया। वहीं, प्रियांशु रजावात को भी पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा और वह इंडोनेशिया के अल्वी फरहान के खिलाफ हार गए। महिला एक वर्ग में आकर्षी ने जापान की काओरु सुगियामा के खिलाफ रोमांचक मैच में जीत दर्ज की। उन्होंने यह मुकाबला अपने नाम किया। इस कड़े मुकाबले में आकर्षी ने अंत में जाकर जीत हासिल की। उन्नति को भी अगले दौर में पहुंचने के लिए पसीना बहाना पड़ा। उन्होंने थाईलैंड की थामोनवान निथितिकराई को हराया।

# रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया का भव्य आगाज

**मुंबई।** भारत की पहली स्वदेशी स्पोर्ट्स-एंटरटेनमेंट प्रो-रेसलिंग कंपनी रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया (WXM) ने मुंबई के वर्ली स्थित एनएससीआइ डोम में वेव्स-2025 यानी वर्ल्ड ऑडियो वीडियो एंड एंटरटेनमेंट समिट के दौरान शानदार आगाज़ किया। रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया भारत के लिए आपीएल के बाद अगली बड़ी खेल-मनोरंजन क्रांति बनने जा रही है। यह एक अनोखा संगम है खेल, नाटक और कहानियों का। जो पूरी तरह भारतीय दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिसमें वैश्विक आकर्षण भी शामिल है।

रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया के सीईओ ऋषि ने कहा, "रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया सिर्फ एक और रेसलिंग कंपनी नहीं, बल्कि एक पहल है। जिसका मकसद भारतीय रेसलिंग प्रतिभा को वैश्विक मंच पर स्थापित करना है। हम एक ऐसा मंच बना रहे हैं जो पूरी तरह भारत में जन्मा हो, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर का हो। यह भारत का प्रो-रेसलिंग के क्षेत्र में दुनिया को दिया गया जवाब है।" उन्होंने आगे कहा कि "यह एक साल भर चलने वाला खेल-मनोरंजन प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें दमदार कहानियां, जबरदस्त एथलेटिक प्रदर्शन और सांस्कृतिक जुड़ाव होगा। इसे टीवी, ओटीटी और लाइव इवेंट्स के ज़रिए पूरे देश में लाया जाएगा। हमारा इरादा है कि हम भारत के सभी प्रमुख शहरों में नियमित लाइव शो करें।"



रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया के मुख्य संचालन अधिकारी और पूर्व रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया सुपरस्टार जीत ने कहा कि "भारत में हमेशा से पहलवानी की एक गौरवशाली परंपरा रही है। गामा पहलवान से लेकर दारा सिंह तक। मेनिया उसी परंपरा को आज की पीढ़ी के लिए नए रूप में सामने लाने जा रहा है। मैंने डब्लयूडब्लयूई में पूरी दुनिया में प्रदर्शन किया, लेकिन भारत को हमेशा एक ऐसा मंच चाहिए था जो पूरी तरह भारतीय हो और रेसलिंग एक्सट्रीम मेनिया उसी सपने की सच्चाई है। यह मेरा घर है।"



# उर्वशी ने तहलका मचा दिया

**पहले ही लुक से हो गई हिट**

*उर्वशी रौतेला के पहले लुक को कुछ लोग शालिनी पासी की कॉपी भी बता रहे हैं, लेकिन इतने महंगे और खूबसूरत गाउन और गहनों के साथ रेड कार्पेट पर अपना जलवा और स्टाइल दिखाने वाली उर्वशी फिर एक बार सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई हैं।*

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हमेशा से ही अपने खास फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं। इस बार कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 के रेड कार्पेट पर उन्होंने अपने पहले ही लुक से तहलका मचा दिया है। कान्स के पहले दिन उर्वशी एक बेहद शानदार और महंगे गाउन के साथ रेड कार्पेट पर उतरीं। उनके इस गाउन की कीमत जानकर आप हैरान रह जाएंगे। कान्स में उर्वशी के पहने हुए कस्टम-मेड गाउन को मशहूर डिजाइनर माइकल सिनको ने तैयार किया है और उर्वशी के करीबी सूत्रों ने ये दावा किया है कि इसकी कीमत पूरे 4.8 मिलियन डॉलर्स यानी लगभग 40 करोड़ रुपए है। इस गाउन की खासियत सिर्फ इसकी कीमत ही नहीं, बल्कि इसका लाजवाब डिज़ाइन भी है। उर्वशी का ये गाउन मैक्सिकन कला से प्रेरित है। इसे बनाने में हजारों घंटे लगे हैं और इसमें बेहतरीन क्रिस्टल, कीमती डायमंड और अलग तरह के कपड़ों का इस्तेमाल किया गया है। इस गाउन के डिज़ाइन में मैक्सिकन और एज़्टेक कला की झलक नजर आती है। माइकल सिनको तो पहले से ही बड़े डिजाइनरों में गिने जाते हैं और उनके नाम ने इस गाउन की शान और भी बढ़ा दी है। कान्स जैसे बड़े इवेंट के लिए ये गाउन एकदम परफेक्ट चॉइस थी, जिसने उर्वशी को रेड कार्पेट पर सबसे अलग और खास बना दिया।सिर्फ गाउन ही नहीं, उर्वशी ने अपने लुक को और भी शानदार बनाने के लिए करोड़ों रुपये के गहने पहने थे। उनके गहनों की कुल कीमत जानकर भी आप चौंक जाएंगे, क्योंकि जानकारी के मुताबिक 151 मिलियन डॉलर यानी 12 सौ 88 करोड़ 98 लाख 21 हजार 48 रुपये (करीब 1300 करोड़) के गहने (क्राउन और इयररिंग्स) पहने थे। उनके इस ज्वेलरी में मौसाइएफ़ रेड डायमंड, ओपेनहाइमर ब्लू डायमंड, ड्रेस्डेन ग्रीन डायमंड और टिफ़नी येलो डायमंड जैसे कई महंगे डायमंड लगाए गए थे। इन गहनों के अलावा उर्वशी ने जूडिथ लीबर का एक स्कारलेट पैरट शेप का असली डायमंड क्लच (बटुआ) भी कैरी किया था, जिसकी कीमत लगभग 6 लाख बताई जा रही है। यानी अगर उर्वशी के करीबी सोर्स का दावा सही है, तो उर्वशी के इस लुक की कीमत शाहरुख़ खान की मन्नत से भी कई गुना ज्यादा है, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मन्नत की कीमत लगभग 200 करोड़ रुपये है।

# 'जय हनुमान' प्रस्तुत करेंगे भूषण कुमार



जानेमाने फिल्म निर्माता भूषण कुमार ,मैथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित आगामी पौराणिक महाकाव्य 'जय हनुमान' प्रस्तुत करेंगे। फिल्म जय हनुमान का निर्देशन प्रशांत वर्मा ने किया है और इसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हनुमान की भूमिका में हैं, जो इस तरह की महत्वपूर्ण भूमिका में उनकी पहली उपस्थिति है। नवीन येरनेनी और वाई. रविशंकर (मैथ्री मूवी मेकर्स) द्वारा निर्मित, जय हनुमान आस्था और कहानी कहने का उत्सव होगा। भूषण कुमार ने कहा, जय हनुमान के साथ, हम बड़े पैमाने पर, सांस्कृतिक रूप से निहित कहानी कहने में आगे बढ़ रहे हैं। मैथ्री मूवी मेकर्स के साथ सहयोग करते हुए, हम एक ऐसी फिल्म पेश करने के लिए रोमांचित हैं जो भारतीय सिनेमा और कालातीत भक्ति का उत्सव है। उनके साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी और ऋषभ शेट्टी का प्रदर्शन इस यात्रा को और भी खास बनाता है। मैत्री मूवी मेकर्स ने कहा, "हमें जय हनुमान को हर जगह दर्शकों के सामने लाने पर बहुत गर्व है।यह एक ऐसी फिल्म है जो हमारे दिल के बहुत करीब है। हम इस फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी को शामिल करके बहुत खुश हैं और इस दृष्टिकोण के साथ इतने समर्पण के साथ खड़े होने और फिल्म को प्रस्तुत करने के लिए श्री भूषण कुमार के आभारी हैं।

# करण टैकर, अनुपम खेर की तन्वी: द ग्रेट के साथ कान्स में डेब्यू करेंगे






जानेमाने अभिनेता करण टैकर, अनुपम खेर निर्देशित फिल्म तन्वीः द ग्रेट के साथ कान्स में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस साल की शुरुआत में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में धूम मचाने के बाद, अभिनेता करण टैकर अब अपने करियर में एक और साहसिक कदम उठाने के लिए तैयार हैं। करण टैकर, दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर निर्देशित तन्वीः द ग्रेट की स्क्रीनिंग के साथ प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी शुरुआत करेंगे। इस फिल्म में, करण कैप्टन समर रैना के रूप में एक विशेष भूमिका में हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपने शानदार अभिनय के लिए मशहूर करण ने अपनी पीढ़ी के अभिनेताओ में एक खास जगह बनाई है। कान्स में उनकी उपस्थिति एक मील का पत्थर है। तन्वीः द ग्रेट दो दशकों से अधिक समय के बाद अनुपम खेर की निर्देशन में वापसी भी है। अंकुर सुमन और अभिषेक दीक्षित के साथ खेर द्वारा सह-लिखित, यह फिल्म राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) और लोअर मिडिल क्लास कॉर्पोरेशन के सहयोग से अनुपम खेर स्टूडियो द्वारा निर्मित है। करण टैकर ने कहा, "मैं कान्स में डेब्यू करके सम्मानित महसूस कर रहा हूँ, एक ऐसा त्यौहार जिसका मैंने अपने पूरे करियर में सम्मान किया है। तन्वीः द ग्रेट का वहाँ प्रदर्शित होना अवास्तविक लगता है। न केवल इसलिए कि यह एक ऐसी कहानी है जिसने मुझे गहराई से प्रभावित किया, बल्कि इसलिए भी कि इसने भावनात्मक और कलात्मक रूप से मुझसे सब कुछ मांगा।मैं कांस में होने के लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी महसूस करता हूँ, न केवल एक अभिनेता के रूप में, बल्कि एक सिनेमा प्रेमी के रूप में, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को कहानी कहने के मूल रूप का जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हुए देख रहा हूं।"

# रणदीप हुड्डा खूबसूरत वादियों में बिता रहे समय



बॉलीवुड स्टार रणदीप हुड्डा अपनी पत्नी, अभिनेत्री और उद्यमी लिन लैशराम के साथ डलहौज़ी की खूबसूरत वादियों में समय बिता रहे हैं। रणदीप हुड्डा ने हाल ही में रिलीज़ हुई फिल्म जाट के प्रमोशन और शूटिंग में व्यस्त रहने के बाद अब थोड़ा आराम करने का फैसला किया है। वह अपनी पत्नी लिन लैशराम के साथ डलहौज़ी की खूबसूरत वादियों में समय बिता रहे हैं।पिछले कुछ महीने रणदीप के लिए काफी व्यस्त रहे। वह न सिर्फ जाट की शूटिंग में लगे रहे, बल्कि देशभर में फिल्म का प्रमोशन भी किया। वहीं लिन भी अपने स्टार्टअप में व्यस्त थीं ।उन्होंने मुंबई में मणिपुरी खाने का एक खास क्लाउड किचन शुरू किया है। इतने व्यस्त शेड्यूल के बाद, दोनों ने शांति के कुछ पल बिताने के लिए डलहौज़ी स्थित अपने सपनों के घर का रुख किया। रणदीप को प्रकृति से बहुत लगाव है और वे पहले भी इस बारे में बात कर चुके हैं। लिन लैशराम ने इस खास पल को और भी खूबसूरत बनाते हुए इंस्टाग्राम पर एक प्यारा सा मैसेज और फोटो शेयर किया। उन्होंने लिखा,प्यार से थामा गया हर जख्म थोड़ा और जल्दी भरता है। तुम्हारा साथ मेरे लिए शांति, ताकत और हौसला है। हमारा छोटा सा डलहौज़ी वाला घर अब बूढ़े होने के लिए लिफ्ट के साथ तैयार है, क्योंकि तुम्हारे साथ बूढ़ा होना बिल्कुल परफेक्ट लगता है, मेरी जान।" एक करीबी सूत्र ने बताया, "रणदीप और लिन दोनों कई महीनों से लगातार काम कर रहे थे।

# अनुष्का सेन पर भड़के नील नितिन मुकेश!



नील नितिन मुकेश जल्द ही वेब सीरीज है जुनून में जैकलीन फर्नांडिस के साथ नजर आने वाले हैं। मंगलवार को इस सीरीज का प्रीमियर रखा गया था, जिसे म्यूजिकल नाइट नाम दिया गया है। इस प्रीमियर में फिल्म की कास्टिंग के साथ-साथ एक्ट्रेस अनुष्का सेन भी पहुंची थीं। हालांकि ये इवेंट उस वीडियो के चलते चर्चा में आ गया, जिसमें नीत नितिन मुकेश, अनुष्का सेन को डांट लगाते नजर आ रहे हैं।

सामने आए वीडियो में अनुष्का सेन नील नितिन मुकेश के पास से गुजरते हुए दूसरे सेक्शन में जाती नजर आती हैं। इतने में नील उनसे कुछ कहते हैं और वो पलट जाती हैं। जैसे ही वो पलटती हैं, नील उंगली दिखाते हुए उन्हें गुस्से में कुछ कहते हुए नजर आते हैं। इसके जवाब में डरी-सहमी नजर आ रही अनुष्का ना कहते हुए दिखती हैं, हालांकि इसके बावजूद नील के हाव-भाव देखकर यही लगता है कि वो लगातार उन्हें गुस्से में कुछ कह रहे हैं। अनुष्का इस इवेंट में रेड बॉडीकॉन और हाई बन में पहुंची थीं। इस इवेंट की कई तस्वीरें और वीडियोज अनुष्का ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट की हैं। तस्वीरों में वो नील के साथ पोज करती भी नजर आई हैं। उनके साथ जैकलीन फर्नांडिस, बोमन ईरानी, सिद्धार्थ निगम भी मौजूद रहे।



# आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर का ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान की आने वाली फिल्म सितारे जमीन पर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सितारे ज़मीन पर, 2007 में प्रदर्शित फिल्म तारे ज़मीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल है।आमिर खान काफी समय बाद बड़े पर्दे पर इस फिल्म के जरिए लौट रहे हैं। 'सितारे जमीन पर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में आमिर खान एक बास्केटबॉल टीम के कोच के रोल में नजर आ रहे हैं, जो 10 स्पेशल लोगों की टीम को ट्रेंड कर रहे हैं। आमिर को शुरुआत में एक गलती की सजा के तौर पर दिव्यांग बच्चों को बास्केटबॉल सिखाने का काम सौंपा जाता है। पहले वह चिड़कर और गुस्से में इसे करते हैं। लेकिन, बाद में वह पूरी शिद्दत से इस जिम्मेदारी को निभाते हैं। ट्रेलर में आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा के अलावा बाकी स्टार कास्ट की झलक भी देखने को मिल रही है। मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा एक टिंगू बास्केटबॉल कोच, 10 तूफानी सितारे और उनकी जर्नी। यह फिल्म 20 जून को थियेटर में रिलीज होगी।

सितारे ज़मीन पर के ज़रिए आमिर खान प्रोडक्शंस 10 नए चेहरों को लॉन्च कर रहा है। इनमें आरूष दत्ता, गोपी कृष्ण वर्मा, सम्वित देसाई, वेदांत शर्मा, आयुष भंसाली, आशीष पेंडसे, ऋषि शहानी, ऋषभ जैन, नमन मिश्रा और सिमरन मंगेशकर शामिल हैं। इस फिल्म का निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना ने किया है। आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी सितारे ज़मीन पर में आमिर खान और जेनेलिया डिसूज़ा अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म के गाने अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और संगीत शंकर-एहसान लॉय ने दिया है। इसकी स्क्रिप्ट दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है। फिल्म को आमिर खान और अपर्णा पुरोहित ने प्रोड्यूस किया है, जबकि रवि भगचंदका भी निर्माता के तौर पर जुड़े हैं। यह फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

**फिल्म में स्नेहा की कास्टिंग को लेकर अर्पिता ने दिया था सुझाव**

# सलमान ने नहीं की थी ऐश्वर्या की हमशक्ल की सिफारिश



एक्टर सलमान खान की फिल्म 'लकीः नो टाइम फॉर लव' के डायरेक्टर राधिका राव और विनय सप्रू ने स्नेहा उल्लाल को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि स्नेहा को इसलिए नहीं लिया गया था क्योंकि वह ऐश्वर्या जैसी दिखती थीं। ये सिर्फ एक इत्तेफाक था।

हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या स्नेहा को जानबूझकर ऐश्वर्या जैसी दिखने की वजह से लिया गया था। इस पर उन्होंने साफ कहा कि ऐसा कोई प्लान नहीं था। राधिका-विनय ने बताया कि स्नेहा को जानबूझकर नहीं चुना गया था। दरअसल, सलमान की बहन अर्पिता खान ने एक दिन कहा कि उनके कॉलेज में एक बहुत खूबसूरत लड़की पढ़ती है। उन्होंने सलाह दी कि उसे ऑडिशन के लिए बुलाया जाए। फिल्म में एक स्कूल गर्ल का किरदार था, जिसके माता-पिता एम्बेसी में काम करते हैं। उसे यूरोप में पली-बढ़ी लड़की जैसा लुक चाहिए था। स्नेहा इस रोल के लिए फिट बैठी। क्या स्नेहा को ऐश्वर्या जैसी दिखने के लिए चुना गया? डायरेक्टर्स ने साफ कहा- 'ऐसा कोई प्लान नहीं था। शूटिंग के दौरान कभी-कभी स्नेहा की शक्ल ऐश्वर्या जैसी लगती थी, लेकिन ये हमें कभी बड़ा मुद्दा नहीं लगा।



# शनाया कपूर ने फिल्म जेसी की शूटिंग पूरी की

बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की पुत्री शनाया कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म जेसी की शूटिंग पूरी कर ली है। शनाया कपूर ने आधिकारिक तौर पर निर्देशक सुजात सौदागर की आगामी फिल्म जेसी की शूटिंग पूरी कर ली है। इस अवसर पर टीम ने एक जश्न मनाने वाला केक काटा, जिस पर लिखा था 'डायना के लिए शूटिंग पूरी की', जो इस फिल्म में शनाया के किरदार के नाम के बारे में संकेत देता है। सुजात ने इस मधुर क्षण को साझा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया, जिससे प्रशंसकों को इस परियोजना को परिभाषित करने वाली सौहार्द और रचनात्मकता की एक झलक मिली। सुजात ने केक डिस्प्ले पर शनाया के लिए एक हार्दिक नोट भी लिखा, जिसमें लिखा था, तुम्हारी याद आएगी डी, चमकती रहो।फिल्म जेसी में शनाया कपूर मुंज्या फेम अभिनेता अभय वर्मा के साथ नजर आयेगी । वर्ष 2025 शनाया कपूर के लिए एक बड़ा साल साबित होने वाला है। जेसी के अलावा वह अगली बार आँखों की गुस्ताखियाँ (11 जुलाई) में दिखाई देंगी, उसके बाद फरवरी 2026 में शनाया फिल्म तू या मैं में दिखाई देंगी। वह लोकप्रिय स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर सीरीज़ में भी शामिल होने के लिए तैयार हैं।




# दीपिका ने बताई सिनेमा में एक्ट्रेसेज की रियल वैल्यू



बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेज के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें दीपिका पादुकोण का नाम सबसे पहले स्थान पर रहता है। बीते साल कल्कि 2898 एडी से फैंस का दिल जीतने वालीं दीपिका बेटी दुआ के जन्म के बाद से एक्टिंग से ब्रेक पर मौजूद हैं। हालांकि, जल्द ही वह एक बड़ी फिल्म के जरिए कमबैक करने के लिए तैयार हैं। इस बीच उन्होंने सिनेमा में अभिनेत्रियों की अहमियत को लेकर खुलकर बात की है और बताया है कि उनकी वैल्यू क्या है। अभिनेत्रियों को लेकर बोलीं दीपिका पादुकोण अब फिल्मों में अभिनेत्रियों को केवल सजावट के सामान के रूप में नहीं देखा जाता, यह कहना है अभिनेत्री दीपिका पादुकोण का पिछले साल बेटी के जन्म के बाद काम पर लौट चुकीं दीपिका ने एक फोटोशूट के दौरान कहा- 'जब मैंने काम करना शुरू किया था और आज मैं जिस तरह के पात्र देख रही हूं, उसमें बदलाव है। इस बात ने और प्रेरित किया है, जिससे मैं अलग-अलग पात्रों को सामने ला पा रही हूं। पहले कई रोल में महिलाएं केवल एक सजावट का सामान रहा करती थीं, उन्हें थोड़ी सी कामेडी करने का मौका दे दिया जाता था। आज महिला किरदारों के पास अपना एक नजरिया है, उनकी अपनी आवाज है, जो बदलाव लाना चाहती है। मैंने यह बदलाव अपने करियर में देख लिया है।



# 'कल हो ना हो' में सच में रोई थीं प्रीति

ए फिल्म 'कल हो ना हो' प्रीति जिंटा के करियर की अहम फिल्मों में शामिल है। इसकी गिनती ऑल टाइम फेवरेट रॉम-कॉम फिल्मों में भी की जाती है। हाल ही में प्रीति जिंटा ने अपने एक्स अकाउंट पर 'कल हो ना हो' की शूटिंग के अनुभव को याद करते हुए बताया कि कैसे अधिकांश एक्टर्स शूटिंग के दौरान रो रहे थे। दरअसल, प्रीति ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने फैंस के लिए सवाल-जवाब का सेशन रखा था। इस दौरान एक फैन ने फिल्म में नैना कैथरीन कपूर के रूप में प्रीति के अभिनय की सराहना की। पीबीकेएस फैनाटिक नाम के एक यूजर ने फिल्म में निभाए प्रीति के रोल के लिए लिखा- 'मैडम, जब भी मैं कल हो ना हो देखता हूं, मैं बच्चों की तरह रोता हूं। आपने नैना कैथरीन कपूर का किरदार बखूबी निभाया है। साथ ही एक सबक भी सीखा है कि प्यार का मतलब कभी-कभी जाने देना होता है।' यूजर ने आगे उनसे सवाल पूछा कि जब आप 20 साल की शूटिंग के बाद कल हो ना हो देखती हैं तो क्या आप भी हमारी तरह रोती हैं? प्रीति ने इसका जवाब देते हुए बताया कि कैसे शूटिंग के दौरान पूरी टीम ऑफ स्क्रीन इमोशनल हो जाती थी। एक्ट्रेस ने ये भी खुलासा किया कि उस दौरान उन्होंने अपने पहले प्यार को खो दिया था और यह वास्तव में दिल तोड़ने वाला था।